हिन्दी दैनिक

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, गुरुवार

30.01.2025

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 11, अंक : 354

mukhyadhara.daily@gmail.com

+91 8873 319 159

RNI : JHAHIN/2014/54374

www.rashtriyamukhyadhara.com



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# प्रयागराज महाकुंभ में दर्दनाक हादसा

# भगदड़ मचने से 40 की मौत, कई घायल

एजेंसी। प्रयागराज

महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर भगदड़ मचने से अनेक लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना के फौरन बाद ही बचाव कार्य शुरु कर दिया गया और करीब 40 एंबुलेंस से घायलों व अन्य मरीजों को अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 30 लोगों मौत हुई है, फिलहाल मरने वालों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकी है। जानकारी अनुसार मौनी अमावस्या स्नान के दौरान प्रयागराज के संगम नोज घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं में अचानक भगदड़ मच गई, जिससे एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में करीब 30 लोगों की मौत हो गई, मृतकों की संख्या की प्रशासन ने अधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं की है। इस घटना में घायल हु ए लोगों समेत करीब 200 श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनका उपचार किया जा रहा है। घटना के फौरन बाद 40 से ज्यादा एंबुलेंस घायलों और मृतकों को केंद्रीय अस्पताल ले जाने के लिए लगाई गईं हैं। घटना के बाद संगम घाट से लेकर अस्पताल तक में चीख-पुकार और कोहराम मच गया। बढ़ती भीड़ को देखते हुए जो बैरिकेडिंग की गई थी, उससे भी अव्यवस्था उत्पन्न हो गई और अफरा-तफरी में यहां वहां जाने लगे, तभी यह हादसा पेश आया। घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया और स्नान को जारी रखने व्यवस्था बनाई गई है। शुरुआती जानकारी में पता चला है कि देर रात हुई भगदड़ में कुछ महिलाएं बेहोश हो गईं और उनके गिरने के बाद फैली अफवाह से भगदड़ मच गई और इसी दौरान अनेक लोग पैरों तल कुचल गए। इसमें जहां अनेक लोग घायल हुए वहीं अनेक लोगों के मरने की खबर है।

## प्रयागराज के सभी एंट्री पॉइंट बंद, मेला क्षेत्र नो-व्हीकल जोन घोषित





## जो नीचे गिर पड़ा वह उठ नहीं सका

महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के लिए मंगलवार सुबह से ही अपार जन समूह उमड़ा हुआ था। दोपहर में बेकाबू भीड़ ने कई स्थानों की बैरिकेडिंग भी तोड़ी। रात में स्नान शुरू होने के बाद संगम में भीड़ अधिक बढ़ गई। संगम तट और उसके आसपास लाखों श्रद्धालु जमा हो गए। अखाड़ों के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग भी कुछ स्नानार्थियों ने तोड़ने का प्रयास किया। जिसको जहां से जगह मिलती उधर ही चला जाता। आधी रात के बाद स्नानार्थियों की भीड़ संगम तट के करीब ठहर गई, जिससे स्थिति बिगड़ने लगी। रात करीब दो बजे स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो भगदड़ मच गई। इधर-उधर भागती भीड़ में जो नीचे गिर पड़ा वह उठ नहीं सका। जिसने भागने का प्रयास किया वह भी दब गया। मेला कंट्रोल रूम और पुलिस कंट्रोल रूम को यह सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर पैरामिलिट्री फोर्स, एबुंलेंस को अलग-अलग स्थान से संगम की ओर रवाना किया गया। इसके बाद एंबुलेंस में तमाम श्रद्धालुओं को भरकर लाया गया। केंद्रीय अस्पताल में कई लोगों को जमीन पर लिटाया गया था, जिनके बारे में एक अस्पताल कर्मी ने कहा कि उनकी मौत हो गई है।

## संगम पर न आने की अपील

भगदड़ हादसे के बाद सभी तीर्थयात्रियों से विनम्र आग्रह किया जा रहा है कि संगम की ओर आने की कोशिश ना करें। अन्य घाटों पर स्नान करें और अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। महाकुंभ क्षेत्र में लगे सैकड़ों माइक पर यही आवाज गूंज रही है, जो भगदड़ की दिल दहलाने वाली तस्वीर की गवाही भी है। अभी हालात काबू में बताये जाते हैं। महाकुम्भ नगर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम बरतने की अपील की है।

**कृपया बच्चों को कंधे पर बैठाएं:** यह भी बार-बार माइक से अनाउंस किया जा रहा है कि श्रद्धालु अपने बच्चों को कंधे पर बैठा कर चलें, किसी को धक्का न मारें। धीरे-धीरे बढ़ें।

## दुःखद हादसे के बाद रूका अमृत स्नान

**महाकुम्भ नगर**। महाकुम्भ में मंगलवार की रात संगम तट पर भगदड़ से हुए दुःखद हादसे के बाद मेला प्रशासन ने दूसरे अमृत स्नान को रोक दिया है। अखाड़े अमृत स्नान के लिये तैयार हैं। हादसे के बाद जारी राहत कार्य और भीड़ के मद्देनजर मेला प्रशासन ने अखाड़ों के स्नान को रोक रखा है। गौरतलब है कि, संगम में रात 2 बजे के करीब मची भगदड़ में 25 से ज्यादा लोगों के मरने की खबर है। कई घायल हैं। फिलहाल, मेला प्रशासन ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। गौरतलब है कि, मौनी अमावस्या स्नान के लिये मंगलवार की सुबह से मेला क्षेत्र में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। शाम 8 बजे तक 4.83 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाई थी। संगम पर हुए दुखद हादसे के बाद अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के नए अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि, अखाड़े अमृत स्नान के लिये तैयार हैं। मेला प्रशासन ने राहत कार्यों के चलते अमृत स्नान को रोका है। मेला प्रशासन से बातचीत करके अखाड़े अमृत स्नान के लिये संगम की ओर बढ़ेंगे। जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरि जी महाराज ने बताया कि, मेला प्रशासन ने दो घंटे के लिये अमृत स्नान रोका है। अखाड़े अमृत स्नान के लिये तैयार हैं। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि, संगम में मंगलवार की रात को मची भगदड़ के बाद अखाड़ों को अमृत स्नान के लिये रोका गया है।

## कुप्रबंधन और वीआईपी मूवमेंट जिम्मेदार

**नई दिल्ली**। प्रयागराज महाकुंभ में देर रात मची भगदड़ पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दुख जताते हुए प्रतिक्रिया दी है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने भीड़ प्रबंधन और वीआईपी मूवमेंट को लेकर सवाल भी उठाए हैं। उनका मानना है कि आम लोगों की बजाय वीआईपी मूवमेंट पर ज्यादा ध्यान देना इस घटना के लिए जिम्मेदार है। महाकुंभ में भगदड़ को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की वजह से कई लोगों की मौत और कइयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इसके साथ ही राहुल गांधी ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन को लेकर सवाल उठाए और कहा, इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदार है।



## महाकुंभ भगदड़ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर गहरी संवेदना जाहिर की है। साथ ही राष्ट्रपति मुर्मू ने हादसे में जान गंवाने वाले परिवार वालों के प्रति संवेदना जताकर घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की। राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यालय ने पोस्ट पर लिखा,प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों। वहीं केंद्रीय मंत्री रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, महाकुंभ में हुई दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इस हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।



## पीएम मोदी ने महाकुंभ हादसे को बताया दुःखद और कहा- घायलों के स्वस्थ होने की कामना करता हूं

**नई दिल्ली**। प्रयागराज महाकुंभ में देरा रात मची भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुःख जाहिर किया है। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा बेहद दुःखद है। इस हादसे में जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर हुई बातचीत के सम्बंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, कि स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद करने में जुटा है। इस सम्बंध में मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत की और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।



## संक्षिप्त समाचार

### भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष

**नई दिल्ली**। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग 4 से 8 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। महासभा के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा तथा भविष्य के लिए समझौते सहित कई वैश्विक मुद्दों पर भारत के साथ बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। महासभा अध्यक्ष के कार्यालय के अनुसार राष्ट्रपति यांग नई दिल्ली और बेंगलुरु का दौरा करेंगे और द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसमें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ बैठक शामिल है। अध्यक्ष यांग गौतम बुद्ध नगर में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा, बेंगलुरु में इंफोसिस परिसर और भारतीय विज्ञान संस्थान के साथ-साथ नई दिल्ली और बेंगलुरु में अन्य स्थलों का भी दौरा करेंगे। यांग भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र की कंट्री टीम से मिलेंगे, ताकि जमीनी स्तर पर संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के काम और भारत सरकार के साथ इसके सहयोग के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सके।



### इसरो की सेंचुरी पूरी: 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया



**श्रीहरिकोटा**। अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज एक और इतिहास रच दिया। अपने 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह एक नेविगेशन उपग्रह है। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन था। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। इसरो ने अपने बयान में कहा, जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है अंतरिक्ष नेविगेशन में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ। इससे पहले इसरो ने एक बयान में कहा कि एनवीएस-02 में सटीक समय अनुमान के लिए स्वदेशी और खरीदी गई परमाणु घड़ियों के संयोजन का उपयोग किया गया है।सूत्रों ने बताया कि स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से 29 जनवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित किया गया।यह नेविगेशन उपग्रह 'नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (नाविक) श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है, जिसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे के क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति, गति और समय की जानकारी प्रदान करना है।

### प्रयागराज कुम्भ में दुःखद हादसा, कुम्भ के वो दो हादसे जो बढ़ा देते हैं पीड़ा

**महाकुम्भ नगर**। प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में मंगलवार की रात को अमंगल हो गया। रात दो बजे के लगभग संगम में स्नान के दौरान मची भगदड़ में 25 से अधिक श्रद्धालुओं के मरने की खबर है। कई श्रद्धालु घायल हैं। घायलों का इलाज महाकुम्भ नगर के केंद्रीय अस्पताल में चल रहा है। गौरतलब है, मेला प्रशासन ने अभी मरने वालों की संख्या की पुष्टि नहीं की है।

**मौनी अमावस्या स्नान के लिये उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला** : 144 वर्षों बाद आयोजित हो रहे इस महाकुम्भ का साक्षी बनने के लिए लाखों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे हैं। मौनी अमावस्या के दिन दूसरे अमृत स्नान के लिये मंगलवार को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। मेला प्रशासन के पुख्ता प्रबन्ध के बावजूद मंगलवार की रात करीब दो बजे भगदड़ मचने से दुःखद घटना घट गई। प्रयागराज कुम्भ की ऐसी घटनाएं है, जो शायद कभी दिलोदिमाग से मिटती नहीं है।

**वो दो हादसे जो भुलाएं नहीं भूलते** : प्रयागराज के बारे में ऐसा कहा जाता है कि यहां पर हर साल आयोजित होने वाले माघ मेले और छह व बारह साल पर लगने वाले कुम्भ मेला में लाखों-करोड़ों की भीड़ एक स्थान पर जुटने के बावजूद कोई दुःखद घटना नहीं घटती, इसके पीछे भगवान और गंगा मैया की कृपा है। मगर यह भी सच है कि प्रयागराज के दो कुम्भ की तमाम सुखद यादों के बीच भगदड़ की दो घटनाएं ऐसी रहीं जिन्होंने बहुत से परिवारों को जीवन भर का गम दे दिया था। घटना 1954 और 2013 में हुए कुंभ मेलों की है, जो बहुत ही दर्दनाक थी। इन दोनों घटनाओं में सैकड़ों लोगों ने जान गंवाई थी। इस हादसे ने शासन-प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी थी।

### सऊदी अरब में नौ भारतीयों की सड़क हादसे में मौत, विदश मंत्री ने जताया दुख

**नई दिल्ली**। सऊदी अरब में सड़क हादसे में नौ भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। हादसा सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र के जिज़ान के निकट हुआ। हादसे पर दुख जताते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि जेद्दा में भारत का वाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों एवं परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस मामले के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन स्थापित की गई है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि उनकी भारतीय महावाणिज्य दूतावास में बातचीत हुई है। दूतावास पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता मुहैया करा रहा है।



## यमुना को लेकर ओछी राजनीति कर रही आम आदमी पार्टी: नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में चुनाव अभियान को गति देते हुए आज घोंडा विधानसभा क्षेत्र के करतार नगर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों ने मन बना लिया है कि 'आप-दा' (आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए भाजपा की ओर से प्रयोग संबोधन) से काम नहीं चलेगा। अब लूट और झूठ से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता अब राज्य में 'डबल इंजन' भाजपा की सरकार चाहती है। भाजपा गरीबों के लिए घर बनाएगी, दिल्ली को आधुनिक बनाएगी, हर घर तक नल से जल पहुंचाएगी, टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाएगी। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी को यमुना में नदी के मुद्दे पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलती माफ करना भारतीयों का उदार चरित्र है लेकिन जानबूझकर,



बद इरादे से पाप करने वालों को दिल्ली एवं देश माफ नहीं करता। आप-दा वाले कह रहे हैं कि हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। यह हरियाणा ही नहीं बल्कि भारतीयों का अपमान है। उन्हें पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बातें करने वालों को दिल्ली इस बार सबक सिखाएगी। इन आप-दा वालों की लुटिया यमुनाजी में ही डूबेगी। उन्होंने आआपा और कांग्रेस पर पिछले 25 साल में दो जेनरेशन बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले 14 साल कांग्रेस का शासन रहा फिर 11 साल आआपा का शासन रहा लेकिन दिल्ली की समस्याएं जैसी थी वैसी ही बनी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि कुछ पुण्य आत्माओं ने इसमें अपनी जान गवाई है, कुछ घायल हुए हैं। वह पीड़ित परिवारों के प्रति दुख जताते हैं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। वे लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में है। 'मोनी अमावस्या' के समय प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए थे। इसके चलते स्नान को भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया लेकिन अब श्रद्धालु आराम से डुबकी लगा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने दिल्ली प्रदेश इकाई को दिल्ली की जनता को समर्पित संकल्प पत्र लाने के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं, स्कूली छात्रों, मध्यम वर्ग, ऑटो चालकों, दुकानदारों और स्लम में रह रहे लोगों के लिए कई योजनाएं हैं।

## 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' को मंजूरी





एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्र सरकार ने हरित प्रौद्योगिकियों से जुड़े महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने के लिए 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' को मंजूरी दी है। इसपर सात वर्षों में 34,300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के व्यय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि द्वारा 18 हजार करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ महत्वपूर्ण खनिज मिशन के शुभारंभ को मंजूरी दे दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस मिशन का उद्देश्य भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कंपनियों को विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने और संसाधन संपन्न देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसमें देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार के विकास का भी प्रस्ताव है। इस मिशन में खनिज प्रसंस्करण पार्कों की स्थापना और महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण का समर्थन करने के प्रावधान शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण खनिज प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान को भी बढ़ावा देगा और महत्वपूर्ण खनिजों पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में और उच्च तकनीक वाले उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा में महत्वपूर्ण खनिजों की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए पिछले दो साल में भारत सरकार ने कई पहल की हैं। महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप वित्त मंत्री ने बजट में मिशन की स्थापना की घोषणा की थी।

### इथेनॉल की कीमत बढ़ी, अब 57.97 रुपये प्रति लीटर मिलेगा

**नई दिल्ली**। केन्द्र सरकार ने इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए अपनी योजना के तहत 'सी हैवी मोलासेस' से प्राप्त इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की है। प्रधानमंत्री नरेनअद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को आज मंजूरी दी है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 (1 नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025) के लिए सी हैवी मोलासेस (सीएचएम) से प्राप्त ईबीपी कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 56.58 रुपये प्रति लीटर से 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की गई है।

## महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर दुनिया के 10 देशों की आबादी के बराबर जुटी भीड़!

एजेंसी। प्रयागराज

मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के महाकुंभ में स्नान करने का अनुमान है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर कौन-कौन से ऐसे देश हैं, जिनकी आबादी 10 करोड़ है, तो बता दें, दुनिया के सिर्फ दो देश डीआर कांगो और वियतनाम ही ऐसे हैं, जिनकी जनसंख्या 10 करोड़ है। दुनिया की जनसंख्या का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट के मुताबिक डीआर कांगो की आबादी जहां 10 करोड़ 92 लाख है, वहीं वियतनाम की जनसंख्या 10 करोड़ 9 लाख है। दुनिया में ईरान, तुर्की, जर्मनी, थाईलैंड, यूनाइटेड किंगडम, तंजानिया और फ्रांस जैसे देश ऐसे हैं, जिनकी आबादी 10



करोड़ से कम है। ईरान की आबादी जहां 9 करोड़ 15 लाख के आसपास है, वहीं तुर्की की जनसंख्या 8 करोड़ 74 लाख है। इसी तरह जर्मनी की आबादी 8 करोड़ 45 लाख है। थाईलैंड की बात करें तो यहां की जनसंख्या 7 करोड़ 16 लाख है। यूनाइटेड किंगडम की आबादी 6 करोड़ 91 लाख है। तंजानिया और फ्रांस की जनसंख्या भी क्रमशः 6 करोड़ 85 लाख और 6 करोड़ 65 लाख है। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर जो 10 करोड़ की डुबकी लगने जा रही है, वह उन 10 देशों के बराबर है जिनकी आबादी महज 1 करोड़ है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है क्यूबा का। इस देश की आबादी 1 करोड़ 9 लाख के आसपास है। इसी तरह होंडुरस की जनसंख्या भी 1 करोड़ 8 लाख है। चेक रिपब्लिक, स्वीडन, तजाकिस्तान, पापुआ न्यू गिनी, पुर्तगाल, अजरबैजान, ग्रीस और हंगरी आदि ऐसे देश हैं जिनकी आबादी या तो 1 करोड़ है या इसके आसपास है, इसलिए इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि महाकुंभ में आज जुटने वाली 10 करोड़ की भीड़ दुनिया के इन 10 देशों की आबादी के बराबर है।

### दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी, महिलाओं को 2500 रुपये, रसोई गैस 500 रुपये में देने का वादा

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, गरीब परिवार की एक महिला को प्रत्येक माह 2500 रुपये, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में और सभी को सस्ते एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए 100 इंदिरा कैंटीन खोलने का वादा किया गया है। घोषणा पत्र में पार्टी ने पांच गारंटी दी हैं। इसमें प्यारी दीदी योजना के तहत प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक मदद, जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ़्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज, युवा उड़ान योजना के तहत बेरोजगार युवक को एक साल तक प्रतिमाह 8,500 रुपये का स्टाइपेंड, महंगाई मुक्ति योजना के तहत 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ़्त राशन किट और घरों में 300 यूनिट मुफ़्त बिजली देने का भी वादा किया है। घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि दिल्ली में ठेका नौकरियां खत्म कर सभी नौकरियों को नियमित किया जाएगा। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में श्रम नियोजन मंत्री की न्यायालय में हुई पेशी




**एजेंसी । दुमका।** व्यवहार न्यायालय के एमपी -एमएलए सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय मे झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव पेश हुए। कोर्ट मे पेश होने के बाद मंत्री संजय यादव बुधवार को रांची मे होने वाले कैबिनेट की बैठक मे शामिल होने के लिए रवाना हो गये। गोड्डा जिला के पथरगामा थाना मे 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव अचार संहिता उल्लंघन मामले मे मंत्री संजय यादव पर मामला दर्ज हुआ था। मामले में गवाहों की गवाही शुरू है। वहीं दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक होने के कारण कोर्ट के आदेश पर श्रम मंत्री बैठक में शामिल होने के लिए रांची के लिए प्रस्थान कर गए।

### सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर



**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढ़ेर हो गए है। घटना स्थल से दो इंसास राइफल बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र के बिलाटी टोला के पास स्थित जंगल में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के जवानों की टीम संयुक्त रूप से जंगल में सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी। इसी दौरान उनका नक्सलियों के साथ आमना-सामना हो गया। पुलिस को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग शुरू की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से जंगल का फायदा उठाकर भागने लगे। सर्च अभियान के दौरान अभी तक दो नक्सलियों का शव बरामद किया गया है, जिसमें एक महिला और एक पुरुष शामिल है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में दो नक्सली को मार गिराया गया है। इसमें से एक की पहचान जोनल कमांडर संजय गंझू के रूप में हुई है। वहीं, दूसरा मारी गई महिला नक्सली एक करोड़ के इनामी अनल दा की महिला मित्र बताई जा रही है। इलाके में सर्च अभियान अभी भी जारी है। मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों के उत्साह को बढ़ाने के लिए झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमल वी होमकर चाईबासा के लिए रवाना हो गए हैं।

### भारी मात्रा में 43 लाख का नकली शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**एजेंसी । हजारीबाग।** जिला के कटकमदाग थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात भारी मात्रा में शराब बरामद की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन मामले की जानकारी दी। पंकज कुमार ने बताया कि हुरूदाग गांव में एक व्यक्ति के जरिये नकली शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस के जरिये टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इसी दौरान एक व्यक्ति को भी पुलिस पकड़ने में सफलता पाई। और दो फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम क्रिस्टोपाल हंस (22) बताया गया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाईल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब करीब 43 लाख रुपये का बरामद हुआ है। इसके अलावा कांच का खाली बोतल जिसमे नकली शराब भरकर बेचने का काम करते थे वह भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

### फोरलेन टोल प्लाजा के पास फायरिंग करने वाले शूटर गिरफ्तार

**एजेंसी । पलामू।** पुलिस ने एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण के क्रम में सदर थाना क्षेत्र के चुकरू स्थित टोल प्लाजा पर फायरिंग करने वाले दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। फायरिंग में इस्तेमाल पिस्टल और गोली बरामद की गयी है। इस घटना को अंजाम दिलाने वाले राहुल सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज की गयी है। बताते चलें कि 7 जनवरी को गोली चली थी। एक मजदूर के पैर में गोली लगी थी। इस संबंध में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। इसी क्रम में मुख्य शूटर शुभम दुबे को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर दूसरा शूटर आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका के रहने वाले हैं। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने बुधवार को बताया कि रंगदारी के लिए लातेहार के अपराधी राहुल सिंह के नाम पर गोली चलायी गयी थी। इस घटना के बाद अमन साव गिरोह से जुड़े मयंक सिंह ने क्रेडिट लेते हुए जिम्मेवारी ली थी। साथ ही कंपनी के कर्मियों को रंगदारी के लिए धमकाया था। दरअसल एनएच फोरलेन निर्माण करा रही भारत वाणिज्य इस्ट प्राइवेट लिमिटेड से राहुल सिंह, अमन साव और रांची के कृष्णा यादव ने रंगदारी मांगी थी।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक: राज्यपाल







**एजेंसी । रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासिका ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं। राज्यपाल बुधवार को राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए उन्होंने अनुकरणीय कार्य किए। उनकी शासन-व्यवस्था पूर्णतः प्रजा के हितों पर केंद्रित थी, जिससे समाज को नई दिशा प्रदान की। राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तिकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने इस समारोह के आयोजन के लिए राष्ट्र सेविका समिति एवं रांची विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह प्रयास लोकमाता अहिल्याबाई की प्रेरणादायी गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों के दस्तावेजों की हो बारीकी से जांच : डीसी

**एजेंसी । रामगढ़**



मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उचित लाभुकों को ही मिलना चाहिए। जितने भी लोगों ने आवेदन दिया है उनके दस्तावेज की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। यह निर्देश बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान दिया। जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2024 -25 में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी। अब तक दिए गए लाभुकों के लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का दस्तावेज को अच्छे से जांच के बाद ही योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभुकों का राशि स्वीकृत हो चुकी है, उन्हें अभिलंब लाभ दें। जो लाभुक स्वीकृति के बाद भी लाभ नहीं ले रहे हैं उन सभी को नोटिस करें। लाभुक स्वीकृत राशि योजना का लाभ नहीं लेते हैं तो संबंधित राशि को अन्य लाभुकों में स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने अब तक जितने भी लाभुक लाभ ले चुके हैं, उन सभी की जानकारी ली। उन्होंने दिए गए रोजगार के लिए लाभ का सही उपयोग करने को कहा। इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश डीसी ने दिया है। बैठक में डीडीसी रोबिन टोप्पो, डीटीओ मनीषा वत्स, एलडीएम दिलीप महली सहित अन्य उपस्थित थे।

## गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी । पलामू**



मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उतरप्रदेश के वाराणसी में गांजा तस्करी की योजना को विफल करते हुए करीब नौ किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सभी डालटनगंज रेलवे स्टेशन से वाराणसी जाने की तैयारी में थे। उनके पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं। तस्करों की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला के हबीस अंसारी (19 ), पकरिया के दिलीप कुमार (20 ) और पिंटू कुमार (21) के रूप में हुई है। शहर थाना में मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति रेलवे स्टेशन के सामने नवनिर्मित भवन के पास अवैध गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना के बाद सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, गुलशन बिरवा, संदीप कुमार भारती, अभिमन्यू कुमार के अलावा जवानों के जरिये कार्रवाई की गयी। तीन संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा। उनकी तलाशी ली तो हबीस अंसारी के पास से 6 पैकेट और दिलीप कुमार के पास से तीन पैकेट गांजा बरामद हुआ। इसका वजन 8.959 किलो पाया गया। इसका बाजार कीमत 4.5 लाख है। एसडीपीओ ने कहा कि गांजा को वाराणसी में अमित कुमार गुप्ता को देना था। पांकी के चांदी गंगवार जंगल में मिथलेश भुइयां नामक व्यक्ति ने तीनों तस्करों को गांजा मुहैया कराया था। गांजा की खेप पहुंचाने पर तीनों को 5-5 हजार रूपए मिलते।

## उपायुक्त ने कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखंड के पदाधिकारियों को उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिये

**एजेंसी । लोहरदगा**



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विकास समन्वय समिति एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत 2024-25 में प्रखण्डवार मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखण्ड के पदाधिकारियों को उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत सभी प्रखण्डों को अपनी उपलब्धि सौ फीसदी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन अंतर्गत तैयार किये गये पशु शेड, दीदी बाड़ी योजना, एरिया अफसर एप में एंट्री की समीक्षा की गई। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लंबित आवेदनों को स्वीकृत का योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो को आवेदकों के वेटिंग लिस्ट आवास योजना के लिए लंबित आवेदनों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। पीवीटीजी के संचालित पीएम जनमन योजना में लंबित लक्ष्य को जल्द आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया। जिन आवेदकों का आधार अपडेट नहीं है उनके आधार अपडेशन के लिए परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी को संबंधित पंचायतों में कैंप लगाकर आधार अपडेशन का कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग के अवार्ड मनी से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें मिलेट, पल्स प्रोडक्शन यूनिट, दूध एवं दुग्ध उत्पाद प्रोडक्शन यूनिट, बीएस कॉलेज में लाईब्रेरी अधिष्ठान, सदर प्रखण्ड में दीदी कैफे का निर्माण आदि योजनाएं शामिल हैं। गव्य विकास पदाधिकारी को कुडू में डेयरी एवं डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के लिए बनाये गये उत्पादक समूह को दुधारू गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग को आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा और शौचालयों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण प्रतिरक्षण के लिए सभी टीके ससमय लगावाने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमण्डल, लोहरदगा को नया समाहरणालय परिसर में तोड़े जा रहे पुराने भवनों का कार्य तीन दिनों में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को निर्देश दिया गया कि वैसे लाभुकों को चिन्हित करें जो गलत तरीके से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसी प्रकार बैठक में विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा को जिला के छूटे हुए 123 टोलों में विद्युतीकरण के कार्य को जल्द पूर्ण करने और अपर समाहर्ता लोहरदगा को इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीएमएफटी मद से किये जा रहे कार्यों, जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूहों के जरिये किये जा रहे कार्यों आदि की भी समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद महुआ माजी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार्जशीट दाखिल, 15 फरवरी को पेशी




**एजेंसी । रांची**

राज्यसभा सांसद महुआ माजी के खिलाफ चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में जांच अधिकारी ने अपनी जांच पूरी कर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए 15 फरवरी की तारीख उपस्थिति के लिए निर्धारित की है। चार्जशीट में आरोप प्रथम दृष्ट्या सही पाए गए हैं। मामला विधानसभा चुनाव के दौरान सरकारी बिजली खंभों पर महुआ माजी के बैनर और पोस्टर लगाने से जुड़ा है। इस संबंध में हिंदपीढ़ी थाने में कांड संख्या 122/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में पुलिस ने महुआ माजी से पूछताछ की थी, जिसके बाद थाने से ही उन्हें जमानत दे दी गई थी।

# सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है: चमरा लिंडा

**एजेंसी । रांची**

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार, झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ही राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया जा रहा है । वह बुधवार को डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, रांची में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन कर रहे थे । यह ऐतिहासिक आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमारी अस्मिता और प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी शौर्यगाथा को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। इस चित्रकार शिविर के माध्यम से हमें उन वीर सेनानियों की वीरता को पुनः जीवंत करने का अवसर मिला है। साथ ही झारखंड का जनजातीय समाज हमेशा से अपनी कला, संस्कृति और संघर्षशीलता के लिए जाना जाता है। यहां के कलाकारों की प्रतिभा अद्भुत है और यह शिविर उन कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा जिससे, वे अपनी कला के माध्यम से इतिहास को संजो सकें। इस वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का ऐतिहासिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में झारखंड के वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन के लिए यह चार दिवसीय जनजातीय चित्रकार शिविर (29 जनवरी से 1 फरवरी 2025) आयोजित किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वीरभूमि से जुड़े जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित अन्य अमर योद्धाओं के संघर्ष और योगदान को चित्रों के माध्यम से जीवंत करना है। इस शिविर में झारखंड के कोने-कोने से आए वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की गाथाओं को जीवंत रूप देंगे। चित्रकला की विभिन्न शैलियों, जैसे सोहराई, कोहबर, पिठौरा, गोंड, वारली और अन्य जनजातीय कला रूपों का प्रयोग किया जाएगा, जिससे झारखंड की समृद्ध कला परंपरा को भी बल मिलेगा। शिविर के अंत में सभी चित्रों को एक विशेष प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन चित्रों को झारखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, संग्रहालयों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास से अवगत हो सकें। लिंडा ने यह भी घोषणा की, कि झारखंड सरकार राज्य के जनजातीय कलाकारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के जनजातीय कलाकारों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। इस आयोजन को लेकर जनजातीय समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई समुदायों के प्रतिनिधि, कलाकार, शोधार्थी और विद्यार्थी भी इस शिविर में शामिल हुए।



# एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में पहुंचे

## वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के राहुल महतो

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के प्रतिभावान राहुल महतो 44वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। बूढ़ी बिनोर गांव के 17 वर्षीय राहुल महतो ने 10 से 17 फरवरी, 2025 तक पश्चिम बंगाल के बोलपुर में होने वाली 44वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी यह उपलब्धि चैंपियन बनाने और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की निरंतर सफलता को दर्शाती है।



**राहुल की राष्ट्रीय मंच तक की यात्रा-** राहुल की साधारण शुरुआत से राष्ट्रीय मंच तक की यात्रा उनकी सहनशीलता, समर्पण और वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के प्रभाव का एक सच्चा प्रमाण है। एसएमजी +2 हाई स्कूल बिजुलिया में कक्षा 11 के छात्र राहुल चार सदस्यों के एक साधारण परिवार से आते हैं, जहां आर्थिक तंगी ने तीरंदाजी में उत्कृष्टता हासिल करने के उनके प्रयासों को कभी नहीं रोका। जून 2022 में अकादमी में शामिल होने के बाद से राहुल ने विशेषज्ञ कोचिंग के तहत अपने कौशल को निखारा है और खेल में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है।

**राहुल का उल्लेखनीय प्रदर्शन और उपलब्धियाँ-** जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित झारखंड जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी टीम चयन ट्रायल में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन ने राज्य के शीर्ष प्रतियोगियों में उनका स्थान सुनिश्चित किया। 60 शीर्ष तीरंदाजों के खिलाफ प्रभावशाली 665 अंक हासिल कर राहुल इस क्षेत्र की सबसे प्रतिभाशाली प्रतिभाओं में से एक के रूप में उभरे। राहुल की सफलता ने उनके समुदाय में अपार गर्व की भावना जगाई है, जिससे खेल के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए अकादमी की प्रतिबद्धता को बल मिला है।

राहुल एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। वे अपने परिवार, अकादमी और समुदाय की आकांक्षाओं को अपने साथ लेकर चल रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि पूरे देश के युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रदर्शित करती है।

**राहुल की यात्रा दृढ़ता व समर्पण का एक शानदार उदाहरण -** राहुल की उपलब्धि पर बोलते हुए ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि राहुल की यात्रा दृढ़ता और समर्पण का एक शानदार उदाहरण है। हमें उनकी उपलब्धियों पर बेहद गर्व है और हमें विश्वास है कि वह झारखंड को गौरवान्वित करते रहेंगे। उनकी सफलता युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और उन्हें सर्वोत्तम संभव प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। उन्होंने कहा, वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी राहुल महतो को इस अविश्वसनीय उपलब्धि के लिए बधाई देती है और उनके राष्ट्रीय अभियान में उनकी शानदार सफलता की कामना करती है। हमें विश्वास है कि वह झारखंड को गौरवान्वित करेंगे और अनगिनत युवा खेल उत्साही लोगों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि सियालजोरी स्थित ईएसएल स्टील प्लांट परिसर में स्थापित वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने लगातार खुद को उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में साबित किया है। महत्वाकांक्षी एथलीटों को पोषित किया है और उन्हें शीर्ष स्तरीय सुविधाओं और प्रशिक्षण से लैस किया है। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले बोकारो के आठ प्रतिभागियों में से सात को अकादमी में प्रशिक्षित किया गया था। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो युवा प्रतिभाओं को विकसित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेईई मेन- 1 : 653 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 16 रहे अनुपस्थित

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए जारी संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के प्रथम सत्र के तहत बुधवार को बोकारो के दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 653 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, कुल 669 परीक्षार्थियों में से 16 कैंडिडेट अनुपस्थित रहे।

एनटीए के सिटी को-आर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 221 में 214 कैंडिडेट ने परीक्षा दी, जबकि 07 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र पर दूसरी पाली में कुल 219 में 217 ने परीक्षा दी और 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 114 में 111 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 03 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में कुल 115 में 111 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 04 अनुपस्थित रहे।

सिटी को-ऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि परीक्षाएं शांतिपूर्वक एवं कदाचारमुक्त चल रही हैं। गुरुवार (30 जनवरी) को अल्फा आईसीटी सेंटर में केवल पहली पाली में 54 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### महली समाज की बैठक 9 को

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** प्रमंडलीय महली जाति समाज सुधार समिति की बैठक तांतरी गांव में आगामी 9 फरवरी को होगी। बैठक में समिति की मजबूती को लेकर आपसी विचार-विमर्श किया जाएगा तथा पूर्व की कमेटी को भंग करते हुए युवा साथियों को संगठन में सशक्त भागीदारी दिया जाएगा। बैठक में विभिन प्रखडो के सामाजिक, बुद्धिजीवी, युवा शामिल होंगे। यह जानकारी जानकारी समिति के  महासचिव प्रह्लाद महली ने दी।

### तुपकाडीह में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरों पर

#### अजंता, नटराज और हंस पर बैठी प्रतिमाओं की मांग ज्यादा

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** तुपकाडीह और आसपास के इलाके में इन दिनों विद्यादायिनी मां सरस्वती के पूजनोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जरीडीह प्रखंड अंतर्गत जैनामोड़ बस स्टैंड, बालीडीह, बहादुरपुर, ठाकुरटांड़ समेत विभिन्न स्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की आकर्षक मूर्तियों को मूर्तिकार बनाने मे जुटे हैं। आगामी 3 फरवरी को पूजा धूमधाम से मनाने के लिए विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों के लोग तैयारी में जुट गए हैं। ठाकुरटांड़ में बीते  40 वर्षों से मूर्ति बना रहे तेलो निवासी तारणी प्रजापति ने बताया कि यह उनका पुश्तैनी काम है। पहले पिता करते थे। अब बेटा राजू भी हाथ बटाता है।



बताया कि 500 से 5000 रुपए तक की मूर्तियां बनाई गई हैं। दूर-दूर से लोग तथा अभी से ही विद्यार्थी अपनी पसंद की मूर्ति खरीदारी को लेकर बुक करा चुके हैं। अजंता, नटराज, जोड़ा हंस, एक हंस पर बैठीं मां सरस्वती की प्रतिमाओं की अधिक डिमांड है। तारणी ने मूर्ति बनाने में आर्थिक परेशानी का भी जिक्र किया और कहा कि मेहनत के मुताबिक उचित दाम का नहीं मिल रहा है। यह भी कहा कि पुश्तैनी धंधा, ऊपर से कमाने का एकमात्र साधन तथा खास तौर से देवी-देवताओं का आशीष मूर्ति बनाने के काम से मिलता है। लोगों का स्नेह भी मिलता है, यह सोच वह तन्मयता से काम में लगा है।

### प्रयागराज हादसे में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** यूनिवर्सल  ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष आशा देवी की अध्यक्षता में एक बैठक सेक्टर-3 में हुई। इसमें प्रयागराज कुंभ में आकस्मिक दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर तारकेश्वर महतो, सुमन सिंह, नवीन सिंह, बी. के पासवान, सुमित सिंह, प्रेमलता, आरती देवी, मीरा देवी, पुष्पा मिश्रा, मंजू सिंह, एसएन प्रसाद आदि अन्य थे। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन गंगेश कुमार पाठक ने किया।



### कसमार में दिवंगत निवारण महाराज को दी श्रद्धांजलि

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :**  कसमार निवासी पत्रकार निर्मल चंद्र महाराज के पिता निवारण चंद्र महाराज की बारहवीं श्राद्धकर्म के अवसर पर उनके पैतृक आवास में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी, वरीय पत्रकार विकास चंद्र महाराज, स्थानीय जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, प्रखंड बीस सूत्री कमिटी अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, झामुमो नेता शेरे आलम, सोहेल अंसारी, मुकेश महतो, शक्तिधर महतो, सगीर आलम, तनवीर आलम, सहयोगिनी संस्था के निदेशक गौतम सागर, जेपी सक्सेना, रमेश चंद्र महाराज, नीलेश चंद्र महाराज, शीतल महाराज समेत अन्य लोगों ने दिवंगत समाजसेवी निवारण चंद्र महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



# छात्र हित में जैक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की शीघ्र नियुक्ति करे सरकार : योगेंद्र

## प्लस टू शिक्षक संघ ने प्रेस बयान जारी कर पहल करने की मांग की

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** झारखंड अधिविध परिषद् (जैक) में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का पद रिक्त रहने के कारण आठवीं व नौवीं की परीक्षा स्थगित होने के बाद अब 10वीं तथा 12वीं की वार्षिक परीक्षा के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बन गई है। उक्त बातें झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर कही। श्री ठाकुर द्वारा सरकार से अतिशीघ्र इन पदों पर नियुक्ति करने की अपील की गई है, ताकि वार्षिक परीक्षाओं को लेकर ऊहापोह की स्थिति समाप्त हो सके। विद्यार्थियों को धैर्यपूर्वक परीक्षा की तैयारी जारी रखने का संदेश देते हुए झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ की बैठक में श्री योगेन्द्र प्रसाद ठाकुर ने कहा कि यह अत्यंत ही गंभीर विषय है, क्योंकि इससे राज्य के लगभग 22 लाख बच्चों का हित प्रभावित हो रहा है। संघ इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठाने हेतु कृत संकल्पित हैं। संघ ने ससमय वार्षिक परीक्षाओं के आयोजन व जैक अध्यक्ष की नियुक्ति मुद्दे को लेकर 30 जनवरी शाम 6 बजे एक ट्विटर अभियान चलाने आह्वान किया है।



ज्ञातव्य है कि वार्षिक परीक्षा का आयोजन समय पर ना होने से आगामी अन्य प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाओं जैसे नीट, जेईई, सीयूईटी, एचएमसीईटी आदि में शामिल विद्यार्थियों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# एसआर इन्टरनेशनल एकेडमी का वार्षिकोत्सव सोल्लास संपन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चंद्रपुरा (बोकारो) :** चंद्रपुरा शिमला कालोनी स्थित एसआर इन्टरनेशनल एकेडमी शैक्षणिक संस्थान ने कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम के साथ अपना वार्षिकोत्सव मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय डीवीसी एसटीएमएम अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ. पी. कुमार, स्कूल प्रिन्सिपल प्रतिमा वर्मा व शिव शंकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने शिक्षा की महता पर प्रकाश डाला और एसआरआई एकेडमी के शैक्षणिक रिजल्ट की प्रशंसा की। स्कूल प्रिन्सिपल प्रतिमा वर्मा ने कहा कि क्वालिटी एजुकेशन एवं बेहतर रिजल्ट के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। तत्पश्चात कक्षावार मेधावी विद्यार्थियों एवं विविध प्रतियोगिता के अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल शिक्षक विभा सिंह, सुनीता, सीमा, मौसमी, किरण, गुंजन, नेहा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन सुनीता महतो ने किया।




# पं. गौरी शंकर ओझा पर्यावरण-मित्र पुरस्कार वितरण समारोह कल, तैयारी पूरी

## बोकारो में झारखंड भर के पर्यावरणविदों का होगा जुटान

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** 31 जनवरी को अपराह्न 3.00 बजे से'पं. गौरी शंकर ओझा पर्यावरण-मित्र पुरस्कार 2025 वितरण समारोह का भव्य आयोजन बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक कैंप 2 मोड़ के पास स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में बताया कि यह झारखंड प्रदेश स्तरीय पुरस्कार हर वर्ष ऐसे व्यक्ति या संस्था को दिया जाता है जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे होते हैं। इसबार यह 17वें वर्ष का आयोजन है। इस मुख्य पुरस्कार के साथ ही दो और पुरस्कार 'पं. गौरी शंकर ओझा वृक्ष-मित्र पुरस्कार' और 'पं. गौरी शंकर ओझा जल-मित्र पुरस्कार' भी दिया जाता है ।



कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के कई जिलों से कई पर्यावरणविद पधार रहे हैं। अतिथि के रूप में पद्मश्री जमुना टुडू, रजनीश कुमार डीएफओ बोकारो, डा. अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो, कुमार प्रेमचंद प्रोग्राम ऑफिसर यूनिसेफ झारखंड सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी आदि रहेंगे। गुलाब चंद प्रजापति, जंगल महतो एवं प्रवीर कुमार, तीनों पर्यावरणविद इस समारोह की विशेष शोभा बढ़ाएंगे।

प्रेसवार्ता में शशि भूषण ओझा 'मुकुल', सुरेंद्र कुमार पांडेय, रघुवर प्रसाद, गणेश साव, बबलू पांडेय, रमण ठाकुर, विजय त्रिपाठी, मृणाल चौबे, राजेश्वर द्विवेदी, कंचन शर्मा, वीरेंद्र चौबे, अक्षय दुबे, अभय कुमार गोलू, रोहित सिंह, कुंदन उपाध्याय, अर्जुन पांडेय, संतोष कुमार, अनुराग मिश्र, यू पी सिंह आदि पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बोकारो की रंजना ने महाकुंभ में बांधा समां, हुईं सम्मानित



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** शहर की लब्ध-प्रतिष्ठित लोकगीत कलाकार रंजना राय ने एक बार फिर अपनी गायकी का जलवा बिखेर इस्पातनगरी बोकारो का नाम रोशन किया है। महाकुंभ प्रयागराज में त्रिवेणी मंच पर संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति से सबकी भरपूर सराहना पाई। उन्होंने डम-डम डमरू बजावेला हमार जोगिया..., सखी फूल लोढी चलू फुलवरिया सीता के संग सहेलिया...., का लेके शिव के मनाईंब हे शिव मानत नाही..., राधे कौन से पुण्य किए तूने... आदि गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्होंने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित भी किया। श्रीमती राय अब आगामी 01 फरवरी को बनारस पिंड्रा महोत्सव तथा 02 फरवरी को गया बौद्ध महोत्सव में भी अपनी प्रस्तुति देंगी।

# विधायक श्वेता सिंह ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बुधवार को मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने अपने बोकारो परिवार के साथ प्रयागराज में महाकुंभ मेले में पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। श्रीमती सिंह ने कहा कि महाकुंभ मेला देवताओं की राक्षसों पर जीत का प्रतीक है। 2025 में यह आयोजन 13 जनवरी को शुरू हुआ और 26 फरवरी को समाप्त होने की उम्मीद है।



महाकुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण लोगों का समागम है। इस समागम में लाखों भक्त गंगा, यमुना और सरस्वती में डुबकी लगाते हैं, जिनके जल को हिंदुओं द्वारा पवित्र माना जाता है, जो आत्मा की शुद्धि और मोक्ष या मुक्ति प्राप्त करने का मार्ग दर्शाता है। इस महाकुंभ में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के विभिन्न साधु संतों और मनीषियों का आशीर्वाद लिया। 2025 के महाकुंभ मेले में 40 करोड़ (400 मिलियन) आगंतुकों की उपस्थिति के लिए तैयारी की गई है।एक तरफ जहां भारत देश के हर कोने से लोगों का आगमन हुआ है. वहीं दूसरी तरफ विदेशी मूल के पर्यटक और तीर्थयात्री आते हैं, जिससे इसकी महता और बढ़ जाती है।

श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि कुंभ स्नान के पश्चात बोकारो विधानसभा क्षेत्र की जनता की खुशहाली और उनके परिवार के कल्याण हेतु ईश्वर से कामना की।

# बच्चे जीवन भर अपने माता-पिता का हृदय से करें सम्मान : स्वामिनी संयुक्तानंद

## चिन्मय विद्यालय में मां के चरण पखार बच्चों ने की पूजा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** स्थानीय चिन्मय विद्यालय, बोकारो के तपोवन सभागार में आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती चिन्मय मिशन बोकारो के मार्गदर्शन में  भव्य मातृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 3 से 5 के बच्चों ने अपनी माताओं के चरण धोकर, पुष्प अर्पित कर और आरती उतारकर मातृ भक्ति का परिचय दिया।



स्वामिनी संयुक्तानंद ने मातृ पूजा की विशेषता बताते हुए कहा कि मां के बिना जीवन सृष्टि की रचना की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मातृ पूजन भारतीय संस्कृति की एक अनमोल परंपरा है, जो न केवल माता-पिता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में संस्कारों को सुदृढ़ करने का कार्य भी करती है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को माता-पिता की महत्ता से अवगत कराना और पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों को मजबूत बनाना है। जीवन के हर मोड़ पर माता-पिता का आशीर्वाद स्नेह और मार्गदर्शन हमारे साथ होता है। हमें जीवन भर अपने माता-पिता का हृदय से सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों के उच्चारण और गणेश वंदना से हुई। बच्चों ने अपने हृदयस्पर्शी शब्दों में मातृशक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और अतं में अपने माता के चरणों में सर रखकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार सभी बच्चों को मातृ-पूजा की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ ने बुधवार को केंदुआ पंचायत में योजनाओ का किया जांच



**हिरणपुर** : बीडीओ टुडू दिलीप ने बुधवार को केंदुआ पंचायत में योजनाओ की जांच किया , वही गरीब पहाड़िया लोगो के बीच कम्बल का भी वितरण किया गया। बीडीओ ने धरनीपहाड़ में कांदना पहाड़िया के जमीन पर संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना का निरीक्षण किया। इसके बाद बीडीओ ने गांव के दर्जनों पहाड़िया महिला पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीपीओ ट्विंकल चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे

### अलग-अलग घरों से बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा मवेशी चोरी



**महेशपुर** : थाना क्षेत्र के आभुवा एवं सिरिसतल्ला गांव के तीन अलग-अलग घरों से बीते रात अज्ञात चोरों द्वारा छह मवेशी (बैल) को चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बावत जानकारी देते हुए आभुवा गांव के किनीनाम मुर्मू एवं श्रीतन किस्कू ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वे लोग अपने-अपने मवेशी को रात को गुहाली में बांध कर रखा था। सुबह नींद खुलने पर जब मवेशी को बाहर निकालने पहुंचा तो देखा कि मवेशी नहीं है। काफी खोजबीन के बाद भी मवेशी का कोई अता-पता नहीं चल पाया। वही सिरिसतल्ला गांव के दिनेश मुर्मू ने बताया कि बीते रात उसका भी गोहाल से अज्ञात चोरों के द्वारा दो मवेशी को लेकर भाग गया। समाचार भेजे जाने तक मवेशी मालिकों के द्वारा थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया था।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता तथा कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत सभी विभाग के साथ एक बैठक



**पाकुड़िया** : राष्ट्रीय कुष्ट नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता तथा कुष्ठ रोग खोज अभियान द्वितीय चरण को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय कक्ष में बीडीओ सोमनाथ बनर्जी की अध्यक्षता में सभी विभाग के साथ एक बैठक की गई । बैठक में बीडीओ ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी को जागरूकता फैलाने की अपील की । बैठक में उपस्थित डॉ भरत भूषण भगत ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता तथा कुष्ठ रोग खोज अभियान का यह द्वितीय चरण है । कुष्ठ बीमारी का अंधविश्वास नजरिए जो आम जनता में है उसे जागरूकता के माध्यम से अंधविश्वास खत्म करने की जरूरत है । मौके पर बीपीआरओ त्रिदीप शील , बीपीओ जगदीश पंडित , एमपीडब्ल्यू प्रभात दास , सहित अन्य उपस्थित थे ।

### 90 दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत की गई जागरूक






**पाकुड़**: झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर डालसा सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में हरिणडांगा मध्य विद्यालय पाकुड़ में पीएलवी कमला राय गांगुली ने नब्बे दिवसीय आउटरीच सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार के कई बिंदु पर जागरूक की साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा के विरुद्ध जागरूक की गई वही पाकुड़िया प्रखण्ड मोगलाबांध में पीएलवी सीमा साहा ने ग्रामीणों को स्पॉन्सरशिप योजना , सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न हो इसके लिए जागरूक की गई साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे विस्तृत जानकारी दी।

# पाकुड़ जिला का 31 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

- विज्ञान प्रदर्शनी में जवाहर नवोदय विद्यालय बागशीशा एवं सीलमपुर के छात्रों ने मनवाया लोहा....
- आईआरओ फाउंडेशन के संस्थापक एवं आईआईटी बीएचयू के अन्वेषक श्री मनोहर कुमार ने बच्चों को विज्ञान के नवीन आयामों से परिचित कराया और रोचक प्रयोगों के माध्यम से ज्ञानवर्धन कराया...




**पाकुड़** : पाकुड़ जिला स्थापना दिवस के 31 वें वर्ष के मौके पर मंगलवार को रविन्द्र भवन में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं कलाकारों ने पेश किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम।सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के कलाकारों द्वारा विभिन्न मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। अतिथियों के द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने केक काटकर जिले का 31 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। पाकुड़ जिला स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह, उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, आरजेडी जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह ने समस्त जिलावासियों को पाकुड़ जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि आज साइंस शो' का भव्य आयोजन किया गया है। इस विज्ञान एवं कला प्रदर्शन का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना और सीमित संसाधनों के साथ उन्नत तकनीकी ज्ञान प्रदान करना था।

उपायुक्त मनीष कुमार ने अपने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जिला स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का जो सपना है कि सभी बच्चे अच्छा से पढे, सबको गुणवत्तापूर्वक भोजन मिले, अच्छी सड़के हो, लोगों को रोजगार मिले और धीरे-धीरे झारखंड एक विकसित कुशल संपन्न झारखंड में तब्दील हो उसके लिए मुख्यमंत्री दिन रात प्रयासरत हैं और जिला प्रशासन भी यहां जिले के सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही जिलावासियों को जिले को अब तक मिली उपलब्धियों से अवगत कराया। जिलावासियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग और सक्रिय होने की अपील की गयी। जिले के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण में सभी जिलावासियों को एकजुट होकर विकास के पथ पर अग्रसर होने का आह्वान किया गया। हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि पाकुड़ के विकास में साथ साथ मिलकर कार्य करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रहे लोग अपने पाकुड़ के विकास मे भागीदार बनें। उपायुक्त ने प्रेरणादायक वीडियो दिखाकर सभी को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को पाकुड़ जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि पहली बार पाकुड़ जिला स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आशा प्रकट की कि पाकुड़ जिला का चहुमुखी विकास होगा और हमारा जिला उन्नति के मार्ग पर और आगे जाएगा।

उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने कहा कि आज हम सभी यहां पाकुड़ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं यह दिन हमारे जिले के गौरवशाली इतिहास समृद्ध संस्कृति और विकास यात्रा को याद करने का एक सुनहरा अवसर है। संथाल परगना के अंतर्गत पाकुड़ क्षेत्र मुख्यतः पाकुड़ राज एवं महेशपुर राज के छोटे-छोटे रियासतें थी। महेशपुर राज को बाद में सुल्तानाबाद भी कहा जाता था। इसकी स्थापना गोरखपुर से आए आबु सिंह एवं बाकुं सिंह ने की थी। वहीं कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, आरजेडी, जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया आदि ने पाकुड़ जिला स्थापना दिवस के विषय में अपना अपना विचार रखकर प्रकाश डाला। आईआरओ फाउंडेशन के संस्थापक एवं आईआईटी बीएचयू के अन्वेषक मनोहर कुमार ने विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में कई दिलचस्प और ज्ञानवर्धक वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्रमुख थे। क्लाउड बर्स्ट एक्सपेरिमेंट — बच्चों ने बादलों के फटने की प्रक्रिया को समझा। फायर फाउंटेन और फायर डांस ऑन रॉबिंस ट्यूब — ध्वनि और आग के संयोजन ने सभी को रोमांचित कर दिया। एलिफेंट टूथपेस्ट एक्सपेरिमेंट — रसायन के माध्यम से बड़े पैमाने पर झाग का निर्माण किया गया।

**बच्चों में दिखा उत्साहः** विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान बच्चे न केवल प्रयोगों को देखकर रोमांचित हुए बल्कि उन्होंने विज्ञान के नए-नए सिद्धांतों को समझने की कोशिश भी की। मनोहर कुमार ने बच्चों को नए अन्वेषणों के प्रति जागरूक किया और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने का प्रयास किया।

## झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी का दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**पाकुड़िया** : सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पाकुड़िया में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी का जिलास्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन पाकुड़ जिला के डीपीएम प्रवीण कुमार मिश्रा ने किया । प्रशिक्षण कार्यशाला में पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों के संकुल संघ सदस्य उपस्थित थे जिनमें पाकुड़ सदर के 8 संकुल संघ सदस्य , पाकुड़िया के 4 , हिरणपुर के 4 सहित लिट्टीपाड़ा एवं आमडापाडा के 4 _ 4 संकुल सदस्य उपस्थित थे । डीपीएम श्री मिश्रा ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तरीय सभी संकुल संगठनों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना एवं सभी तरह के खाता वहीं का सही तरीके से सदुपयोग करते हुए इस्तेमाल करना है । इसके अलावे सभी थीम जैसे आजीविका , वित्तीय समावेशन , पशुपालन , मुर्गीपालन , अभिसरण आदि अन्य आवश्यक गतिविधियों के बारे में भी पुनर्प्रशिक्षण प्रदान किया गया । उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है । मौके पर डीपीएम प्रवीण कु मिश्रा के अलावे आशीष रंजन , राजीव कुमार , बासुदेव प्रसाद साह, रीता कुमारी , स्वेता सिंह , रूमा आदि अन्य दर्जनों सदस्य उपस्थित थे ।

## जिला विधिक संघ के वरीय सदस्य अधिवक्ता जय टुडू के निधन पर शोक सभा आयोजित, न्यायिक कार्य से दूर रहे अधिवक्ता





**पाकुड़** : जिला विधिज्ञ संघ पाकुड़ के वरीय सदस्य अधिवक्ता जय टुडू का निधन बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे धनुषपूजा स्थित उनके आवास में हो गया। वह 78 वर्ष के थे। वह अपने पीछे तीन पुत्र, पत्नी और पोते- पोती छोड़ गए हैं। उनके निधन पर जिला विधिज्ञ संघ, पाकुड़ के सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा की अध्यक्षता बार के अध्यक्ष मोहम्मद मोहिउद्दीन तथा संचालन सचिव दीपक कुमार ओझा ने किया। शोकसभा में अधिवक्ताओं ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। शोक सभा में बताया गया कि मृतक अधिवक्ता ने 1969 में पाकुड़ में वकील के रूप में योगदान किया था। अधिवक्ता के निधन पर बुधवार को न्यायालय में कोई कामकाज नहीं हुआ।शोकसभा में जिला विधिज्ञ संघ के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रुहुल अमीन ने जय टुडू के बारे में चंद शब्द कहते-कहते ही फूट-फुट कर रो दिए उन्होंने कहा कि वह बहुत ही सज्जन व्यक्ति थे जिसकी कमी उन्हें खेलेगी। मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष नृपेंद्र नाथ उपाध्याय ,वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन बोस, जेएन उपाध्याय, निरंजन घोष, प्रशांत कुमार मिश्रा, प्रकाश कुमार मिश्रा, अरुण कुमार त्रिवेदी, अंबोज कुमार वर्मा , अनूप ओझा, जगदीश यादव, जनार्दन यादव, राजीव कुमार यादव, सूरज शर्मा, सुमन कुमार,दीनानाथ गोस्वामी, अजय कुमार सौरव,व अन्य उपस्थित थे।

## देर रात किया गया व्यवसायिक वाहनों का जांच, लगा 62 हजार का जुर्माना





**पाकुड़** : उपायुक्त, पाकुड़ के आदेशानुसार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी पाकुड़ के नेतृत्व में बीते मंगलवार को देर रात पाकुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पाकुड़ -मुफ्फासिल -हिरनपुर सड़क मार्गो पर परिवहन होने वाले व्यावसायिक वाहनों जिसमे मुख्य रूप से बीड़ीपता जो अपने वाहन क्षमता से ज्यादा माल की दुलाई, ओवरलोड,बॉडी अल्टरेशन (अतिरिक्त रूप से जोड़े गए डाला एवं एंगल) एवं अन्य का उलंघन करते है ऐसे वाहनो का जांच अभियान चलाया गया जिसमें सभी 09 वाहनों से जांच के क्रम मे कुल 03 वाहनों से ओवरसाइज, ओवरलोड का उलंघन करने ,वाहन का वैध कागजात नहीं होने तथा बॉडी अल्टीरेशन होने की स्तिथि मे तथा मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते हुए पकडे गये सभी 03 वाहनों से जुर्माने की राशि के तौर पर कुल -62,605 (बासठ हजार छः सौ पांच रूपये) ऑनलाइन इ-पॉस मशीन से ऑन लाइन चालान निर्गत की गई साथ ही जिला अंतर्गत परिचालित होने वाले सभी वाहन स्वमी एवं चालकों से अपील किया गया कि जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित नियम क़ानून के अनुरूप अवैध परिवहन,वाहन बॉडी अल्टरेशन कर अपने वाहन का परिवहन ना करें अन्यथा आपके वाहन को जप्त करने के साथ दंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आपके वाहन को ब्लैक लिस्ट करने जैसे तौर पर अतिरिक्त दंड अन्य आवश्यक विधि संगत कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### मारगोमुंडा में विद्यालय प्रबंधन समितियों का पुनर्गठन

**देवघर , एजेंसी ।** देवघर जिले के मारगोमुंडा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में ग्रामसभा कर प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया । यूएचएस मुरली पहाड़ी समसुल अंसारी को अध्यक्ष व सोबिना खातून को उपाध्यक्ष बनाया गया । इसी प्रकार यूएचएस करंजो में पूनम देवी अध्यक्ष व गुड़िया देवी उपाध्यक्ष, यूएचएस पीपरा में मो । शकील अहमद अध्यक्ष व अंजुम आरा का चयन उपाध्यक्ष के रूप में हुआ । इधर, यूएचएस चेतनारी में अध्यक्ष पद पर मो शहाबुद्दीन व उपाध्यक्ष आसमां खातून, पीएस बेहरा पहाड़ी उर्दू में अध्यक्ष मतीन अंसारी व उपाध्यक्ष खुशबू खातून, यूएमएस मकनपुर में अध्यक्ष रमेश राय व उपाध्यक्ष सोनामनी किस्कू, यूपीएस योगीडीह संथाल टोला में अध्यक्ष भुट्का हेंब्रम व उपाध्यक्ष सकीला बीवी तथा पीएस लहरजोरी में अध्यक्ष पद घनश्याम राय व उपाध्यक्ष रूम्पा रक्षित को बनाया गया ।

### ऋतुराज बने मध्यप्रदेश के देवास जिला कलेक्टर

**साहिबगंज, एजेंसी ।** साहिबगंज शहर की रिफ्यूजी कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड सीआइटी गोकुल प्रसाद सिंह के पुत्र ऋतुराज मध्यप्रदेश के देवास जिले के कलेक्टर बनाए गए हैं । मध्यप्रदेश सरकार ने सोमवार को उनकी नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना जारी की है । ऋतुराज 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं । वर्तमान में वह जिला पंचायत भोपाल में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं ।ऋतुराज की 10वीं तक की पढ़ाई साहिबगंज संत जेवियर अंग्रेजी मीडियम स्कूल से व इंटर की पढ़ाई दिल्ली से हुई है । बेंगुलुरू से बीटेक करने के बाद इंफोसिस में नौकरी शुरू की । बाद में नौकरी छोड़कर उन्होंने दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी शुरू की ।

### कार और बाइक में टक्कर, दो युवकों की मौत

**लातेहार, एजेंसी ।** चतरा–चंदवा मुख्य मार्ग पर मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है । इस सड़क में दो लोगों की मौत हो गयी है । मृतकों में चंदवा के चकला ग्राम निवासी राहुल कुमार व प्रवीण कच्छप ( मुजफ्फरपुर, बिहार ) का नाम शामिल है । जबकि दीपक कुमार, विकास कुमार, प्रवीण कुमार और गौतम कुमार गंभीर रूप से घायल हैं । सभी घायल मुज्फ्फरपुर, बिहार के रहने वाले हैं । इनमें से दो को चंदवा सामुदायिक अस्पताल में इलाज करने के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है ।जानकारी अनुसार मंगलवार की देर शाम एक कार से छह लोग बालुमाथ की ओर जा रहे थे । इसी दौरान बाइक से दो युवक चंदवा की ओर जा रहे थे । इसी बीच एक तीखे मोड़ में दोनों की सीधी टक्कर हो गयी । स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी । सूचना मिलने के बाद पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल मौक पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया । घायलों को अस्पताल पहुंचाया ।

### पलामू स्वास्थ्य विभाग में निकली बंपर बहाली ! 15 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**पलामू, एजेंसी ।** जिले के स्वास्थ्य विभाग ने कई पदों पर नियुक्ति के लिए बंपर बहाली निकाली गई है । विभाग ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की है । बहाली का पूरा ब्योरा पलामू एनआईसी के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है । विभाग में विभिन्न कैटेगरी में 109 पदों के लिए बहाली निकाली है । सभी बहाली संविदा पर आधारित है और एक वर्ष के लिए निर्धारित की गई है । कार्य के मूल्यांकन के आधार पर संविदा बढ़ायी जा सकती है । पलामू स्वास्थ्य विभाग में निकाली गई भर्ती में अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता और लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा । कुल 100 अंकों की परीक्षा होगी । जिसमें 60 अंक शैक्षणिक योग्यता, जबकि 40 अंक लिखित परीक्षा की होगी । अभ्यर्थियों के चयन के लिए सभी आरक्षण के बिंदुओं को निर्धारित किया गया है । आवेदक को निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से आवेदन भेजना है ।एएनएम आरसीएच 04, एएनएम एमटीसी 02, एएनएम आरबीएसके 03, एएनएम एनयूएचएम 24, स्टाफ नर्स आरसीएच 37, स्टाफ नर्स आरबीएसके 01, स्टाफ एसएनसीयू 06, स्टाफ नर्स एनयूएचएम 07, स्टाफ नर्स एपीसीडीएस 01, ब्लॉक डाटा मैनेजर आरसीएच 01, लैब टेक्नीशियन एनयूएचएम 03, न्यूट्रीशन काउंसलर 01, काउंसलर आरसीएच 01, आयुष फार्मासिस्ट 02, फार्मासिस्ट आरसीएच 01, फार्मासिस्ट आरबीएसके 05, फार्मासिस्ट एनटीईपी 01, फार्मासिस्ट एनयूएचएम 03, एक्स–रे टेक्निशियन 01, एसटीएलएस 01, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर 01 के पद पर नियुक्ति होनी है ।

# एम्स के अलावा इन 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने की तैयारी, हेमंत सरकार दे दी एक और खुशखबरी !

**रांची, एजेंसी।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी शीघ्र ही केंद्र को राज्य में स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए कई प्रस्ताव देंगे तथा केंद्र से धनराशि की मांग करेंगे।

वे एक-दो दिनों में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिलकर रांची में एम्स की स्थापना तथा छह अन्य जिलों जामताड़ा, देवघर, धनबाद, जमशेदपुर, गिरिडीह तथा खूंटी में मेडिकल कॉलेज की मांग करेंगे।

छह जिलों के मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति के साथ इन्हें पीपीपी मोड पर संचालित किए जाने की मांग रखेंगे। इसे लेकर उन्होंने विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया है।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री केंद्रीय बजट में झारखंड के लिए अलग स्पेशल पैकेज की भी मांग रखेंगे। उन्होंने कहा है कि केंद्र को झारखंड से खनिज सहित अन्य संसाधन बड़े पैमाने पर मिलते हैं।

उस अनुपात में राज्य को स्वास्थ्य के बजट में हिस्सा नहीं मिलता। वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत राज्य को मिलनेवाली राशि में भी वृद्धि की मांग रखेंगे।

स्वास्थ्य विभाग ने रांची में मेडिको सिटी की स्थापना के लिए 3,781 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया है। इरफान अंसारी यह राशि एडीबी प्रोजेक्ट के तहत ऋण के रूप में उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव रखेंगे।

साथ ही रिम्स, रांची सहित अन्य मेडिकल कालेजों में सीटों की वृद्धि के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन को निर्देश देने का



अनुरोध करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर बजट तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विकास को लेकर बैठक की। उन्होंने योजनाओं में तेजी लाने तथा उनके द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन पर जोर दिया।

पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी व डुमरिया प्रखंड में मिक्स मलेरिया के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार को इस संदर्भ में रांची स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट तलब की गई है।

वहीं, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का निर्देश दिया है। जिले से तीन सदस्यीय टीम मुसाबनी प्रखंड में जांच करने पहुंची। टीम में जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. असद, मलेरिया इंस्पेक्टर श्रवण कुमार व सुशील तिवारी शामिल थे। टीम ने मुसाबनी प्रखंड के कई गांवों में जाकर जांच किया तो कुछ मिक्स मलेरिया के मरीज मिले।

इसकी रिपोर्ट सिविल सर्जन को सौंपी जाएगी। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि दिसंबर-2024 में मुसाबनी और डुमरिया प्रखंड में करीब 70 मिक्स मलेरिया के मरीज मिले है।

इससे विभाग की भी नींद उड़ी हुई है। जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दिसंबर माह में मलेरिया के कुल 506 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें सामान्य मलेरिया के कम और ब्रेन मलेरिया के ज्यादा मरीज मिले हैं। सामान्य मलेरिया के 117 और ब्रेन मलेरिया के 319 मरीज मिले हैं। यानी 63 प्रतिशत मरीज ब्रेन मलेरिया से ग्रस्त है। वहीं, सामान्य मलेरिया के 23.12 प्रतिशत मरीज मिले हैं। जबकि मिक्स मलेरिया के 70 नए मरीज यानी करीब 14 प्रतिशत मामले सामने आए हैं। दरअसल, मिक्स मलेरिया एक मलेरिया संक्रमण है जो मलेरिया परजीवी की एक से अधिक प्रजातियों के कारण होता है। यह प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम और फ्लास्मोडियम विवैक्स या अन्य प्रजातियों के संक्रमण के कारण हो सकता है। हालांकि, विभाग इसके कारण ढूंढने को विशेष अभियान चला रही है।

## झारखंड में आज से बदलेगा मौसम का मिजाज, रात के समय रहें सावधान, अलर्ट जारी



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में मौसम का मिजाज लगातार बदलता जा रहा है। कभी अचानक धूप तो कभी अचानक से ठंड बढ़ जा रही है। मौसम विभाग ने रांची में 29, 30 और 31 जनवरी के लिए एक बार फिर से अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक रांची में 29 जनवरी की सुबह में ठंड बढ़ जाएगी और हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहेगा। उसके बाद आसमान साफ रहेगा।

वहीं 30 या 31 जनवरी से मौसम फिर से करवट लेगा। सुबह में आसमान में आंशिक बादल छाए रहने के आसार हैं। वहीं इस मौसम का प्रभाव रांची के आसपास भी दिखेगा।

जनवरी की विदाई से पहले धनबाद और उसके आसपास के जिलों में मौसम अलग-अलग रंग दिखा रहा है। दिन में तेज धूप की चुभन तो रात में ठंड की ठिठुरन असर दिखा रही है। तीन दिनों से हर दिन तापमान में गिरावट आ रही है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान तेजी से लुढ़क कर 6.2 डिग्री पर पहुंच गया।

पारा गिरने से ठंड के तेवर भी बढ़ गए हैं। अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर जा सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे 30-31 जनवरी के बीच बादलों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। कई दिनों तक आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। इसके बाद एक फरवरी को फिर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। उसके असर भी बादल छाएंगे।

बादलों की आवाजाही से उत्तर से आनेवाली हवा की दिशा बदलेगी। हिमालय से आनेवाली हवा का असर कम होने से तेज ठंड से राहत मिलेगी। हालांकि बादल छाने से दिन का मौसम सर्द रहने का अनुमान है।

## धनबाद में 1 फरवरी से पानी की सप्लाई हो सकती है बंद, 10 लाख लोग होंगे प्रभावित

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना तथा जामाडोबा जेएनएनयूआरएम शहरी जलापूर्ति योजना के एक फरवरी से बाधित होने की संभावना है। योजना संचालन एजेंसी के कर्मियों ने कई महीनों से मासिक मानेदय भुगतान लंबित रहने को लेकर एक फरवरी से जलापूर्ति बंद करने की चेतावनी दी है। इन दोनों जलापूर्ति योजना पर लगभग 10 लाख लोग निर्भर हैं। जलापूर्ति बंद होने से संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

धनबाद शहरी व जामाडोबा जलापूर्ति योजना का संचालन मेसर्स अभय सिन्हा की एजेंसी कर रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल माह से भुगतान लंबित है। नौ महीने से संचालन व रखरखाव के लिए कोई राशि नहीं दी गई है। एजेंसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता प्रमुख को त्राहिमान संदेश भेजकर बकाया बिल भुगतान करने का आग्रह किया है।

उपायुक्त, नगर आयुक्त समेत धनबाद व टुंडी विधानसभा के विधायक को भी प्रतिलिपि दी गई है। एजेंसी की ओर से कहा गया है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल-1 व अधीक्षण अभियंता के मौखिक आश्वासन पर संचालन कार्य में लगे कर्मियों को 20 जनवरी तक मासिक वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया।



बावजूद अब तक बकाया का भुगतान नहीं किया गया है। इसके कारण कर्मियों का मासिक वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। इससे पहले भी एजेंसी की ओर से दो बार पत्र लिखा गया है।

दोनों शहरी जलापूर्ति संचालन एजेंसी के मालिक अभय सिन्हा का कहना है कि बिल भुगतान नहीं होने से जलापूर्ति में कठिनाई आ रही है। धनबाद शहरी जलापूर्ति का अप्रैल से दिसंबर तथा जामाडोबा का सितंबर से बिल लंबित है। छह करोड़ रुपये से अधिक बकाया हो गया है।

पेयजल विभाग को दो-तीन बार पत्र लिखने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। कर्मियों को वेतन भुगतान करने में असमर्थ हूं। अगर एक फरवरी से जलापूर्ति बाधित होती है तो मेरी जिम्मेवारी नहीं होगी।धनबाद जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता अशोक कुमार सिन्हा ने विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल नया बाजार धनबाद में काउंटर संख्या एक से लेकर तीन तक का सुविधा काउंटर का उद्घाटन किया।

मौके पर अधीक्षण अभियंता अंचल धनबाद एसके कश्यप, कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र सिंह, टेक्निकल कार्यपालक अभियंता सतेंद्र सिंह, सहायक विद्युत अभियंता नया बाजार सुजीत कुमार आदि थे।

## केंद्रीय महासभा में गरजे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सरकार और बीसीसीएल को दी चुनौती




**धनबाद, एजेंसी।** जिले के पुटकी भटिंडा फॉल में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित केंद्रीय महासभा में पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं ने भाग लिया। महासभा का आयोजन पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम से पहले सुदेश महतो ने स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

केंद्रीय महासभा में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने अपने संबोधन में राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने हिलटॉप आउटसोर्सिंग के रैयतों पर दर्ज एफआईआर को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए और इसे जनता को परेशान करने का कृत्य बताया। उन्होंने कहा जमीन हमारी और जब हम हक मांगते हैं तो हम पर गोली चलाई जा रही है, जो नहीं चलेगा। आज निर्दोष लोगों को पुलिस परेशान कर रही है। रात के अंधेरे में पुलिस घरों में जाकर तोड़फोड़ और लोगों से गाली गलौज कर रही है।

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी का वार्षिक कार्यक्रम हर साल जनवरी महीने में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में जिला और प्रखंड स्तर के नेता शामिल होते हैं और साल भर के लिए पार्टी की रणनीति तैयार की जाती है। इस बार कार्यक्रम धनबाद में आयोजित हुआ। जिसे विनोद बाबू की धरती कहा जाता है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों तक पार्टी जनता के मुद्दों पर आंदोलन करने का काम करेगी। इस कार्यक्रम के दौरान जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के नेता संजय मेहता समेत पर्टी के कई बड़े नेता और समर्थकों का आजसू पार्टी में स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी मंच से राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के गठन का जिसने विरोध किया, उनके साथ आज सरकार चला रही है। उन्होंने हिलटॉप आउटसोर्सिंग की घटना पर कहा कि सरकार और बीसीसीएल की नीतियों के चलते स्थानीय लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर स्थानीय लोगों को उनका हक नहीं मिला, तो पार्टी बीसीसीएल के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी।

## गिरिडीह में घर के अंदर विस्फोट, एक ही परिवार के छह लोग घायल, मची अफरातफरी



**गिरिडीह, एजेंसी।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शीतलपुर दलित टोला निवासी उमेश दास के घर में रविवार की मध्यरात्रि करीब सवा एक बजे हुए भयंकर विस्फोट में घर के परखच्चे उड़ गए। इस घट ना में उमेश दास की सास देवरी के घोरजों गांव निवासी करीब 62 वर्षीय वेदंती देवी की मौत हो गई जबकि उमेश दास के अलावा उसके ससुर टुकन दास, पत्नी सबिता देवी, पुत्र सन्नी कुमार, संदीप कुमार व पुत्री लक्ष्मी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना में उमेश की सास वेदंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में वह दम तोड़ दी थी। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सभी को प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया। धनबाद से इलाज करने के बाद उमेश की पत्नी सबिता देवी व ससुर टुकन दास को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

विस्फोट इतना जोरदार हुआ कि पूरा मोहल्ला के अलावा आसपास का क्षेत्र दहल गया। विस्फोट के कारण घर में आग लग गई और धधकने लगी।

इससे घरवाले झुलस गए। वहीं दीवार गिरने से भी लोग चोटिल हुए। आसपास के लोगों की मदद से सभी को किसी तरह घर से बाहर निकालते हुए इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी डॉ विमल कुमार, एसडीपीओ जीतबाहन उरांव, थानेदार श्यामकिशोर महतो, बीडीओ गणेश रजक के अलावा अन्य पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए मामले की तफ्तीश में जुट गए हैं। सुबह में एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पहुंची और विस्फोट वाले स्थान से सैंपल संग्रह कर जांच के लिए ले गई।

## टेरर फंडिंग मामला- एनआईए की छापामारी में बरामद पैसे वापस दिलाने की मांग वाली सुदेश केडिया की याचिका खारिज

**रांची, एजेंसी।** टेरर फंडिंग केस के आरोपित सुदेश केडिया को मंगलवार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केडिया की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने वर्ष 2018 में एनआईए की छापेमारी में उसके आवास और कार्यालय से एजेंसी के जरिये बरामद किये गये 9 लाख 95 हजार रुपये वापस करने की मांग की थी। यह मामला चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़ा हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एनआईए की छापेमारी में सुदेश केडिया के आवास से बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये उनके व्यवसाय का है, यह टेरर फंडिंग का पैसा नहीं है। इस पैसे से कर्मियों को सैलरी दी जानी थी इसलिए एनआईए के जरिये बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये को उन्हें वापस दिलाया जाए लेकिन हाई कोर्ट ने जब्त पैसे रिलीज करने से इनकार कर दिया।

उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई जारी है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। मामले में कई आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित हो चुका है।एनआईए ने जांच के दौरान यह पाया है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। तृतीय प्रस्तुति कमेटी ( टीपीसी ) को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था।टेरर फंडिंग मामले के आरोपितों में आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल, बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल, कारोबारी सुदेश केडिया, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, अजय सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, टीपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी, क्षेत्रीय कमांडर ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता, बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू, भीखन गंझू उर्फ दीपक गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, मुनेश गंझू, बीरबल गंझू, मुकेश गंझू उर्फ मुनेश्वर गंझू, कोहराम एवं अनिश्चय गंझू शामिल हैं।

## मंत्री इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 10 फरवरी को सुनवाई

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब 10 फरवरी को सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई 24 जनवरी को हुई थी। इस दिन दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच इरफ़ान अंसारी की याचिका पर सुनवाई कर रही है। दरअसल इरफ़ान अंसारी ने झारखड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है जिसमे हाईकोर्ट ने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

**बच्ची की फोटो वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था :** वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया है कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था। दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। दुमका सिविल कोर्ट ने 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्जफ्रेम किया था।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025



# जातीय जनगणना की मांग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराए जाने की मांग को दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसी भी कीमत जातीय जनगणना करवा कर रहेगी। पटना में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि इस बाबत उन्होंने संसद में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में स्पष्ट कहा है कि संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी नहीं करने दी जा सकती। राहुल आरोप लगा चुके हैं कि भाजपा और आरएसएस यह कृत्य कर रहे हैं। यह भी आरोप लगा चुके हैं कि संघ प्रमुख मोहन भागवत का 'सच्ची आजादी वाला बयान 'देश के संविधान के खिलाफ है। बेशक, आर्थिक प्रगति में समाज के हर हिस्से की भागीदारी होना जरूरी है। इसी से समावेशी समाज की परिकल्पना मूर्तकार हो सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रगति में हिस्सेदार नहीं बन सका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भी इस तरफ ध्यान दिलाया है। 'दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसद है, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं..यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं' यह ध्यान दिलाते हुए राहुल ने बिहार में की गई जाति आधारित गणना को 'फर्जी करार दिया। कहा कि यह 'लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है। ऐसा है तो राहुल को सबसे पहले कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार शासित राज्य में भी जाति आधारित जनगणना कराई जानी चाहिए। बिहार में जातीय गणना की गई थी न कि जातीय जनगणना, लेकिन इस तकनीकी पचड़े में न भी पड़ें तो इतना तो साफ है कि जातियों और समुदायों की वास्तविक संख्या का आंकड़ा न होने पर उनके लिए कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाओं का क्रियान्वयन बेमानी रहता है, और ऐसा होता भी रहा है। शायद यह भी कारण रहा देश की संपत्ति में इन जातीय समूहों की हिस्सेदारी का आकलन आज भी हमारे पास नहीं है। कहना न होगा कि जातीय गणना या जातीय जनगणना-भले ही जो भी कहें-से ही हमें उन समूहों की सटीक संख्या मिल सकेगी जिन्हें लक्षित करके योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जा सकेंगी। समावेशी विकास तभी सुनिश्चित हो सकेगा।

## दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल, कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी, लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। इस बीच काफी कुछ बदला। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला, लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रैल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आंदोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नये हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आंदोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने, मगर आप और कांग्रेस की नहीं निभी। 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नये सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं। बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती।

# महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण



गिरीश्वर मिश्र

बापू की स्मृति सात्विक मूल्यों के लिए सतत संघर्ष की याद दिलाती है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादा धन-सम्पदा न रखना), प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न करना, शारीरिक श्रम, आपसी सौहार्द बनाए रखना गांधी जी के जीवन सूत्र थे। इनको लेकर वे निजी सामाजिक जीवन में खुद चलते थे और अपने साथ के लोगों को उनको अपनाने के लिए कहते थे। उनकी संगति में बहुतेरों ने अपने लिए स्वदेशी विचार-व्यवहार को अपनाया भी। गांधी जी के प्रभाव में खादी और चरखा घर-घर प्रचलित हुआ। स्वावलंबन के लिए सबने व्रत लिया। विकेंद्रीकृत और प्रजातांत्रिक तरीके से स्थानीय स्तर पर सामाजिक जीवन चलाने के कई सफल प्रयोग भी उन्होंने किए। स्थानीय और वैश्विक के अंतर्सबंधों को मानवीय स्तर पर समझने की उनकी कोशिश अनोखी थी। सीधा-सादा, सच्चा और लोक की रक्षा को समर्पित उनकी नीति स्वभाव में समावेशी थी । उन्होंने एक मानवीय राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात किया और साहस के साथ उसे अपनाया। जीवन भर गांधी जी प्रयोग करते रहे और स्वयं को परखते रहे। उनके लिए 'सर्व' का कल्याण उचित अनुचित तय करने की कसौटी थी। इस तरह की सोच समय से आगे थी और स्वतंत्र भारत के कर्णधारों को कदाचित बहुत प्रिय नहीं थी इसलिए उसका हाशियाकरण उनके जीते जी ही शुरू हो गया था जिसे वह प्रकट भी कर रहे थे। स्वतंत्र भारत में मनाए गए पहले और अंतिम जन्म दिवस पर दो अक्तूबर 1947 को उन्होंने बड़े दुखी मन से अपनी मृत्यु की कामना की थी। कुछ महीनों बाद ही 1948 की जनवरी में उनके आकस्मिक और मर्मांतक दैहिक अवसान से देश के सम्मुख कई प्रश्न खड़े हुए। उनके विचार जीवित हैं और उनको स्मरण भी किया जाता है परंतु अब अनुष्ठान अधिक हैं और वास्तविकता के धरातल पर उनको उतारना बेहद मुश्किल हो रहा है। अब तो कई नेता देश की प्राथमिकता को दांव पर लगाने में भी लोग नहीं चूकते।अपने मूल सैद्धांतिक स्वभाव से राजनीति जनार्दन की जनता की सेवा के लिए है और सरकार का दायित्व और काम मुख्यतः जनता की सुख-सुविधा की व्यवस्था को सुनिश्चित करना और उनके लक्ष्यों को पाने में मदद करना है। इस दृष्टि से नेतागिरी समाज को समर्पित जनसेवा का उपक्रम हो जाता है। सच्चाई और ईमानदारी देश के निर्माण और प्रगति का आधार होता है। यह दुखद सच्चाई है कि बदलते दौर में अब भारत की राजनीतिक पार्टियां देश सेवा से विराट हो कर व्यापार और उद्योग धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अब इन पार्टियों के चुनाव प्रचार का नजारा वोट की फसल खरीदने के लिए बोली लगाने जैसा होता जा रहा है। चुनाव में भाग लेने वाली एक पार्टी हिसाब लगा कर वोट बेंचने के लिए मतदाताओं तक पहुंच कर उसको खरीदने का सौदा करती है। यह कहते हुए वैध या पात्र मतदाता का पंजीकरण किया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि अगर उनकी सरकार बनी तो उसे कुछ हज़ार रूपये ज़रूर दिए जाएंगे । इस तरह के अवैध और अनर्गल प्रयास यही साबित करते हैं कि छद्म, छल और कपट से वोट को खरीदना और बटोरना धोखेदार राजनेताओं की पसंदीदा शैली होती जा रही है। ऐसे में राजनीतिज्ञों की बिरादरी की साख तेजी से घट रही है और उन पर आम जनों का भरोसा घटता जा रहा है। अब मंच, रैली और फोन आदि भिन्न-भिन्न तरीकों से मतदाताओं तक अधिकाधिक पहुंच बनाई जाती है। घर-घर चलते घनघोर प्रचार के साथ वादा, संकल्पों और गारंटियों के एक से एक तोहफों की घोषणाओं की भरमार होती है। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्माटन आदि को लेकर मुफ्त सुविधाओं की बरसात किश्तों में हो रही है। हर पार्टी दूसरी पार्टी से बढ़चढ़ कर दावे ठोंक रही है। जहां तक पुराने अधूरे वादों का सवाल है और अपनी असफलता का सवाल है उसका ठीकरा विपक्षी दल पर फोड़ना आम बात है। पार्टियां मतदाता को लुभाने और घेर कर अपने पक्ष में करने के सभी जुगाड़ लगा रही हैं। समानता और समता की दुहाई देने वाली पार्टियां जाति, धर्म और क्षेत्र का खुले आम फायदा उठा रही हैं। नागरिक सुविधाओं की कमी और अव्यवस्था से जूझ रहे मध्य वर्ग के लोगों को राजनैतिक पार्टियों के वादे



कुछ राहत देने वाले लगते हैं तो गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को बेहद प्रलोभित करने वाले होते हैं। उनको सम्मान राशि में रुपयों पैसों को लेकर तात्कालिक फायदा दिखता है और भोली भाली जनता उसी के हिसाब से वोट डालने के लिए अपना मन बनाती और बिगाड़ती रहती है। कोई राजनेता यह नहीं बताता कि इन वादों और गारंटियों की अनंत सूची के लिए धन कहां से आएगा और इसकी प्रक्रिया क्या होगी। राजनैतिक विचारधारा से लगाव अब कोई मायने नहीं रखता। समाज, देश और मानवता आदि के व्यापक सरोकार वाली सोच अब पूरी तरह से हाशिए पर पहुंचती दिख रही है। साथ ही चर्चाओं में भी नैतिकता के जरूरी मानक की चेतना जाती रही। सार्वजनिक मंच राजनैतिक वाद-विवाद में होने वाली चर्चाएँ हास्यास्पद रूप से चरित्र-हनन पर केंद्रित होती जा रही हैं। सभी एक दूसरे पर कीचड़ उछलते हैं और विगत इतिहास के पन्नों से उदाहरण निकाल-निकाल कर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। पर कौन छोटा है और कौन बड़ा यह कहना मुश्किल होता है क्योंकि सभी दलों के इतिहास ऐसी घटनाओं से भरे पड़े होते हैं और वर्तमान में बड़ी समानताएं दिखती हैं। उदाहरण के लिए अपराध की पृष्ठभूमि यानी दागी नेता लोगों को प्रश्रय देने की मजबूरी कमोबेश सभी दलों में दिखती है। उनकी पात्रता को लेकर संदेह होने पर भी उनसे भय के कारण मौका दिया जाता है। अनेक नेता लाज शर्म छोड़ अपने धन-दौलत की बदौलत पार्टियों से टिकट पाने में सफल हो जाते हैं और फिर जीतने के बाद धन-उगाही ही उनका राजनीतिक कर्म हो जाता है। अनेक पूर्व गरीब और वर्तमान में बने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनेताओं के पास अथाह धन-सम्पत्ति जिस तरह एकत्र होती दिखती है वह छुपा नहीं है। चुनाव में प्रत्याशियों की सूची देखें तो लगता है करोड़पति अरबपति होना अब राजनीति में प्रवेश लेने की शर्त होने लगी है। आर्थिक जगत में इतने तरह के घोटाले होते रहे हैं कि लोगों का राजनीति और राजनेता से भरोसा उठता जा रहा है। आज राजनैतिक परिवेश दारुण और पीड़ादायी हो रहा है। सत्ता और शक्ति का नशा गहराता जा रहा है। ऐसे में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए शुचिता की शर्त याद रखनी होगी। चरित्र का निर्माण और मूल्यों की प्रतिष्ठा का कोई विकल्प नहीं है। महात्मा गांधी औपनिवेशिक सता के प्रतिरोध और हिंद-स्वराज की स्थापना का स्वप्न चरितार्थ कर सके थे। मनुष्य के रूप में दुर्बल काया परंतु दृढ़ आत्मबल से उन्होंने जो उद्यम किया वह मनुष्य की उदात्त और ऊर्ध्वमुखी यात्रा का अविकल प्रमाण है।

# महाकुंभ स्नान में भी राजनीति

अवधेश कुमार

महाकुंभ में बड़ा-छोटा कोई भी व्यक्ति स्नान करने जाए वह सामान्यतः चर्चा का विषय नहीं होना चाहिए। यह हमारी सनातन परंपरा में हर व्यक्ति का स्वाभाविक दायित्व है। किंतु पहले योगी आदित्यनाथ सरकार की पूरी कैबिनेट का एक साथ संगम में स्नान करना अनेक कारणों से चर्चा और विमर्श का विषय बना। उसके बाद जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्नान करने गए तो संपूर्ण मीडिया की दृष्टि उनकी ओर गई। स्नान करती उनकी तस्वीरें और छोटे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई या की गई। मकर संक्रांति को हरिद्वार गंगा में स्नान की उनकी तस्वीरें भी इसी तरह वायरल हुई थी। हालांकि उसमें स्नान से ज्यादा सोशल मीडिया पर उनके शरीर सौष्ठव की ज्यादा चर्चा हुई। जब योगी आदित्यनाथ सहित संपूर्ण मंत्रिमंडल ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई मां गंगा, यमुना और सरस्वती की पूजा की तथा उसके बाद मुख्यमंत्री के साथ दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक साथ पूजा कर रहे थे तब भी वीडियो और तस्वीरें वायरल हुई। उस समय अखिलेश जी ने महाकुंभ पर राजनीति न करने की प्रतिक्रिया दी। यानी उन्होंने यह संदेश दिया कि भाजपा के मंत्री और नेता महाकुंभ पर राजनीति कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। हालांकि उनके स्नान पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने सधी प्रतिक्रिया में कहा कि 'देर आयद दुरुस्त आयदÓ, अखिलेश यादव जी महाकुंभ में पवित्र स्नान किया और उम्मीद है कि अब वह आस्था पर चोट नहीं पहुंचाएंगे। अखिलेश जी को भाजपा के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रियों मंत्रियों और नेताओं के कुंभ स्नान में राजनीति दिखाई दी तो स्वाभाविक है कि उनके स्नान में भी राजनीति देखी जाएगी। हालांकि स्नान के बाद उन्होंने भाजपा को सहनशील होने की सलाह दी तथा 11 डुबकियों के बारे में उनके एक्स हैंडल पर कुछ अच्छी पंक्तियां लिखी हुई थी। उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती को साथ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाला भी बताया। क्या वाकई अखिलेश जी के स्नान को इन्हीं सद्भाव, सामाजिक एकता और धार्मिक भावनाओं की परिधि के अंदर मान लिया जाएगा? दरअसल, केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने हिन्दुत्व, धार्मिक आस्था, धर्मस्थलों, कर्मकांडों से लेकर इनसे जुड़े विषयों पर जैसी प्रखरता और सुस्पष्टता दिखाई है उसका असर चारों ओर है। महाकुंभ में निहित हिन्दुत्व की व्यापकता, विशालता, सर्व सामूहिकता तथा भारत की महान अध्यात्म , संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं, सामाजिक- पंथीय-एकता के भावों को संपूर्ण विश्व में प्रचारित-प्रसारित करने और दिखाने की रणनीति अपनाई है उनसे राजनीति अप्रभावित रहे ऐसा संभव नहीं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार के संपूर्ण मंत्रिमंडल ने महाकुंभ स्नान और वहीं मंत्रिमंडल का बैठक की। महाकुंभ की पूर्व तैयारी में जैसी सक्रियता मुख्यमंत्री एवं दोनों उप मुख्यमंत्रियों तथा अनेक मंत्रियों के दिखाई उसका भी संदेश था और लोगों ने माना कि इस तरह किसी सरकार ने करने की कोशिश नहीं की। अखिलेश जी के कार्यकाल में 2013 में हुए महाकुंभ में मुख्यमंत्री और सरकार की भूमिका से वर्तमान सरकार की व्यवस्थाओं, दोनों के आचरणों आदि की तुलना हो रही है। वैसे तो 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद से हिन्दुत्व, धर्म, भारतीयता आदि के संदर्भ में धीरे-धीरे माहौल बदला है और जिन मुद्दों पर बोलने तक से बचते थे, पूजा-पाठ व कर्मकांड को दिखाने तक में संकोच करते थे वो सब वर्जनायें लगभग ध्वस्त हुई हैं। सौभाग्य भारत की चेतना इन आधारों पर बहुत कुछ निर्धारित करने लगी है जिसमें राजनीति भी है। अखिलेश यादव जी ने जब महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक को गलत बताया तो लोगों की सामान्य प्रतिक्रियाएं उनके विरु द्ध थीं। अगर संपूर्ण भारत के जिलों तक का प्रतिनिधित्व प्रयागराज महाकुंभ में है, उत्तर प्रदेश के कोने-कोने लोग आ रहे हैं, देश और विश्व भर के सनातन धर्म के साधु-संत-संन्यासी, विचारक, संस्कृतिकर्मी, पुजारी वहां प्रवचन, कर्मकांड आदि करते हुए विश्व कल्याण के भाव से साधना कर रहे हों, विचार-विमर्श हो रहा हो तो कैबिनेट की बैठक स्वाभाविक रूप से वही होनी चाहिए। सरकार जनप्रतिनिधि है तो यह अवसर है जनता के मनोभाव के साथ खड़े होने और काम करने की निष्ठा प्रदर्शित करने का। ऐसे सकारात्मक जन भावों के साथ एकता दिखाना भी सरकारों और राजनीति का दायित्व होना चाहिए। आज तक की राजनीति सेक्यूलरलाद की झूठी अवधारणा के कारण इनसे भागती रही है। इसी भाव से अखिलेश जी की नकारात्मक प्रतिक्रिया आई। सच महाकुंभ आरंभ के पहले से ही उनकी और पार्टी की प्रतिक्रियाएं नकारात्मक रहीं। विपक्ष के नाते सपा को सरकार की कमियों, महाकुंभ में अगर जनता को समस्याएं व असुविधाएं हैं, नौकरशाही, कर्मचारी, ठेकेदारों के कार्य में कहीं कोताही है तो उन्हें उठाना या मुद्दा बनाना बिल्कुल स्वाभाविक है। विपक्ष के नाते यह उसकी भूमिका भी है। पर विपक्ष की इतनी ही भूमिका नहीं हो सकती। आपकी महाकुंभ में वैसी ही आस्था है जैसी अखिलेश जी ने स्नान करके प्रदर्शित की तो यह पहले से भी कई रूपों में दिखनी चाहिए थी। क्या सपा की कोई भूमिका महाकुंभ में है? कम-से-कम सपा जगह-जगह महाकुंभ में आए लोगों के स्वागत के कुछ बैनर भी लगा देती तो लगता कि वाकई कुंभ के प्रति उसकी आस्था है। 2013 के महाकुंभ को याद करिये, तो आपको भाजपा के बैनर तस्वीरें मिलेंगी। संघ विचार परिवार के अनेक संगठनों ने जगह-जगह सेवा के कैंप लगाए थे। इसलिए भाजपा सरकार कुछ कर रही है तो उसकी अतीत से वर्तमान तक सुसंगति है। आप चाहे कुछ भी करिए, योगी सरकार और भाजपा को अलग से कुछ साबित करने या प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है। इस मौलिक अंतर को समझना पड़ेगा। राजनीति इतनी नैतिक और पवित्र हो, सनातन के प्रति स्वाभाविक रूप से आस्थावान होकर राजनीतिक रणनीति बनाएं और काम करें तभी भारत, मानवता और विश्व का वास्तविक मंगल होगा और यह किसी दृष्टि से सेक्यूलर विरोधी नहीं होगा। अभी तक की गलत धारणा और स्वयं को हिन्दू कहने में संकोच, व्यक्तिगत स्तर पर पूजा-पाठ, पर सार्वजनिक स्तर पर इसे दिखाने से परहेज करने का स्वभाव ध्यान रखें तो जो हो रहा है उसे आसानी से समझ सकते हैं।




**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से आय बना रहेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। इस राशि के सरकारी सेवारत लोगों को खास कार्यभार संभालना पड़ेगा।

**वृष राशिः**आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जाएगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवारजनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए पॉज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज किसी उलझन से आपको छुटकारा मिलेगा, दोस्त आपको बेहतर सलाह देंगे। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है। आज किसी भी खास वस्तु की खरीदारी करते समय उससे संबंधित जानकारी अवश्य ले।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे।

**तुला राशिः**आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर पूरा करने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से रिश्ते बेहतर रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे आर्डर मिल सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे।

# परीक्षा का तनाव : कारण व समाधान



जया सुबोध कृष्णा, कक्षा- 8
दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो।

परीक्षा का नाम सुनते ही कई विद्यार्थियों के मन में घबराहट, चिंता और तनाव का भाव उत्पन्न हो जाता है। यह एक ऐसा अनुभव है, जिससे हर विद्यार्थी कभी न कभी गुजर चुका है, चाहे वह कक्षा में प्रथम आने वाला विद्यार्थी हो या अंतिम आने वाला वाला व्यक्ति ही क्यों न हो। परीक्षा का तनाव आज के समय में एक बड़ी समस्या बना चुका है, खासकर आकांक्षी युवाओं के बीच।

यह न केवल मानसिक, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है। परीक्षा के तनाव के कई कारण हो सकते हैं, जैसे - उच्च अपेक्षाएं, हमारे माता-पिता, शिक्षक व समाज हमसे बहुत सारी अपेक्षाएं रखते हैं। जब विद्यार्थी के लिए यही अपेक्षाएं बहुत ज्यादा हो जाती हैं तो उनके मन में असफलता का डर बैठ जाता है, जो विद्यार्थियों के लिए तनाव का विषय है।

समय-प्रबंधन की कमी भी तनाव का एक मुख्य कारण है। अधिकतर छात्र परीक्षा के लिए समय पर तैयारी नहीं कर पाते। आखिरी समय में पढ़ाई करने से तनाव व घबराहट बढ़ जाती है। प्रतिस्पर्धा भी तनाव का एक कारण है। आज के युग में शिक्षा-क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बहुत बढ़ गई है। यह प्रतिस्पर्धा विद्यार्थियों को मानसिक रुप से थका देती है। परिणाम का डर भी तनाव का एक विशेष कारण हो सकता है। परीक्षा का परिणाम छात्रों के भविष्य को प्रभावित करता है। इसी कारणवश विद्यार्थी असफल होने या कम अंक आने के डर से तनाव में आ जाते हैं।

परीक्षा के तनाव के लक्षण चिंता व घबराहट, नींद की कमी (अनिद्रा), भूख न लगना, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास की कमी, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, सिरदर्द व पेटदर्द इत्यादि हैं। परीक्षा के तनाव से बचने के प्रभावशाली व कुशल समाधान की चर्चा करें तो समय-प्रबंधन अर्थात समय का सही उपयोग तथा समय पर अपनी पढ़ाई करते रहना तनाव को कम करने में मदद करता है। एक व्यवस्थित समय-सारणी बहुत आवश्यक है। अध्ययन का सही तरीका अपनाकर विषय को रटने की बजाय समझने का प्रयास करना चाहिए। विषयों को छोटे-छोटे भागों में विभाजित करके पढ़ना उपयोगी रहेगा। पर्याप्त नींद लें। यह तनाव को कम करने में सहायक होगी। पौष्टिक तथा संतुलित भोजन भी तनाव को कम करेगा। परीक्षा के नजदीकी दिनों में अपनी सोच सकारात्मक रखें। यदि तनाव अधिक हो तो अपने मित्रों तथा परिवारजनों से साझा करें।

माता-पिता तथा शिक्षकों को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि हर बच्चा अलग होता है और उसकी क्षमताएं भी अलग होती हैं। विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव डालने से बचें और उन्हें प्रोत्साहित करें। साथ ही बच्चों को यह अहसास दिलाएं कि परीक्षा केवल जीवन का एक हिस्सा है, पूरा जीवन नहीं।

'परीक्षा' शब्द का अर्थ ही यही है अन्य की इच्छा और इसी बात का तो तनाव है। हम नहीं जानते कि प्रश्न-पत्र बनाने वाले व्यक्ति कैसे प्रश्न देंगे। परीक्षा का तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन इसका समाधान किया जा सकता है। परीक्षा केवल ज्ञान व मेहनत का मापदंड है, न कि आपकी सारी क्षमताओं का, इसलिए तनाव से बचें और अपनी पूरी मेहनत और लगन से परीक्षा की तैयारी करें। सफलता आपके कदम चूमेगी।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ॰ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025


## संक्षिप्त समाचार

### एग्रीकल्चर में गोल्ड मेडलिस्ट ऐश्वर्या ने रचा इतिहास :पहले ही प्रयास में बिहार लोक सेवा परीक्षा पास कर बनी प्रखंड कृषि पदाधिकारी




**बेतिया, एजेंसी।** पश्चिम चंपारण की बेटी ऐश्वर्या ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणाम में 36वां स्थान प्राप्त कर उन्होंने प्रखंड कृषि पदाधिकारी का पद हासिल किया है। रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय से गोल्ड मेडल प्राप्त ऐश्वर्या वर्तमान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर कर रही है। उन्होंने साल 2024 में नेशनल एनवायरन्मेंटल साइंस एकेडमी, नई दिल्ली की ओर से उन्हें जूनियर साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस साल अमेरिका के प्रतिष्ठित प्रकाशक स्प्रिंगर से उनकी पुस्तक टेक्नोलॉजिकल एप्रोच फॉर क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रकाशित हुई है। सिविल कोर्ट में जिला नाजिर के पद पर कार्यरत संजीव कुमार तिवारी की बेटी ऐश्वर्या बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उनकी माता कुमारी श्वेता एक गृहिणी है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जर्नल्स में उनके शोध कार्य प्रकाशित होते रहते है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय ऐश्वर्या ने अपने माता-पिता, चाचा-चाची और गुरुजनों को दिया है। उनकी इस सफलता से पूरे जिले और उनके पैतृक गांव में खुशी की लहर है।

### कुंभ मेले को लेकर एनएच 19 पर लगा जाम : कैमूर के कुदरा में दोनों लेन ठप, 72 घंटे से लोग परेशान




**कैमूर, एजेंसी।** कुंभ मेले के कारण कैमूर जिले में एनएच 19 पर भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। कुदरा के पास राजमार्ग की दोनों लेन पूरी तरह से ठप है, इससे एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कुछ यात्री 72 घंटों से जाम में फंसे है। मुर्शिदाबाद से कुंभ जा रहे बस चालक छोटू कुमार ने बताया कि 30 यात्रियों के साथ 12 घंटे में मात्र 50 किलोमीटर की दूरी तय कर पाए है। आसनसोल से चंदौली जा रही अनीता शुक्ला तीन दिनों से जाम में फंसी है और उनकी गाड़ी पिछले 8 घंटों से एक इंच भी नहीं हिली है। इसी तरह, कोलकाता से दिल्ली जा रहे एक ट्रक चालक भी तीन दिनों से जाम में फंसे है। कुदरा थाना पुलिस के ललन कुमार के अनुसार, कुंभ मेले के कारण दोनों तरफ से वाहनों की भारी आवाजाही है। पुलिस प्रशासन जगह-जगह तैनात है और एक लेन को खाली कराने का प्रयास कर रही है, लेकिन दोनों दिशाओं से लगातार वाहनों के आने से स्थिति और जटिल हो गई है। यात्रियों का कहना है कि बिहार सरकार के खराब प्रबंधन के कारण उन्हें इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम इतना विकराल है कि आवश्यक सेवाओं को भी रास्ता देना मुश्किल हो गया है।

### पटना में 1 लाख की शराब बरामद :एंबुलेंस से की जा रही थी तस्करी, मौके से एक तस्कर गिरफ्तार

**पटना, एजेंसी।** पटना में एंबुलेंस से शराब की तस्करी की जा रही है। मंगलवार देर रात मद्य निषेध विभाग की टीम ने एंबुलेंस से शराब की खेप को बरामद किया है। मौके से एक तस्कर भी गिरफ्तार हुआ है। जिसकी सूचना हिलसा निवासी जितेंद्र कुमार के तौर पर हुई है। मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने भागवत नगर में छापेमारी की। विभाग को सूचना मिली थी कि शराब की तस्करी के लिए एंबुलेंस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# अधिकारियों ने पंचायती राज व्यवस्था को किया बर्बाद

## गांवों में लग रही चाइनीज सोलर स्ट्रीट लाइट जल नहीं रही, प्रक्रिया को बदलें



**पटना, एजेंसी।** राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अधिकारों की मांग को लेकर रैली की, पंचायती राज विभाग पर कई आरोप लगाए। प्रदेश मुखिया महासंघ के अध्यक्ष मिथिलेश राय ने कहा कि गांवों में खराब क्वालिटी वाली चाइनीज सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। अधिसंख्य जगह जल नहीं रही है। ब्रेडा इस योजना में असफल हो गया है, सरकार पूरी प्रक्रिया में बदलाव करे। उसी तरह कम्युनिटी बेस्ड नल जल योजना को वार्ड सदस्यों से छीन लिया गया है। मात्र दो जेई के जिम्मे 1200 टंकियों की देखरेख की जिम्मेवारी है। पीएचईडी इस योजना के रखरखाव में फेल हो चुका है। पंच-सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष आमोद कुमार निराला ने कहा कि ग्राम कचहरियों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीवंत किया, जिसे अधिकारियों ने बर्बाद कर दिया है। पटना के मिलर हाईस्कूल मैदान में खुले मंच से निर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत और ग्राम कचहरी के प्रतिनिधियों ने अधिकारों में कटौती के खिलाफ आवाज उठाई। कहा-केरल मॉडल की तर्ज पर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, कबीर अंत्येष्टि, श्रमिक निबंधन सभी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की स्वीकृति पंचायतों से कराई जाए। रैली का नेतृत्व बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के अध्यक्ष सह त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ बिहार के संयोजक मिथिलेश कुमार राय ने किया।

### पंचायत प्रतिनिधियों की मुख्य मांगें

- वेतन, भत्ता, पेंशन, सुरक्षा, आर्म्स लाइसेंस मिले। आपराधिक घटना, प्राकृतिक मौत पर आश्रितों को आर्थिक अनुदान मिले।
- वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को नल जल मेंटेनेंस के लिए वित्तीय सुविधा के साथ पूरी जिम्मेवारी दी जाए।
- मनरेगा को कृषि से जोड़ा जाए। प्रशासनिक स्वीकृति का दायरा और मजदूरी दर बढ़ाते हुए पंचायती इकाइयों से भुगतान कराया जाए।
- विधान परिषद स्थानीय पंचायत निकाय के चुनाव में ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों को मतदाता बनवाया जाए।
- ग्राम कचहरी को सशक्त बनाने के लिए अतिरिक्त आर्थिक अनुदान मिले। ग्राम कचहरी प्रहरी, आदेशपाल, कंप्यूटर ऑपरेटर, अमीन का नियोजन हो।
- योजनाओं को वेंडर या एजेंसियों के हवाले किया जाना बंद हो।
- ई पंचायत पोर्टल, ई ग्राम स्वराज पोर्टल की समस्याओं का समाधान किया जाए।
- पंचायत सरकार भवन का निर्माण ग्राम पंचायत के माध्यम से कराया जाए।
- 73वें संशोधन से पंचायती राज के अधिकारों को छीना, पंगु बनाने की हो रही साजिश

मिथिलेश कुमार राय ने कहा-राज्य और केंद्र सरकार वित्त आयोग की सिफारिशों को 100 फीसदी लागू करे, तभी गांवों का विकास संभव है। संविधान से मिले 29 विभागों को त्रिस्तरीय संस्थाओं को नहीं सौंपना सुनियोजित साजिश है। संविधान के 73वें संशोधन से मिले पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों को छीन लिया गया है। निर्वाचित ग्राम सरकारों को पंगु बनाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सभी जिलों से पटना की ओर आने वाली ट्रैफिक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर पटना जीरोमाइल, बिहटा चौक, गांधी सेतु को जाम कराया गया ताकि पंचायत प्रतिनिधि पटना नहीं पहुंचे। मुख्य वक्ताओं में पंचायत समिति प्रमुख संघ की प्रदेश अध्यक्ष रश्मि कुमारी, वार्ड संघ के प्रदेश अध्यक्ष गणेश कुमार चौधरी, जिला पार्षद संघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत दीपांकर भी शामिल थे।



## खिड़की से पेशाब फेंकने के विवाद में पांच लोग जख्मी:समस्तीपुर में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

### जख्मियों अस्पताल में भर्ती कराया गया

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर नक्कु स्थान के पास दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद खिड़की से पेशाब फेंकने को लेकर उत्पन्न हुई थी। इस घटना में दोनों पक्षों से कुल पांच लोग जख्मी हो गए हैं, जिनमें विभा देवी, उनके दोनों पुत्र शिवम और गौरव, और दूसरे पक्ष के संजय शर्मा तथा आंचल कुमारी शामिल हैं। शिवम कुमार, एक पक्ष के सदस्य, ने बताया कि उनके पटीदार संजय शर्मा और उनके परिवार के लोग अक्सर उन्हें तंग करते रहते थे। उन्होंने खिड़की से कूड़ा कचरा और पानी फेंकने की शिकायत की थी, जिससे बचने के लिए उन्होंने खिड़की को चादर से बंद कर दिया था। मंगलवार को संजय शर्मा ने उस खिड़की को तोड़कर गर्म पानी और पेशाब फेंक दिया। इस पर विरोध करने पर संजय शर्मा और उनके परिवार ने शिवम और उनके परिवार की जमकर पिटाई कर दी। शिवम के नाक पर गहरा जख्म आया है।

### थूक फेंकने के बाद शुरू हुआ विवाद

वहीं, दूसरे पक्ष के संजय शर्मा का कहना है कि शिवम और उनका परिवार हमेशा उन्हें तंग करते रहते हैं। उनके अनुसार, आज खिड़की से उनके घर में थूक फेंक दिया गया, जिसके बाद गुस्साई उनकी बेटी ने गर्म पानी फेंक दिया। इसके बाद विवाद बढ़ा और दोनों पक्षों में मारपीट हुई।

विवाद के बाद, आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया और दोनों पक्षों के जख्मी लोगों को सदर अस्पताल भेजा, जहां उनका उपचार कराया गया। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें इस मारपीट की सूचना मिली है। हालांकि, अभी किसी पक्ष का बयान दर्ज नहीं हुआ है। बयान मिलने के बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शिकायतें कम करने को नई व्यवस्था:भू-अर्जन अधिकारी को जनसुनवाई में रहना होगा



**पटना, एजेंसी।** भू-अर्जन में लोगों की शिकायतों को कम करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नई व्यवस्था की है। भूमि अर्जन की प्रक्रिया में सामाजिक प्रभाव आकलन का कार्य गंभीरता के साथ किया जाएगा। जनसुनवाई में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी खुद या उनके विशेष प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। भू-अर्जन निदेशक कमलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी डीएम को पत्र लिखा है। दरअसल भूमि अधिग्रहण के मामलों में सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) निर्धारित समय सीमा में नहीं हो पा रहा है। भू-अर्जन पदाधिकारी या उनके प्रतिनिधि की अनुपस्थिति से एसआईए प्रतिनिधियों को परियोजना से संबंधित कई प्रश्नों का उत्तर देने में परेशानी होती है, जिससे परियोजना को समय पर पूरा करने में देरी हो रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और सचिव जय सिंह ने भू-अर्जन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को सरल, सहज और आम लोगों के लिए सुगम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि शिविर में भू अर्जन अधिकारियों की उपस्थिति से लोगों की चिंताओं से अवगत होने में प्रशासन को मदद मिलेगी। बिहार में पांच संस्थाओं एएन सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, एलएन मिश्रा आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, विकास प्रबंधन संस्थान और आद्री को सामाजिक प्रभाव आकलन की जिम्मेदारी दी गई है। हर परियोजना के शुरू होने के साथ उनके सामाजिक प्रभाव के आकलन के लिए इन्हीं 5 संस्थानों से प्रस्ताव मंगाए जाते हैं और जिनका प्रस्ताव न्यूनतम होता है उसे एसआईए करने की जिम्मेदारी दी जाती है।

सामाजिक प्रभाव आकलन क्या है

वार्ड या ग्राम स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के परामर्श और उनकी उपस्थिति में निर्धारित तिथि और स्थल पर सामाजिक प्रभाव आकलन काम किया जाता है। उसमें इस तथ्य की जांच की जाती है कि प्रस्तावित भू-अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा हो रहा है या नहीं? इसमें जमीन हासिल करने वाला संस्थान, जिला भू-अर्जन कार्यालय के अधिकारी और अर्जन से प्रभावित रैयत उपस्थित रहते हैं। उसमें विस्थापित होने वाले लोगों और उनके पुनर्वास के बारे में भी विस्तार से चर्चा की जाती है और विशेषज्ञ समूह को रिपोर्ट सौंपी जाती है।

### 50 हजार रुपए से शुरू किया आचार का बिजनेस : सहरसा की महिला उद्यमी की सफलता की कहानी

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा जिले की पतरघट निवासी जया कुमारी की कहानी प्रेरणादायक है। एक समय में एक-एक रुपए की मोहताज रहने वाली जया आज महीने में ढाई लाख रुपए तक कमा लेती है। उनकी इस सफलता की कहानी में जीविका की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जया की जिंदगी तब बदली जब उन्होंने जीविका से जुड़कर अपना खुद का कारोबार शुरू किया। जीविका से मिले 50,000 रुपए के लोन से उन्होंने आचार का बिजनेस शुरू किया। अपनी मेहनत और लगन से इस छोटे से कारोबार को उन्होंने सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। जया अब विभिन्न प्रकार के आचार बनाती है और इनकी सप्लाई बिहार के कई जिलों में करती है। उनके हाथ का बना आचार बाजार में खूब पसंद किया जाता है। वह बिहार सहित कई राज्यों में आयोजित होने वाले सरस मेले में भी भाग लेती है, जहां उनके उत्पादों की अच्छी मांग रहती है। दिल्ली पटना समेत अन्य राज्यों मे अचार खूब पसंद हो रहा है। जया ने बताया कि यह सफर आसान नहीं था। उनके पति मजदूरी करते थे, इसमें कभी काम मिलता था तो कभी नहीं।



## स्कॉर्पियो चोरी मामले में 4 घंटे में 2 आरोपी गिरफ्तार

**गया पुलिस ने स्कॉर्पियो और दो मोटरसाइकिल की बरामद, आरोपी के खिलाफ कई केस दर्ज**

**गया, एजेंसी।** गया पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर स्कॉर्पियो चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही, पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और चोरी की गई स्कॉर्पियो भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक कुमार और कुंदन कुमार शामिल हैं, जिनके खिलाफ पहले से महकार थाना में 10 चोरी के मामले दर्ज हैं। 28 जनवरी 2025 को वादी ने महकार थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि रात को घर के सामने खड़ी स्कॉर्पियो सुबह गायब हो गई। इस शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। वरीय पुलिस अधीक्षक ने नीमचक बथानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई, जिसने तकनीकी अनुसंधान और सूचना संकलन के बाद छापेमारी की। पुलिस को जानकारी मिली कि चोरी की गई स्कॉर्पियो बहबलपुर नहर के पास देखी गई है। टीम ने मौके पर पहुंचकर कुछ संदिग्धों को भागते हुए देखा और घेराबंदी करके दीपक कुमार और कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपियों ने पुलिस की तेज कार्रवाई और गिरफ्तारी :** पकड़े गए आरोपियों दीपक कुमार और कुंदन कुमार ने पूछताछ के दौरान स्कॉर्पियो चोरी के अलावा महकार और खिजरसराय थाना क्षेत्रों में कई अन्य चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की हैं।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने चोरी की गई स्कॉर्पियो और दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

## बेंगलुरु में ट्रेन सेट निर्माण का काम शुरू:पहले चरण में एलिवेटेड ट्रैक पर दौड़ेंगी सिर्फ दो ट्रेनें

**पटना, एजेंसी।** पटना मेट्रो के कॉरिडोर टू को सबसे पहले चालू किया जाएगा। पहले चरण में 6.63 किमी एलिवेटेड ट्रैक पर दो मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी। इसका निर्माण बेंगलुरु में चल रहा है। राज्य सरकार से 115 करोड़ की राशि मिलने के बाद एक सेट ट्रेन बनाने के लिए बेंगलुरू एजेंसी को कार्य सौंपा गया है। रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए सामग्री पटना मंगाई गई है। फरवरी से ट्रैक बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा। खेमनीचक स्टेशन को बाइपास कर किया जाएगा चालू : पहले चरण में चार स्टेशन पर ही यात्रियों को चढ़ने-उतरने की सुविधा होगी। इसमें मलाही पकड़ी, भूतनाथ, जीरोमाइल और आईएसबीटी शामिल है। खेमनीचक स्टेशन को बाइपास किया जाएगा। कारण, यहां 15 अगस्त तक तय लक्ष्य के अनुरूप कार्य संभव नहीं है। इंटरचेंज स्टेशन होने के कारण कार्य बहुत बचा हुआ है।

### तीन स्टेशन का तेजी से चल रहा काम

बस डिपो में प्रशासनिक भवन बनकर तैयार हो गया है। इसके साथ ही आईएसबीटी स्टेशन, जीरो माइल और मलाही पकड़ी स्टेशन का निर्माण कार्य 80 फीसदी से अधिक कार्य हो गया है। भूतनाथ स्टेशन का निर्माण तेजी से चल रहा है।

### इन जगहों पर बन रहा स्टेशन




कॉरिडोर वन में दानापुर, सगुना मोड, आरपीएस, पाटलिपुत्र, रूकनपुरा, राजाबाजार, पटना जू, विकास भवन, विद्युत भवन, पटना स्टेशन, मीठापुर, रामकृष्णा नगर, जगनपुरा, खेमनीचक शामिल है। कॉरिडोर टू में पटना स्टेशन, गांधी मैदान, आकाशवाणी,, पीएमसीएच, पटना विवि, मोइन उल हक स्टेशन, राजेंद्र नगर, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरो माइल, न्यू आईएसबीटी शामिल है।

### खुसरूपुर थानाध्यक्ष लापरवाही के आरोप में सस्पेंड: गोलीबारी और आगजनी मामले में एसएसपी ने की कार्रवाई

**पटना, एजेंसी।** पटना जिले के खुसरूपुर थानाध्यक्ष अंकिता कुमारी को लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी अवकाश कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर मनजीत कुमार ठाकुर को नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले मनजीत कुमार की पोस्टिंग दानापुर थाने में थी। सोमवार को लोदीपुर गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। गोली लगने से उदय सिंह के पुत्र अनमोल कुमार की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय रहते अगर प्रशासन एक्टिव रहती तो किसी की जान नहीं जाती।

**आरोपी के घर पर तोड़फोड़ और आगजनी :** घटना के विरोध में मंगलवार को मृतक के परिजनों ने आरोपी पक्ष के राजेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद, राजू कुमार, कमलेश सिंह, राजकुमार और कुंदन कुमार के घरों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए खुसरूपुर, सालिमपुर और दनियावां पुलिस मौके पर पहुंची थी। विवाद 2022 से चल रहा था। उदय सिंह और राजेंद्र प्रसाद के परिवारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि राजेंद्र प्रसाद के परिवार के दो सदस्य मंजू देवी और उनके पति अरुण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोलीबारी में राजेंद्र प्रसाद के परिवार के तीन अन्य लोग भी घायल हुए थे। घटना के एक महीने बाद खेत में काम करते समय राजेंद्र प्रसाद पर भी गोलीबारी की गई थी।

# गिरते-झड़ते काले बाल, कर देंगे मालामाल; 1 किलो की कीमत 10 से 15 हजार, विदेशों में हो रही तस्करी



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिर से गिरते और झड़ते बालों की कीमत हजारों में है। शहर-गांव के गली-मोहल्लों में फेरीवाले घूमकर बाल खरीदते हैं। इसके बदले कोई बर्तन, सोनपापड़ी या अन्य सामान देते हैं। आपसे बाल खरीदकर चेन्नई, आंध्र प्रदेश व कोलकाता के व्यापारियों को बेचते हैं। वहां से बाल चीन, नेपाल व बांग्लादेश भेजे जाते हैं। इनका इस्तेमाल बिग (कृत्रिम बाल) बनाने में किया जाता है। पिछले दिनों डीआरआई की टीम ने मधुबनी के मधवापुर बॉर्डर से 80 लाख की कीमत के मानव बाल को जब्त किया था, जिसे तस्करी कर नेपाल भेजा जा रहा था।

डीआरआई सूत्रों के मुताबिक, मानव बाल की तस्करी करने वाले गैंग नेपाल, बांग्लादेश और चीन के बॉर्डर पर काफी सक्रिय हैं। चीन में भारतीयों के बाल से बनी विग की सबसे अधिक डिमांड है। इसका कारण है कि यह काफी चमकदार और रियल दिखता है। साथ ही टिकाऊ होने से बाजारों में महंगा बिकता है।

पता चला कि महिलाएं रोजाना बाल संवारती हैं और उस समय गिरते-झड़ते बाल को जमा करती हैं। फेरीवाले से बेचकर सोनपापड़ी, बर्तन, बाल में लगाने वाला चांप/क्लिप, कंघी या दिनचर्या में इस्तेमाल होनेवाले सस्ते सामान लेती हैं। फेरीवाले किलो के हिसाब से बड़े दुकानदारों को 10 से 15 हजार रुपए किलो में बेचते हैं। जो इसे बाहर के व्यापारियों को बेच देते हैं। डीआरआई की मुजफ्फरपुर शाखा ने मधवापुर बॉर्डर से पकड़े गए मुर्शिदाबाद के तस्कर अताउर रहमान और अब्दुल अजीम से पूछताछ की थी।

तस्करों ने बताया था कि दक्षिण भारत के कई तीर्थ स्थलों से चुराकर बालों को जुटाया जाता है। खासकर तिरुपति बालाजी मंदिर में होने वाले मुंडन से सबसे ज्यादा बाल जुटाए जाते हैं। डीआरआई टीम ने तस्करी के रूट को भी चिह्नित किया है। पहले तस्कर बंगाल से म्यांमार व बांग्लादेश के रास्ते बालों की तस्करी करते थे। ईडी के शिकंजा कसने पर तस्करों ने नया रूट तलाश लिया है। अब तस्करों ने इंडो-नेपाल बॉर्डर को चुना है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज हादसे में पांच की मौत, बलिया की मां- बेटी समेत चार और मऊ की एक महिला की गई जान

**बलिया , एजेंसी।** महाकुंभ में मची भगदड़ के दौरान बलिया जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों की मां-बेटी सहित चार लोगों की मौत हो गई है। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन प्रयागराज के लिए रवाना हो गए।

नगरा थाना के चचया गांव की दो महिलाओं की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। मृतकों की पहचान रिंकी सिंह (35) पत्नी छट्ठू सिंह एवं मीरा देवी (50) पत्नी बलजीत सिंह के रूप हुई। दोनों गांव में पड़ोसी थीं और साथ में ही महाकुंभ स्नान के लिए गई थीं। मौत की पुष्टि परिजनों ने की है।

बुधवार की सुबह करीब 3 बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद से ही परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों ने परिजनों को ढांढ़स बंधाया। मृत महिलाओं के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। वहीं, फेफना थाना के नसीराबाद गांव निवासी रीना देवी (36), बेटी रोशनी पटेल (8) की महाकुंभ में मची भगदड़ में मौत हो गई है। इसकी पुष्टि रीना के पति दिनेश पटेल ने की है। दिनेश पटेल ने मोबाइल फोन पर घटना की सूचना परिजनों को दी और बताया कि यहां से शव लाने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। घटना की खबर लगते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार के सदस्य घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

**प्रयागराज हादसे में मऊ की एक महिला की मौत:** मऊ जिले के कोपागंज क्षेत्र के फतेहपुर ताल नारजा निवासिनी प्रभावती राजभर पत्नी लाला राजभर की मौत हुई है। वह 28 जनवरी को निजी वाहन से गांव के कुछ लोगों के साथ मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान करने गई थी। जहां मंगलवार को भगदड़ के दौरान महिला की मौत हो गई।

### कार पलटने में घायल युवक की मौत

**अलीगढ़ , एजेंसी।** जीटी रोड पर अकराबाद टोल प्लाजा के पास रविवार की शाम एक कार पलटने से उसमें सवार दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। एक घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

थाना अकराबाद के गांव दभा निवासी अभिषेक (18) पुत्र सतेंद्र कुमार शर्मा सिकंदराराऊ के गांव मुबारकपुर में अपनी बुआ के घर रहता था। परिवार के भाई विकास शर्मा ने बताया है कि रविवार को उनके परिवार के लोग कार द्वारा अलीगढ़ से गांव लौट रहे थे।

इसी बीच अज्ञात कारणों से कार अचानक पलट गई थी। जिसमें अभिषेक के साथ चार लोग घायल हो गए थे। घायलों का दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां मंगलवार की सुबह अभिषेक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### बेकरी में बिस्कुट जला तो मालिक ने कारीगर को तेल डालकर जलाया, गंभीर हालत में दिल्ली किया रेफर

**बिजनौर , एजेंसी।** बिजनौर जनपद के नूरपुर में कारीगर से बिस्कुट जलने पर मालिक ने कारीगर पर जुल्म ढहाए। आगबबूला हुए बेकरी स्वामी अकरम ने कारीगर सलीम को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। जिसमें सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर दौड़े अन्य लोगों ने बामुश्किल उसे बचाया लेकिन तब तक वह काफी हद तक झुलस गया था। थाना क्षेत्र के गांव पोटी निवासी अकरम हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक बिस्कुट बेकरी चलाता है। जिसमें क्षेत्र के गांव पोटा निवासी सलीम व मेहताब पुत्रगण अब्दुल मजीद कारीगरी का काम करते हैं।

बताया गया है कि गत 22 जनवरी की रात बेकरी में बिस्कुट जलने की शिकायत पर बेकरी स्वामी के पुत्रों बिलाल व एहसान ने सलीम को गाली गलौज करते हुए मारपीट करने के बाद उसके ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। पीड़ित के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर घटना स्थल पर दौड़े उसके भाई मेहताब को भी परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए चुपचाप रहने की बात कही।

# गंगा मैया की कृपा से हम बाल-बाल बच गए...भगदड़ में फंसा रहा रवि, बताया- कैसे हुआ हादसा



**एटा , एजेंसी।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान से पहले प्रयागराज के संगम तट पर भगदड़ मच गई, जिसमें कई श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर है। मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए एटा जिले के निधौली कलां क्षेत्र से 10 श्रद्धालु भी स्नान करने के लिए गए थे। भगदड़ के दौरान वे लोग बुरी तरह फंस गए। इस दौरान इनमें से एक बुजुर्ग बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें साथियों ने भीड़ से बमुश्किल बाहर निकाला।

निधौली कलां से कुंभ स्नान के लिए महंत शेरपाल के साथ 10 श्रद्धालु प्रयागराज गए हुए थे। इन्हीं में शामिल रवि राजपूत ने बताया कि रात में भीड़ कम होगी, इस वजह से वे दो बजे वे संगम तट पर पहुंच गए थे, लेकिन दृश्य कुछ और ही था। भीड़ इस कदर थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं मिल पा रही थी। इसी दौरान शोर हुआ और देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई। कुछ लोग गिरे तो भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई।

भगदड़ के दौरान कई लोगों का सामान छूट गया। न जाने क्या आफत थी कि कोई किसी की सुन ही नहीं रहा था। रवि राजपूत ने बताया कि उनके दल के सदस्य चिल्ला रहे थे। एक साथ रहने का प्रयास किया जा रहा था, जिससे कोई भटके नहीं। इस दौरान महंत शेरपाल का हाथ छूट गया और वे जमीन पर गिर गए। भीड़ उनके ऊपर से गुजरती, उससे पहले ही उन्हें साथियों ने मिलकर उठा लिया। इसके बाद भी उनको काफी चोट आई है।

रवि ने बताया कि बमुश्किल वहां से बचते-बचते सुरक्षित स्थान की ओर पहुंचे, जहां भीड़ कम थी। उन्होंने बताया कि गंगा मैया कि कृपा थी जो बाल-बाल बच गए। महंत शेरपाल घायल हैं। फोन से घरवालों ने उनसे संपर्क किया। रवि ने घरवालों को बताया कि वे लोग अभी प्रयागराज स्टेशन पर हैं। वहां से घर आने के लिए व्यवस्था देख रहे हैं। उनके साथ लोग गए सभी लोग सुरक्षित हैं। यहां पर इंटरनेट की व्यवस्था बंद कर दी गई है।

## महाकुंभ में भगदड़ः अखिलेश यादव बोले - बेहद दुखद... सरकार से की अपील, मायावती सहित अन्य नेताओं ने दुखद बताया

**लखनऊ , एजेंसी।** महाकुंभ में स्नान के लिए मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में उमड़ी भारी भीड़ और मची भगदड़ को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने और मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। वहीं, राजनीतिक दलों के नेताओं ने भगदड़ में मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के इलाज के लिए सरकार से मदद करने की अपील की है। अखिलेश यादव ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। श्रद्धांजलि!



**हमारी सरकार से अपील है किः** - गंभीर रूप से घायलों को एअर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटलों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। - मृतकों के शवों को चिन्हित करके उनके परिजनों को सौंपने और उन्हें उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध किया जाए। - ?जो लोग बिछड़ गये हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किये जाएं। - हैलीकाप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ाई जाए। - सतयुग से चली आ रही 'शाही स्नान' की अखण्ड-अमृत परंपरा को निरंतर रखते हुए, राहत कार्यों के समानांतर सुरक्षित प्रबंधन के बीच 'मौनी अमावस्या के शाही स्नान' को संपन्न कराने की व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं से भी हमारी अपील है कि वो इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थयात्रा संपन्न करें। सरकार आज की घटना से सबक लेते हुए श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने, भोजन-पानी व अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त प्रबंध करे। हादसे में आहत हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना।

**मायावती बोलीं - घटना बेहद दुखद और चिंतनीयः** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर कहा कि प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुंभ में हुई भगदड़ में, जिन भी श्रद्धालुओं ने अपनी जान गवाई है व घायल हुए हैं। यह घटना अति-दुःखद व चिन्तनीय है। ऐसे समय में कुदरत पीड़ितों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे, पार्टी की यही कामना। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि महाकुंभ में मौनी अमावस्या के नहान के दिन भगदड़ होने से कई लोगों के मृत और घायल होने का समाचार पीड़ादायक है। यह दुखद घटना इस मेले की अव्यवस्था और उत्तरप्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर कर रही है। योगी सरकार ने सारा पैसा सिर्फ अपनी ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर खर्च किया ना की महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था पर, ये इस सरकार की संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। हम लगातार ऐसी ही घटना के प्रति सचेत करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन शासन -प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगा। दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

## लखनऊ में श्रद्धालुओं को लेकर कुंभ स्नान को जा रही बस आईआईएम तिराहे पर पलटी, 11 चोटिल

**लखनऊ , एजेंसी।** लखीमपुर खीरी से प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस मंगलवार रात 2:30 बजे आईआईएम तिराहे पर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। घटना के समय अधिकांश श्रद्धालु सो रहे थे। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा, दरोगा सत्येंद्र प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। बस से सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि बस में करीब 40 यात्री थे। ये सभी कुंभ स्नान के लिए बस बुक कराकर जा रहे थे। दुर्घटना में 11 लोग चोटिल हुए हैं। सभी को ट्रामा भेजा गया। इनमें से आठ लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि राजकुमारी (60), सुमन देवी और कल्लू का उपचार चल रहा है। आशंका है कि बस चालक के झपकी आने से हादसा हुआ है। घटना के बाद चालक फरार हो गया। सभी यात्रियों को दूसरी बस से वापस घर भेज दिया गया।

## महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो बस से टकराई, दो महिलाओं की मौके पर मौत, सात गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ , एजेंसी।** अमेठी जिले में भीषण सड़क हादसा सामने आया जहां श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ्तार बोलेरो कार सामने आ रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो सवार तीन महिलाओं समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां दो महिलाओं को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया जबकि पांच घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।बोलेरो सवार सभी लोग सिद्धार्थनगर से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के लिए जा रहे थे। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। रामगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज हाईवे स्थित त्रिशुंडी सीआरपीएफ गेट के सामने का है। जहां देर रात करीब 11:30 बजे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो संख्या यूपी 58 एफ 2770 कि सामने से आ रही रोडवेज बस से भीषण टक्कर हो गई।हादसे में बोलेरो सवार माला पत्नी सूर्यनाथ, सुशील गुप्ता पत्नी हजारीलाल गुप्ता,सूर्यनाथ वर्मा पुत्र कन्हैयालाल वर्मा,गुड़िया पत्नी हरिओम, हजारी प्रसाद पुत्र राम उजागिर,मैना वर्मा पत्नी फूलचंद वर्मा और नरसिंह मिश्रा पुत्र अर्जुन मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही रामगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां 45 वर्षीय माला वर्मा पत्नी सूर्यनाथ वर्मा और 38 वर्षीय सुशील गुप्ता पत्नी हजारीलाल गुप्ता को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि पांच घायलों को प्रतापगढ़ जिला अस्साल किया गया जहां से एक व्यक्ति को रायबरेली एम्स रेफर कर दिया गया है बाकी सभी का इलाज चल रहा है।

**सिद्धार्थ नगर से प्रयागराज जा रहे थे बोलेरो सवारः** सिद्धार्थनगर जिले के अलग-अलग गांव से तीन महिलाओं समेत कुल नौ लोग प्रयागराज संगम में स्नान करने के लिए जा रहे थे ।तभी अयोध्या प्रयागराज हाईवे के सीआरपीएफ गेट के सामने हादसा हुआ जिसमें दो महिलाओं की मौत हुई जबकि पांच घायलों का अलग-अलग स्थलों में इलाज चल रहा है ल।वही दो लोग मामूली रूप से घायल हुए थे जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

**विधिक कार्रवाई करने में जुटी पुलिसः** रामगंज थाना प्रभारी अजयेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई भी की जा रही है।

## मौनी अमावस्या पर डुबकी के लिए गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### दान-पुण्य कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आज यहां बुधवार को मौनी अमावस्या पर डुबकी के लिए सभी गंगा घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी।



इसके लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई अहम कदम उठाए गए। सभी घाटों में सुरक्षाबल भी तैनात रहे, ताकि गंगा स्नान में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

आज शहर के बिठूर, अटल, परमट, सरसैया, मैस्कर, सिद्धनाथ, शुक्लागंज समेत सभी 14 घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे्। इसके लिए घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे।

आचार्य अश्वनी तिवारी ने बताया कि माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या मौनी अमावस्या के नाम से जानी जाती है। इस अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं में बड़ी ही आस्था है।

जबकि शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव और पितरों के साथ-साथ भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है। मान्यता है कि मौन रहकर गंगा स्नान करने से सुख समृद्धि और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यदि किसी के ऊपर पितृ दोष भी हैं, तो आज के दिन गंगा स्नान कर दान-पुण्य करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## जनवरी में मार्च जैसे गर्म हुए दिन



**गोरखपुर, एजेंसी।** ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण के कारण मौसम का मिजाज बदल रहा है। जनवरी में फरवरी व मार्च जैसा मौसम है। जनवरी माह में छह से सात पश्चिमी विक्षोभ बनने थे, लेकिन केवल दो ही बने हैं। इससे सर्दी में भी गर्मी महसूस होने लगी है। फरवरी और मार्च भी पिछले सालों की तुलना में गर्म होने की संभावना है। 19 जनवरी के बाद लगातार मौसम में परिवर्तन दिखाई दे रहा है, जब सर्दी होनी चाहिए, तब तापमान 25 डिग्री तक पहुंच गया है। दिन में धूप तेज है, सुबह और शाम की ठंड महसूस हो रही है। अभी आगे भी ठंड जरूरी है। पश्चिमी विक्षोभ नहीं बना तो फरवरी माह में भी ऐसे ही हालात देखने को मिलेंगे। मौसम कार्यालय पर अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री रहा।

**सामान्य से छह-सात डिग्री अधिक तापमानः** मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि जनवरी में मौसम का गर्म होना ठीक नहीं है। आने वाले दिनों में भी इसका असर मौसम पर साफ दिखाई देगा। मंगलवार को तापमान सामान्य से छह से सात डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। अगर आगे भी ऐसे ही मौसम रहा तो आगे और भी परेशानी बढ़ेगी।

**कम हो रही बारिशः** मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि साल दर साल बारिश कम हो रही है। इसका असर सर्दी पर भी दिख रहा है। सर्दी के सीजन में बारिश होना बहुत जरूरी है, लेकिन पिछले करीब एक दशक में बारिश बहुत कम हुई है। वहीं, अक्तूबर और नवंबर में इस बार पराली जलाने के कारण प्रदूषण बढ़ा था। इसके बाद फिर से स्थिति बदली और मौसम पर ज्यादा प्रदूषण का असर नहीं दिखा।

## रजिस्ट्री दफ्तर के रिकॉर्ड रूम में ऐसा फर्जीवाड़ा, जांच कर रही एसआईटी भी उलझ गई...असली मोहरे की तलाश

**आगरा , एजेंसी।** आगरा सदर तहसील स्थित रजिस्ट्री दफ्तर के रिकॉर्ड रूम में हुए फर्जी बैनामा कांड की जांच में जुटी एसआईटी को आठ दिन बाद भी फर्जीवाड़े का ओर-छोर नहीं मिल रहा। तीन एफआईआर दर्ज हैं। सात लोग जेल भेजे जा चुके हैं। फिर भी जांच उलझी हुई है।



रिकॉर्ड रूम में 100 से अधिक बैनामा, वसीयत, एंग्रीमेंट व अन्य दस्तावेजों में हेराफेरी की आशंका है। वर्षों से रिकॉर्ड रूम में दस्तावेजों की अदला-बदली चल रही थी। थाना सदर में 9 नवंबर और 12 दिसंबर को दो मुकदमे दर्ज हुए। तीसरी एफआईआर 21 जनवरी को शाहगंज में दर्ज की गई। तीन दिन से रोज एसआईटी रजिस्ट्री दफ्तर से लेकर तहसील के चक्कर काट रही है। एसआईटी को निबंधन व राजस्व संबंधित भाषा व नियम नहीं पता। जिन्हें सीखने में एसआईटी उलझ रही है। वहीं, दूसरी ओर असली मोहरे भी पहुंच से दूर हैं। जिस प्रशांत शर्मा व अजय सिसौदिया को पुलिस सरगना मान रही है, उनसे रिमांड पर पूछताछ में पुलिस को खेल के असली मोहरे मिल सकते हैं।

## पूर्व वित्त नियंत्रक व पूर्व निदेशक प्रशासन भी भ्रष्टाचार में दोषी

### तत्कालीन कार्यालय अधीक्षक भी फंसे

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के पूर्व कुलपति डॉ. डीआर सिंह के बाद अब दो पूर्व अधिकारियों व कई कर्मचारियों पर भी वित्तीय अनियमिताओं का दाग लगा है। इनके नाम धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। मंडलायुक्त की जांच रिपोर्ट के आधार पर पूर्व वित्त नियंत्रक आरएन सिंह, पूर्व निदेशक प्रशासन व मानीटरिंग डॉ. करम हुसैन के साथ कार्यालय अधीक्षक रामजीत पाल को भी मामले में दोषी माना गया है। दोनों अधिकारी सीएसए से सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

रिपोर्ट के आधार पर शासन ने पूर्व वित्त नियंत्रक आरएन सिंह पर कार्रवाई करने के लिए अपर मुख्य सचिव वित्त को पत्र भेजा है। वहीं, एक पत्र सीएसए कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह को भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि सीएसए के पूर्व कुलपति डॉ. दुनिया राम सिंह को वित्तीय भ्रष्टाचार करने, अवैधानिक प्रकार से राजकीय कोष का प्रयोग करने, धन उगाही कर अपात्र कार्मिकों को अनुचित लाभ देने, उच्च न्यायालय के आदेशों की अवज्ञा करने के साथ कृषि विज्ञान केंद्र के कार्मिकों को नियम विरुद्ध प्रोन्नति लाभ देने में दोषी पाया गया है।

**पत्र मिलने के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरूः** मामले में तत्कालीन निदेशक प्रशासन एवं मानीटरिंग डॉ. करम हुसैन, कार्यालय अधीक्षक रामजीत पाल भी दोषी मिले हैं।

इन दोनों के साथ पूर्व कुलपति के कार्यकाल में अनुचित लाभ लेने वाले कर्मियों को भी दोषी मानकर कार्रवाई की जाए। शासन का पत्र मिलने के बाद कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।




**रिकवरी करने के साथ दर्ज हो सकती रिपोर्टः** मामले में संबंधित कर्मचारियों से रिकवरी होने के साथ ही उनके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा सकती है। इस संबंध में सीएसए के कुलपति डॉ. आनंद कुमार का कहना है कि पूरे मामले में विशेषज्ञों से विधिक राय ली जा रही है। हालांकि अभी इसमें और भी नाम सामने आ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रिपोर्ट- कुछ अमेरिकी सामानों पर टैरिफ घटा सकता है भारत, बजट में ऐलान संभव

**नई दिल्ली**। भारत, अमेरिका से आयात करने वाले कुछ महंगे सामानों के टैरिफ में कटौती कर सकता है। NDTV की रिपोर्ट के मुताबिक 1 फरवरी को निर्मला सीतारमण बजट पेश करने के दौरान इसकी घोषणा कर सकती हैं। स्टील, महंगी मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक सामान इस लिस्ट में हैं, जिनके टैरिफ में कटौती हो सकती है। भारत अमेरिका से 20 ऐसे सामान इंपोर्ट करता है जिन पर 100% से ज्यादा टैरिफ लगता है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर हाई टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। अमेरिका भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 118 अरब डॉलर से ज्यादा रहा था। इसमें भारत का ट्रेड सरप्लस 41 अरब डॉलर रहा था। टैरिफ दूसरे देशों से एक्सपोर्ट किए गए प्रोडक्ट्स पर लगाए जाने वाला टैक्स है। इसे घटा-बढ़ाकर ही देश आपस में व्यापार को कंट्रोल करते हैं। प्रोडक्ट्स इम्पोर्ट करने वाला देश टैरिफ इसलिए लगाता है, ताकि बाहर से आए सामान के मुकाबले देश में बने सामान की कीमत कम रह सके। तय टैक्स से ज्यादा टैरिफ ना लगाया जा सके, इसके लिए सभी देश विश्व व्यापार संगठन के साथ बातचीत कर एक बाउंड रेट तय करते हैं।



### अमेरिका का F 35 लड़ाकू विमान अलास्का में क्रैश, लैंडिंग के दौरान हादसा

**अलास्का**। अमेरिका का एक एडवांस लड़ाकू विमान F35 मंगलवार को अलास्का में क्रैश हो गया है। विमान के पायलट ने पैराशूट की मदद से जान बचाई। हादसा अलास्का के एयेल्सन एयर फोर्स बेस पर प्रशिक्षण दौरान हुआ। हादसा भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 3 बजकर 19 मिनट (स्थानीय समयानुसार मंगलवार दोपहर 12 बजकर 49 मिनट) हुआ। एयरफोर्स की 354वीं फाइटर विंग के कमांडर कर्नल पॉल टाउनसेंड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पायलट को उड़ान के दौरान विमान में गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था। इसकी वजह से लैंडिंग के दौरान विमान हादसा हुआ। हादसे के बाद पायलट सुरक्षित है। ये एक सिंगट सीटर लड़ाकू विमान था, जिसमें सिर्फ एक पायलट सवार था। F-35 लड़ाकू विमान 5वीं पीढ़ी का विमान है। इसका निर्माण लॉकहेड मार्टिन ने किया है। इस प्लेन को 2006 से बनाना शुरू किया गया था। 2015 से यह अमेरिकी वायुसेना का एक अहम हिस्सा है।



### सर्बिया के प्रधानमंत्री का इस्तीफा, नवंबर में रेलवे स्टेशन का शेड गिरने से 15 लोग दबकर मरे

**बेलग्रेड**। सर्बिया के प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें हटाने के लिए नवंबर से ही देश में विरोध प्रदर्शन जारी था। दरअसल सर्बिया के दूसरे सबसे बड़े शहर नोवी सैड में 1 नवंबर को रेलवे स्टेशन की छत का एक हिस्सा गिर गया था। इसमें पंद्रह लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद देश में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। सड़कों पर हजारों लोग उतर आए और इस घटना की जवाबदेही की मांग करने लगे। लोगों का आरोप था कि निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार की वजह से छज्जा गिरने की घटना हुई। परिवहन मंत्री के इस्तीफे के बाद भी नहीं थमा लोगों का गुस्सा नोवी सैड की घटना में 13 लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। इसमें पूर्व परिवहन मंत्री गोरन वेसिक का नाम भी था। हालांकि घटना के कुछ ही दिन बाद उन्होंने भई पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन प्रदर्शनकारियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। इस विरोध प्रदर्शन में बड़े पैमाने पर छात्र शामिल थे। वे देशभर में हर दिन दोपहर 11 बजकर 52 मिनट पर गाड़ियों का आना-जाना 15 मिनट के लिए रोक देते थे। ये वही वक्त था जब रेलवे स्टेशन पर छज्जा गिरने का हादसा हुआ था। इसके अलावा देश में यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाई ठप हो गई थी।




### सैफ हमला केस-आरोपी शरीफुल 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में

**नई दिल्ली**। सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम की पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद बुधवार (29 जनवरी) को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि आरोपी ने वारदात से पहले जगह की रेकी की थी और पूरी तरह से तैयारी की थी। आरोपी के कुछ और साथी हो सकते हैं, जिसकी इन्वेस्टिगेशन जारी है। साथ ही, शरीफुल के रिश्तेदारों को पैसे भेजने के मामले की भी जांच चल रही है। इधर, मंगलवार को मुंबई पुलिस ने सैफ अली खान पर हमले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस परमजीत सिंह दाहिया ने बताया, 'हमने इस मामले में शरीफुल इस्लाम को पकड़ा है, वही सही आरोपी है।' उन्होंने बताया कि इस आरोपी के खिलाफ हमारे पास कई पुख्ता सबूत हैं। दाहिया ने यह भी कहा कि कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि सैफ के घर से जो फिंगरप्रिंट्स मिले हैं, वह शरीफुल के फिंगरप्रिंट्स से मैच नहीं करते। हम फिंगरप्रिंट्स की जांच कर रहे हैं, अब तक हम किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं। 16 जनवरी की रात 2 बजे सैफ अली खान के घर में हमला किया गया था। उन्हें हाथ, रीढ़ की हड्डी और पीठ पर चोटें आई थीं। मुंबई के लीलावती अस्पताल में 5 दिन इलाज हुआ था।



### MP-राजस्थान सहित 3 राज्यों में ठंड कम, बिहार में कोहरा, हरियाणा में धुंध, 3 राज्यों में बर्फबारी हो सकती है

**नई दिल्ली**। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ठंड का असर कम हो गया है। यहां दिन का तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया है। उधर बिहार में कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। हरियाणा में करनाल-पानीपत में विजिबिलिटी 20 मीटर तक रह गई। उधर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में बुधवार को बारिश या बर्फबारी हो सकती है। कश्मीर इस बार असामान्य मौसम पैटर्न से गुजर रहा है। बीते दिन पिछले 24 घंटे के दौरान कश्मीर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। इस दौरान श्रीनगर का न्यूनतम तापमान माइनस 4.3 डिग्री रहा, जो अनुमान से 3.4 डिग्री कम था। वहीं, अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री था जो इस मौसम के हिसाब से 6.4 डिग्री ज्यादा था। वहीं, दिल्ली में अगले कुछ दिन तक आसमान साफ रहेगा। साथ ही उत्तर-पश्चिमी हवाओं की वजह से कुछ दिन तापमान बढ़ने की संभावना है। हालांकि बुधवार शाम हल्के बादल रहने के आसार हैं। शहर का अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

# अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद रोकी, कई ऊर्जा योजनाएं ठप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी मदद पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही पाकिस्तान को दी जा रही सहायता के पुनर्मूल्यांकन का भी आदेश है। जियो न्यूज के मुताबिक इस फैसले की वजह से पाकिस्तान में यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी (USAID) की कई जरूरी योजनाएं पूरी तरह रुक गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले से पाकिस्तान में एनर्जी सेक्टर से जुड़ी 5 योजनाएं ठप हो गई हैं। इसके अलावा हेल्थ, एग्रीकल्चर, फूड सिक्योरिटी, बाढ़, जलवायु और शिक्षा से जुड़ी कई परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। आशंका है कि इनमें से कुछ प्रोग्राम हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे या उनमें काफी कमी कर दी जाएगी। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने शुक्रवार से इजराइल, मिस्र और फूड प्रोग्राम को छोड़कर विदेशी देशों को मिलने वाली सभी मदद पर रोक लगा दी है। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय के इस आदेश में गरीब देशों को मिलने वाली स्वास्थ मदद पर भी रोक लगा दी गई।

**हेल्थ-एजुकेशन प्रोग्राम बंद होने का खतरा**



**USAID कैसे काम करती है?:** अमेरिकी की यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी पूरी दुनिया में डेवलपमेंट कार्यों के लिए मदद देती है। इस मकसद लोकतंत्र को बढ़ावा देना और गरीबी कम करना है।

**2023 में USAID ने दी 45 अरब डॉलर की विदेशी सहायता:** 2023 में USAID ने 158 देशों को लगभग 3.89 लाख करोड़ रुपए (45 अरब डॉलर) की विदेशी सहायता दी थी। हालांकि ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद विदेश नीति की समीक्षा करने तक 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता पर रोक लगा दी गई है। अमेरिका सरकार के इस आदेश के बाद दुनियाभर में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास, रोजगार जुड़े कई प्रोजेक्ट्स के बंद होने का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, अमेरिका इन सभी विदेशी प्रोजेक्ट्स के लिए सबसे ज्यादा फंड्स मुहैया कराता है।

# ट्रम्प की प्रेस ब्रीफिंग में आएंगे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स

**एजेंसी, वॉशिंगटन**




**व्हाइट हाउस कंटेट क्रिएटर्स को सीट देगा, सेक्रेटरी बोलीं- 2025 का व्हाइट हाउस बना रहे**

अमेरिकी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति की प्रेस ब्रीफिंग में अब सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और पॉडकास्टर्स भी शामिल होंगे। इन्हें प्रेस ब्रीफिंग रूम में जगह भी दी जाएगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट ने इसकी जानकारी दी है। फैसले का मकसद का व्हाइट आउस में न्यू मीडिया आउटलेट्स को प्रेस ब्रीफिंग में जगह देना है। लीविट ने मंगलवार को अपनी पहली प्रेस ब्रीफिंग में कहा, लाखों अमेरिकी, खासकर युवा, पारंपरिक टेलीविजन और समाचार पत्रों से हटकर पॉडकास्ट, ब्लॉग, सोशल मीडिया और अन्य स्वतंत्र प्लेटफार्मों के जरिए समाचार प्राप्त कर रहे हैं। लीविट ने कहा कि हम राष्ट्रपति के मैसेज को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं और व्हाइट हाउस को 2025 की मीडिया के हिसाब से बनाना चाहते हैं।

**इन्फ्लुएंसर्स के रजिस्ट्रेशन के लिए वेबासाइट लॉन्च:** व्हाइट हाउस ने स्वतंत्र पत्रकारों, पॉडकास्टर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स को रजिस्ट्रेशन के लिए कहा है। इसके लिए whitehouse.gov/newmedia वेबसाइट भी तैयार की गई है। यहां से प्रेस ब्रीफिंग के लिए क्रेडेंशियल के लिए आवेदन किया जा सकता है.

रजिस्ट्रेशन करने वाले लोगों की जांच लीविट की टीम करेगी। चुने गए लोगों की सीक्रटे सर्विस सुरक्षा जांच करेगी। इसके बाद उन्हें प्रेस क्रेडेंशियल दिए जाएंगे। प्रेस ब्रीफिंग रूम में प्रेस सेक्रेटरी के स्टॉफ वाली सीट को अब न्यू मीडिया सीट के तौर पर जाना जाएगा।

## कोलकाता रेप-मर्डर, पेरेंट्स ने दोबारा जांच की याचिका वापस ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर मामले की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई से पहले विक्टिम के माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका वापस ले ली। 20 जनवरी को उन्होंने कहा था वे CBI जांच से संतुष्ट नहीं हैं और नए सिरे से जांच चाहते हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उनके वकील से पूछा कि कोर्ट इस मामले की सुनवाई करे या नहीं, क्योंकि इस मामले में हाईकोर्ट में भी याचिका दाखिल हुई है।

♦ **सुप्रीम कोर्ट ने कहा- एक कोर्ट सजा सुना चुकी, आप एफिडेविट में बयानों पर सतर्क रहें**

सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स के वकील को ये भी चेतावनी दी कि वे कोर्ट में दाखिल किए गए हलफनामे में दिए गए बयानों को लेकर सतर्क रहें, क्योंकि इस मामले में संजय रॉय को दोषी करार दे दिया गया है। कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति देने के साथ नई याचिका दाखिल करने की अनुमति दी है। 20 जनवरी को सेशंस कोर्ट ने संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था। कोर्ट ने कहा कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है, इसलिए फांसी की सजा नहीं दे सकते।

सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार हाईकोर्ट पहुंची है। सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कहा- संजय रॉय को उम्रकैद नहीं बल्कि फांसी की सजा होनी चाहिए।

# काशी और अयोध्या में 40 लाख श्रद्धालु वाराणसी के 10 प्रमुख घाटों पर स्नान

**एजेंसी, वाराणसी**

मौनी अमावस्या पर वाराणसी और अयोध्या में 40 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। काशी में बुधवार दोपहर तक करीब 30 लाख लोग पहुंच चुके थे। गंगा स्नान के लिए सबसे ज्यादा श्रद्धालु अस्सी घाट, तुलसी घाट, केदारघाटी, दशाश्वमेध, राजघाट पर हैं। सभी घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है। गंगा स्नान के लिए झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश, दक्षिण भारत और अन्य राज्यों से लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। वहीं कैंट रेलवे स्टेशन पर ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु मौजूद हैं। ट्रेनों में चढ़ने के लिए उन्हें जद्दोजहद करनी पड़ रही है। वहीं अयोध्या में 10 लाख श्रद्धालु स्नान करने को पहुंचे हैं। यहां रैपिड एक्शन फोर्स तैनात है।



**स्क्लेटर बंद कर दिए गए, बॉर्डर सील:** वाराणसी से गुजरने वाली अधिकतर ट्रेनों से श्रद्धालु स्टेशन पर उतर गए। इसमें कई लोग ऐसे थे जो प्रयागराज जा रहे थे। गोरखपुर, बलिया और सीवान बिहार से आने वाली ट्रेनें ठसाठस भरी हुईं हैं। ट्रेन के शौचालय तक में लोग बैठे हुए हैं। हालात ऐसे हैं कि परिवार के कुछ सदस्य ट्रेन में घुस गए, लेकिन अन्य सदस्य छूट गए। यहां आरपीएफ, जीआरपी के जवान मुस्तैद हैं। सभी 9 प्लेटफार्म पर लगे स्क्लेटर बंद कर दिए गए हैं। कैंट स्टेशन को खाली कराया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन काशी में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मौजूदा समय में 25-30 लाख श्रद्धालु काशी पहुंचे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 5000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर जाने वाले VIP रूट बंद कर दिए गए हैं। साथ ही, वाराणसी के बॉर्डर को सील कर दिया गया है।

**अयोध्या में हाई अलर्ट, रैपिड एक्शन फोर्स तैनात**

# वक्फ संशोधन विधेयक को JPC की मंजूरी, 16 वोट पक्ष में, 11 का विरोध

**ओवैसी बोले- एक रात में 655 पन्ने पढ़ने को दिए, ये कैसे संभव**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संसद की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) ने बुधवार को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला। वहीं 11 मेंबर्स ने विरोध किया। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा, अब यह रिपोर्ट गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के सामने पेश की जाएगी। उसके आगे की कार्यवाही वह करेंगे। कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई। AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हमें कल रात 655 पन्नों की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट मिली। 655 पन्नों की रिपोर्ट को रातों-रात पढ़ना असंभव है। मैंने असहमति जताई है और संसद में भी इस विधेयक का विरोध करूंगा। 27 जनवरी को वक्फ संशोधन अधिनियम पर JPC की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा की गई थी। भाजपा की अगुवाई में NDA सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। असहमति जताने के लिए शाम 4 बजे तक का समय दिया गया अब तक तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और नदीमुल हक के साथ-साथ DMK सांसद ए राजा, आप नेता संजय सिंह और शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत और असदुद्दीन ओवैसी ने औपचारिक रूप से अपनी असहमति दर्ज करा दी है। बाकी सदस्यों को 29 जनवरी की शाम 4 बजे तक असहमति जताने का समय दिया गया है। कांग्रेस सांसद हुसैन बोले- संशोधन मुस्लिमों को अलग-थलग करने के लिए कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने कहा- कई आपत्तियां और सुझाव दिए गए थे, लेकिन उन्हें रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। सरकार ने उनके अनुसार रिपोर्ट बनाई है। असंवैधानिक संशोधन लाए गए हैं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को नुकसान पहुंचाया गया है। संशोधन अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिम समुदाय को अलग-थलग करने के लिए लाए गए हैं।



### दिल्ली बुराड़ी हादसा- 4 लोग 24 घंटे बाद रेस्क्यू, छत सिलेंडर पर गिरी थी

**नई दिल्ली**। दिल्ली के बुराड़ी इलाके में 27 जनवरी की शाम 4 मंजिला नवनिर्मित इमारत ढह गई थी। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। अब तक 21 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। रेस्क्यू किए गए लोगों में एक ही परिवार के 4 सदस्य दंपती और दो बेटे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग की छत का स्लैब LPG सिलेंडर पर गिरा था। इससे बने गैप में ये चारों फंस गए और मलबे में दबने से बच गए। नॉर्थ दिल्ली डिप्टी कमिश्नर राजा बंठिया ने कहा- दिल्ली पुलिस, फायर बिग्रेड, DDMA और NDRF की टीमें अब भी रेस्क्यू में जुटी हैं। बुधवार रात तक रेस्क्यू जारी रहेगा। मकान मालिक योगेंद्र भाटी और अन्य के खिलाफ पर केस दर्ज किया गया है। मरने वालों में साधना (17), राधिका (7), अनिल गुप्ता (42) और दो मजदूर मोहम्मद सरफराज (22) और मोहम्मद कादिर (40) शामिल हैं। फिलहाल बिल्डिंग हादसे के कारण का पता नहीं चल सका है।

# मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई के प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मंदिर के मैनेजमेंट ने मंदिर में आने वालों के लिए ड्रेस कोड तय किया है। स्कर्ट या रिवीलिंग ड्रेस (खुले कपड़े) पहनकर आने वालों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जाएगी। नया नियम अगले हफ्ते से लागू होगा। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट (SSGTT) ने कहा, 'मंदिर आने वालों को सभ्य और शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने होंगे। ऐसा नहीं करने पर श्रद्धालुओं को प्रभादेवी एरिया में एंट्री की परमिशन नहीं होगी। ट्रस्ट ने कहा कि मंदिर में देशभर से हर रोज हजारों श्रद्धालु आते हैं। कई लोग कपड़ों को लेकर शिकायत करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पूजास्थल में छोटे कपड़े पहनकर आना अपमानजनक है।



**स्कर्ट, कटे-फटे कपड़े और रिवीलिंग ड्रेस पहनकर जाने पर एंट्री नहीं**

**ओडिशा: जगन्नाथ मंदिर में 1 जनवरी 2024 से ड्रेस कोड लागू:** ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 1 जनवरी 2024 से ड्रेस कोड लागू किया गया था। मंदिर परिसर में पान-गुटखा खाने और प्लास्टिक प्रोडक्ट्स यूज करने पर बैन लगा है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (SJTA) के मुताबिक हाफ पैंट, शॉर्ट्स, फटी जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस ड्रेस पहनने वाले भक्तों को मंदिर में एंट्री नहीं है। ऐसा मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए किया गया है।

## बहन की मौत पर भाई बोला- अंतिम संस्कार कर देना

**एजेंसी, करनाल**



करनाल में पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट का दर्दनाक उदाहरण दिखा है। यहां एक 60 साल की महिला की मौत हो गई। पड़ोसियों ने तुरंत उसके सगे भाई को सूचना देने के लिए फोन किया। बहन की मौत की बात सुनकर भाई बोला- अंतिम संस्कार कर देना, मैं नहीं आ सकता। इसके बाद कोई दोबारा कॉल न कर पाए, इसके लिए उसने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। महिला के बेटे का भी कोई पता नहीं लगा। इसके बाद 'अपना आशियाना' संस्था की टीम वहां पहुंची। उन्होंने परिवार के इनकार करने पर खुद अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली। हालांकि महिला की केयरटेकर से उसके भांजे का पता चला। जिसके बाद भांजे ने पंचकूला से आकर अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्य राजकुमार अरोड़ा ने बताया कि करनाल के सेक्टर 6 में रहने वाली नीलम हाउसवाइफ थी। करीब 30 साल पहले उसका पति उसे छोड़कर चला गया। उसका एक बेटा था। इसके अलावा महिला के 2 भाई थे। दोनों भाई दिल्ली में रहते हैं, जबकि बेटा लुधियाना में रहता है। एक महीने पहले महिला अचानक गिर गई। इससे उसका कूल्हा टूट गया। इस वजह से वह अच्छी तरह से चल-फिर नहीं पाती थी।

# योगी आदित्यनाथ के साथ की फोटो दिखाकर 13 लाख ठगे, कहा-केंद्रीय मंत्रियों को जानता हूं

**एजेंसी, रोहतक**

रोहतक जिले में एक महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 13 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। आरोपियों ने पीड़िता को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ फोटो दिखाकर भरोसे में लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव काहनौर निवासी पीड़िता सुरेश देवी ने बताया कि उसके दोनों बेटों ने दिल्ली पुलिस कॉन्स्टेबल का फॉर्म भरा था। इसी गांव के रहने वाले भूपेंद्र, रोहतक निवासी सुनील और राजेंद्र कॉलोनी भिवानी चुंगी रोहतक निवासी दर्शन दुआ उर्फ राजू दुआ ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और 13 लाख रुपए ठग लिए।




**राजु दुआ के घर हुई थी मीटिंग:** पीड़िता सुरेश देवी ने बताया कि बच्चों को नौकरी लगवाने के लिए राजू दुआ के घर 12 नवंबर 2023 को मीटिंग हुई थी, जिसमें सुनील व भुपेंद्र भी मौजूद थे। राजू दुआ व सुनील ने दिल्ली सरकार में मंत्रियों से अच्छी जान पहचान बताते हुए मंत्री कोटे से नौकरी लगवाने का झांसा दिया।

**किस्तों में जमा करवाए रुपए:** पीड़ित सुरेश ने बताया कि आरोपियों की बातों में आकर 15 नवंबर 2023 को 7 लाख रुपए दर्शन दुआ के खाते में जमा करवाए। 20 नवंबर को 2,50,000 रुपए का चेक दिया। 11 दिसंबर को 15,000 रुपए दर्शन दुआ के बेटे के पास ट्रांसफर किए। 4 जनवरी 2024 को 85 हजार रुपए दर्शन की पत्नी अंजु को पेटीएम किए। आरोपियों के कहने पर सुरेश देवी ने 6 बार ट्रांजैक्शन कर 99 हजार रुपए जमा करवाए। इसके बाद 9 अप्रैल 2024 को अंजु के पास 50 हजार रुपए भेजे। फिर 10 अप्रैल को 50 हजार रुपए डाले। आरोपियों ने झांसा देकर कुल 13 लाख रुपए की ठगी की।

**रिजल्ट आया तो नाम गायब, रोहतक की महिला से धोखाधड़ी**

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025



# इंग्लैंड ने भारत को 26 रनों से हराया

**एजेंसी, राजकोट**

सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 26 रनों से हराकर श्रृंखला में वापसी की। हालांकि भारत अब भी पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बना सकी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की सधी शुरुआत की। ओपनर बेन डकेट ने 28 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 2 छक्के शामिल थे। लियाम लिविंगस्टन ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर 43 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर ने 24 रनों का योगदान दिया। इनके अलावा इंग्लैंड का कोई अन्य बल्लेबाज बड़े स्कोर नहीं बना सका। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 171 का स्कोर खड़ा किया। भारतीय गेंदबाजों में वरुण चक्रवर्ती सबसे प्रभावी साबित हुए। उन्होंने 4 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट लिए। यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। हार्दिक पांड्या ने भी 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को 1-1 सफलता मिली। जबकि लम्बे समय बाद वापसी करने वाले मोहम्मद शमी का विकेट का खाता खाली रहा।



इंग्लैंड से मिले 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। ओपनर संजू सैमसन सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे ओपनर अभिषेक शर्मा ने 24 रनों की तेज पारी खेली, जिसमें 5 चौके शामिल थे। हालांकि, मध्यक्रम के बल्लेबाज बड़ा योगदान नहीं दे सके। तिलक वर्मा ने 18 रन, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 14 रन बनाए। हार्दिक पांड्या ने टीम के लिए 40 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। उन्होंने 2 छक्के और 1 चौका लगाया। अक्षर पटेल ने 15 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज कोई प्रभाव नहीं डाल सके। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाजों को बांधे रखा। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर और आदिल राशिद ने बेहतरीन गेंदबाजी की। आर्चर ने 3 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि राशिद ने 4 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट झटके। क्रिस वोक्स और सैम करन ने भी 1-1 विकेट लिया।

## जसप्रीत बुमराह ने जीता आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आईसीसी पुरस्कार 2024 की घोषणा करते हुए भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से नवाजा है। करीब 6 साल बाद किसी भारतीय क्रिकेटर को आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। वर्ष 2018 में विराट कोहली को यह सम्मान मिला था। टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के अवार्ड के लिए जसप्रीत बुमराह के साथ इंग्लैंड के जो रूट एवं हैरी ब्रूक और श्रीलंका का कामेंदू मेंडिस के बीच कंपटिशन था। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें बाकी खिलाड़ियों से आगे कर दिया।

साल 2024 में बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 71 विकेट चटकाए। इतना ही नहीं, इस दौरान भारतीय तेज गेंदबाज का औसत 15 से भी कम रहा। उनके इस आंकड़े ने उन्हें



विश्व के किसी भी बल्लेबाज के लिए खतरा साबित किया है। वैसे सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में बुमराह के बाद इंग्लैंड के गस अटकिंसन का नाम आता है, जिन्होंने 52 विकेट लिए हैं।

किसी भारतीय को आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने के मामले में बुमराह चौथे स्थान पर आते हैं। उनसे पहले, कोहली (2018), आर. अश्विन (2016) और राहुल द्रविड़ (2004) इस विशिष्ट सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार को जीत चुके हैं। पुरस्कार की घोषणा के बाद जसप्रीत बुमराह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, "मैं सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार प्राप्त करने के लिए वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं, और यह मान्यता मेरे लिए बहुत मायने रखती है।मैं इस सराहना के लिए क्रिकेट जगत का आभारी हूं, जिसे मैं भारत, अपने परिवार और अपने साथियों के साथ साझा करता हूं। मेरा ध्यान टीम में योगदान देने और हमारे सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास पर रहता है।"

## एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित, सलीमा टेटे बनीं कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें भारत इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी के खिलाफ मुकाबला करेगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ करेगी।

टीम की कमान मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। टीम चयन पर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, "यह टीम अनुभव और युवा प्रतिभा का अच्छा मिश्रण है, जो टूर्नामेंट में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का सामना करने में मदद करेगा। महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले कुछ युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हमें भरोसा है कि टीम दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करेगी।"

**भारतीय महिला हॉकी टीम**: **गोलकीपरः** सविता, बिचू देवी खारिबाम।

**डिफेंडरः** सुशीला चानू पुखरंबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री।

**मिडफील्डरः** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी, बलजीत कौर, शर्मिला देवी।

**फॉरवर्डः** नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुताजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया।

**स्टैंडबाय खिलाड़ीः**

**गोलकीपरः** बनवारी सोलंकी, **डिफेंडरः** अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति सिंह **फॉरवर्डः** साक्षी राणा, अन्नू, सोनम एफआईएच नियमों के अनुसार, अगर कोई टीम टूर्नामेंट के दौरान चार से अधिक मैच खेलती है, तो वह पहले चार मैचों के बाद अपनी टीम में बदलाव कर सकती है।



## आईसीसी में बड़ा बदलावः मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने छोड़ा पद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में चल रहे उथल-पुथल के बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की और कहा कि नए सीईओ की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। आईसीसी में पिछले साल नवंबर से ही प्रशासनिक बदलाव का दौर चल रहा था, जब दो शीर्ष अधिकारियों को हटाया गया था। एलार्डिस का इस्तीफा इसी कड़ी में एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल हुए ट्वेंटी-20 विश्व कप में गड़बड़ियों के कारण प्रशासन पर सवाल उठे थे। वहीं, आगामी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में भी कई अड़चनें आई हैं, जिससे जवाबदेही के मुद्दे उठाए जा रहे हैं। आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि एलार्डिस ने पद छोड़ने का निर्णय स्वयं लिया है। हालांकि, हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी



की तैयारियों में उनकी भूमिका की जांच हो रही थी। भारतीय टीम की संभावित गैर-भागीदारी का मुद्दा लंबे समय तक अनसुलझा रहा, जिससे टूर्नामेंट की योजनाओं पर असर पड़ा। इसके अलावा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शेड्यूल जारी करने में देरी सहित कई मुद्दों को लेकर आईसीसी को पत्र लिखा था। ब्रॉडकास्टिंग पार्टनर स्टार स्पोर्ट्स ने भी टूर्नामेंट के शेड्यूल में लगातार देरी पर आपत्ति जताई थी और आईसीसी को उसके अनुबंधीय दायित्वों की याद दिलाई थी। ऑस्ट्रेलियाई मूल के ज्योफ एलार्डिस 2012 में आईसीसी से जुड़े थे और क्रिकेट के महाप्रबंधक के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे। नवंबर 2021 में उन्हें सीईओ नियुक्त किया गया था। हालांकि, उनके नेतृत्व को अपेक्षाकृत कमजोर माना गया और हाल के विवादों के बाद उनके इस्तीफे की अटकलें तेज हो गई थीं। आईसीसी के नए अध्यक्ष जय शाह ने एलार्डिस के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा, "आईसीसी बोर्ड की ओर से, मैं ज्योफ को उनके नेतृत्व और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। उनके प्रयासों ने वैश्विक स्तर पर क्रिकेट को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हैं।" एलार्डिस ने अपने इस्तीफे पर कहा, "आईसीसी के सीईओ के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

## अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में उपविजेता रहे मुरादाबाद के यशपाल अरोड़ा

**एजेंसी, मुरादाबाद**

मुरादाबाद निवासी टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता की डबल्स श्रेणी में उपविजेता का खिताब हासिल किया। 18 जनवरी से 28 जनवरी हरियाणा के झज्जर जिले में (एमटी-400) टेनिस टूर्नामेंट-2025 का आयोजन हुआ था।

मुरादाबाद लौटे टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा ने बुधवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में उन्होंने 60 प्लस से अधिक आयु वर्ग में सिंगल एवं डबल्स श्रेणी में भाग लिया। सिंगल्स में चंडीगढ के एसएन वशिष्ठ खिलाड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में उन्हें नंबर एक खिलाड़ी चंद्र भूषण से शानदार मुकाबले में 1-6 और 4-6 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा। वहीं डबल्स में उन्होंने लकपा शेरपा (दार्जलिंग) के साथ जोड़ी बनाई। क्वार्टर फाइनल में शंकर देव मिश्रा और शिबू मैथ्यूज की जोड़ी को 6- 3 और 6-2 के स्कोर से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद यह जोड़ी फाइनल में पहुंची। फाइनल में मुकाबला शरद टाक एवं अरुण की जोड़ी से हुआ और 3-6 और 3-6 के स्कोर से यशपाल व शेरपा को हार मिली। उन्हें उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। यशपाल ने बताया कि अगला टूर्नामेंट 29 जनवरी से मुंबई में आयोजित हो रहा है। इसमें भी वह प्रतिभाग करेंगे।



## विश्वा फर्नांडो ने अल्पकालिक चैम्पियनशिप सौदे पर वारविकशायर के साथ किया करार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो ने इस सत्र में काउंटी चैम्पियनशिप अभियान की शुरुआत के लिए वारविकशायर के साथ करार किया है। फर्नांडो ने 79 टेस्ट विकेट लिए हैं, जिसमें दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में अपने आखिरी मैच में चार विकेट शामिल हैं, और वे अप्रैल में वारविकशायर के डिवीजन वन खेलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने पिछली गर्मियों में यॉर्कशायर के साथ तीन मैचों की पारी में प्रभावित किया था, जिसमें डर्बीशायर के खिलाफ मैच में नौ विकेट सहित 17 विकेट लिए थे, और श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के टेस्ट मैचों में भी शामिल रहे, जिसमें तीसरे टेस्ट में किआ ओवल में उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका भी शामिल



है। वह 4 अप्रैल से शुरू होने वाले ससेक्स के खिलाफ़ अपने सीज़न के पहले मैच में वारविकशायर के लिए पदार्पण कर सकते हैं, और एक अन्य पूर्व क्लब, डरहम के खिलाफ खेलने के लिए भी उपलब्ध होंगे, और 18 अप्रैल से नॉटिंघमशायर के खिलाफ़ वारविकशायर के घरेलू मैच में भी खेलेंगे। फर्नांडो ने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, "मैं सीज़न के शुरुआती चरणों के लिए वारविकशायर में शामिल होने के लिए रोमांचित हूँ। पिछले दो वर्षों में काउंटी क्रिकेट खेलना मेरे लिए बेहद आनंददायक रहा है। काउंटी में कुछ बहुत अच्छे क्रिकेटर हैं और मैं एलेक्स डेविस, एड बर्नार्ड और सभी लड़कों के साथ खेलने के लिए उत्सुक हूँ। जब मैं किसी भी टीम के लिए मैदान पर उतरता हूँ तो मैं हमेशा अपना 100 प्रतिशत देता हूँ और वफादार बियर्स प्रशंसक हर दिन मेरा दिल और आत्मा से स्वागत करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे यह अवसर देने के लिए मैं क्रिकेट श्रीलंका का आभारी हूँ और मेरी क्षमता पर विश्वास करने के लिए मार्क रॉबिन्सन का आभारी हूँ।" फर्नांडो के हस्ताक्षर इस बात की पुष्टि के बाद हुए हैं कि पाकिस्तान के हसन अली लगातार तीसरे साल एजबेस्टन में वापसी करेंगे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर, न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान टॉम लैथम और पूर्व मिडिलसेक्स पेसर एथन बैम्बर भी सर्दियों में शामिल हुए हैं।

## नेमार और अल-हिलाल क्लब के बीच करार टूटा

**एजेंसी, रियो दि जिनेरियो**

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार का सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल से करार टूट गया है। क्लब का कहना है कि स्ट्राइकर नेमार के साथ ये करार आपसी सहमति से समाप्त किया गया है। विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले नेमार ने क्लब की ओर से केवल सात मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया। पैर की चोट के कारण अक्टूबर 2023 से खेल से बाहर रहने के बाद नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार



समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा।

क्लब ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है। नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) की राशि लेकर शामिल हुए। यह उन कई करार में से एक था जिसने अरब फुटबॉल को अचानक ही दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में पहचान दे दी।

## हरियाणा के खिलाफ मैच में खेलते नजर आयेंगे राहुल

**एजेंसी, बेंगलुरू**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी विकेट बल्लेबाज लोकेश राहुल अब 30 जनवरी से कर्नाटक की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आयेंगे। राहुल को कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम लीग मैच के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। ये मैच हरियाणा से होगा। राहुल ऑस्ट्रेलिया दौरे में लगी कोहनी की चोट से उबर गये हैं और उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने भी इस मैच में खेलने की अनुमति दे दी है। राहुल ने अंतिम बार साल 2020 में कोलकाता में बंगाल के खिलाफ खेलने



रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। राहुल पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में शामिल नहीं थे। इस मैच को कर्नाटक ने एक पारी और 207 रन से जीता था। कर्नाटक की टीम की कप्तानी सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल कर रहे हैं। टीम मे तेज गेंदबाज के तौरपर विद्वथ कावेरप्पा को शामिल किया गया है।

## रोहित और कोहली के साथ काम करने को उत्साहित हैं बल्लेबाजी कोच सितांशु

**एजेंसी, राजकोट**

भारतीय क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि वह आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ओर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। सितांशु ने कहा कि कहा कि इनको लेकर उनके दिमाग में एक योजना भी है जिसके लिए दोनो से ही वह बात करेंगे। सितांशु ने इससे पहले भी एनसीए और भारत ए स्तर पर बल्लेबाज कोच की जिम्मेदारी निभाई है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के खिराब प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम की बल्लेबाजी को बेहरत बनाने की जिम्मेदारी मिली है। रोहित और कोहली 6 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज के



लिए टीम से जुड़ेंगे। सितांशु ने कहा कि रोहित और विराट बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं पर इस टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। मेरा काम यह समझने की कोशिश करने के बारे में कि खिलाड़ी अपने खेल की योजना कैसे बना रहे हैं, उनकी सोच क्या है और हम किस तरह से उनके खेल में कुछ जोड़ सकते हैं। मैं इसी तरह सोचता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अगर किसी खिलाड़ी के खेल में दो या पांच फीसदी भी जोड़ सका तो यह बड़ी बात होगी। उन्होंने जितना क्रिकेट खेला है और जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा। मुझे भी उनसे काफी कुछ सीखने को मिलेगा। सितांशु ने कहा कि आने वाले समय में वह विराट और रोहित से बात करेंगे। साथ ही कहा कि यह खेल इसी तरह चलता है, आपको दूसरों के विचारों को सुनने और सीखने के लिए तैयार रहना होगा। साथ ही कहा कि वे अगर मुझ से कुछ पूछना चाहते हैं तो मेरे दिमाग में कुछ बाते हैं जो में कहूंगा पर इसके लिए सही समय होना चाहिये। उन्हें यह महसूस करना चाहिये कि वे इसके लिए तैयार है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025





# क्या होता है डोपामाइन डिटॉक्स

## क्या आप अपनी आदतों को सुधार सकते हैं

**आज के समय में सोशल मीडिया, गेमिंग, शौपिंग जैसी एक्टिविटी से लोग बहुत एडिक्टिव हैं क्योंकि इन एक्टिविटी को करने के बाद आपके दिमाग में हैप्पी हार्मोन रिलीज़ होते हैं। इन हार्मोन के रिलीज़ होने के कारण आपको बार-बार ये एक्टिविटी करने का मन करता है। इन हार्मोन में सबसे मुख्य डोपामाइन हार्मोन है जो आपको अच्छा महसूस करवाता है। पर आज के समय में लोग इस बात से सतर्क हो चुके हैं और अब डोपामाइन डिटॉक्स का ट्रेंड चल रहा है।**

### डोपामाइन डिटॉक्स क्या होता है

जैसे की आप अपनी बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए व्रत रखते हैं वैसे ही आपके दिमाग को डिटॉक्स करने के लिए डोपामाइन से व्रत रखा जाता है। इसका मतलब है कि आप ऐसी कोई भी एडिक्टिव एक्टिविटी न करें जिससे आपका डोपामाइन रिलीज़ हो। इसकी मदद से आप अपनी आदतों को सुधार सकते हैं या अपने लाइफस्टाइल को बदल सकते हैं। इन एक्टिविटी में मीठा न खाना, शौपिंग, गेमिंग, सोशल मीडिया, ड्रग्स या स्ट्रीट फूड न खाने जैसी चीज़ें शामिल हैं। इन सभी एक्टिविटी के कारण आपको अच्छा लगता है लेकिन आपकी हेल्थ, लाइफस्टाइल और फाइनेंस पर प्रभाव पड़ता है। हालांकि डोपामाइन डिटॉक्स कोई साइंटिफिक रिसर्च नहीं है ये टर्म केवल इंटरनेट पर ही प्रचलित है। डोपामाइन डिटॉक्स की मदद से आप सिर्फ अपनी आदतों को सुधार सकते हैं लेकिन दिमाग में बनने वाले केमिकल या हार्मोन डोपामाइन को रोक नहीं सकते हैं। पर इसकी मदद से आप अपनी खुशी के लिए किसी आदत पर निर्भर नहीं होंगे।

### कैसे काम करता है डोपामाइन डिटॉक्स

डोपामाइन डिटॉक्स के दौरान, एक व्यक्ति एक निर्धारित अवधि के लिए डोपामाइन ट्रिगर से बचता है वो एक घंटे से लेकर कई दिनों तक हो सकता है। उद्धरण के रूप में अगर आपको मीठा खाना अच्छा लगता है और आपको इससे खुशी मिलती है तो डोपामाइन डिटॉक्स के ज़रिए आप पुरे 1 दिन या कई दिनों तक मीठा खाना छोड़ देंगे। ऐसा करने से आपको किसी भी चीज़ का एडिक्शन कम होगा और आप उस आदत को कंट्रोल कर सकते हैं। रिसर्च के अनुसार हमारे दिमाग में नैचुरली दोपमिनें प्रोड्यूस होता है तो इसको रोकना असंभव है। साथ ही ये आपके लिए ज़रूरी भी है इसलिए आप इसे पूरी तरह से नहीं रोक सकते। उद्धरण के लिए अगर आपने मीठा खाना बंद किया है तो आप किसी और चीज़ को खाना शुरू करेंगे या शुगर फ्री खाने को प्राथमिकता देंगे। लेकिन आप पूरी तरह से उस चीज़ पर कंट्रोल नहीं कर सकते हैं। साथ ही डोपामाइन आपके शरीर के लिए ज़रूरी है इसलिए इस पर पूरी तरह से कंट्रोल करने से आपके दिमाग पर प्रभाव पड़ेगा।



# बदल कर खाना चाहिए रिफाइंड तेल, अधिक मिलता है न्यूट्रिशन

**हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि खाने में अलग-अलग तेलों का उपयोग करने से शरीर में फैट और एंटीऑक्सीडेंट का बेहतर सन्तुलन होता है। दरअसल हर तेल में कुछ गुण और कुछ कमियाँ होती हैं। इन्हें बदलते रहने से कमियों को दूर कर गुणों को बढ़ाया जा सकता है। तेल भारतीय भोजन का जरूरी हिस्सा है, लेकिन सेहत की जब भी बात होती है तो तेल की मात्रा और उसके प्रकारों को लेकर चर्चा जरूर होती है। इसका कारण यह है कि मोटापा, कोलेस्ट्राल, हृदय रोग जैसी बीमारियों के लिए तेल को सबसे ज्यादा जिम्मेदार माना जाता है। इ बीमारियों के अतिरिक्त भी तेल को शरीर की कई अन्य बीमारियों का कारण माना जाता है। सवाल यह उठता है कि आखिर कौन सा तेल खाना चाहिए। कौन सा तेल सेहत के लिए फायदेमन्द है और कौन सा खराब है। इसकी सही मात्रा और तरीका क्या है।**

### भोजन में तेल की आवश्यकता क्या है

भोजन में तेल की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह शरीर की ऊर्जा के लिए जरूरी फैट उपलब्ध कराता है। तेल में फैट की मात्रा काफी होती है। इसमें कई फैट जैसे सैचुरेटेड फैट, मोनोअनसैचुरेटेड फैट और पॉली अनसैचुरेटेड फैटी एसिड शामिल होते हैं। इसके अलावा खाद्य तेलों में कई एंटीऑक्सीडेंट जैसे टोकॉफेरोल्स, ओरीजानोल, कैरोटेनॉइड्स, टोकोट्रिनोल, फाइटोस्टेरोल और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी शामिल होते हैं। तेल में पाए जाने वाले फैट को शरीर ऊर्जा के लिए इस्तेमाल करता है। शेष अन्य मेटाबॉलिज्म को बेहतर करते हैं।

### क्यों नहीं खाना चाहिए भोजन में अधिक तेल

इंसानी शरीर अधिक फैट नहीं पचा सकता। शरीर में फैट जमा होने से बीमारियों का खतरा बढ़ता है। ऐसे में तेल से मिला फैट हमारे शरीर में जमा होने लगता है, जिससे दिल सम्बन्धी बीमारियाँ और ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। दरअसल अनसैचुरेटेड फैट से निकला एसिड सीधे खून में मिलकर उसकी ऊर्जा की जरूरतों को बढ़ाता है जबकि सैचुरेटेड फैट वाले तेल से निकला एसिड सीधे हमारे लिवर में जाकर इकट्ठा होता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है।

### सरसों, नारियल और तिल का तेल बेहतर

भोजन पकाने के लए कौन–सा तेल बेहतर है इस सवाल के जवाब में यह कहा जा सकता है कि भोजन पकाने के लिए सरसों, नारियल और तिल का तेल बेहतर है। वैसे किसी भी प्रकार के तेल को रिफाइन करने के लिए 6 से 7 केमिकल्स का उपयोग किया जाता है। जब इसे डबल रिफाइन किया जाता है तो केमिकल की संख्या 12 से 14 हो जाती है। ये केमिकल बेहद हानिकारक होते हैं। सनफ्लावर, राइस ब्रान, ग्राउंडनट, सोयाबीन, कुछ ऑलिव ऑइल भी रिफांइड होते हैं। सरसों, नारियल, जैतून और तिल का तेल कोल्ड प्रेस तकनीक से निकाले जाते हैं।

### तेल को कितनी आंच में पकाना चाहिए

180 डिग्री से अधिक आंच में पका तेल नुकसानदायक होता है। स्मोकिंग पॉइंट के आधार पर तेलों के दो वर्ग हैं। पहला है–हाई स्मोकिंग पॉइंट यानी जिन्हें 204 डिग्री सेल्सियस तक पका सकते हैं, इनमें एवोकाडो, कैनोला, कॉर्न व मूंगफली का तेल शामिल है। दूसरा है–लो स्मोक पॉइंट, इन्हें 107 डिग्री सेल्सियस तक गर्म कर सकते हैं। इनमें फ्लैक्स सीड्स, पंपिकन सीड्स, वॉलनट्स ऑयल शामिल हैं, लेकिन इनका उपयोग भोजन पकाने के लिए नहीं होता। निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है कि शरीर तेल से मिले फैट को ज्यादा नहीं पचा पाता, यह शरीर में जमता है, मोटापा और रोग बढ़ाता है।



# दूध वाली चाय से ज्यादा शरीर के लिए लाभदायक है ग्रीन टी

**भारत में हर किसी को सुबह उठते ही फटाफट चाय की याद आती है। बस एक कप चाय मिल जाए और सारी नींद गायब हो जाए। अब ऐसे में कुछ लोग दूध वाली चाय पीते हैं तो कुछ लोग ग्रीन टी। कोरोना महामारी के बाद से लोगों के बीच ग्रीन टी ज्यादा प्रचलित हो गई है। हालांकि, ग्रीन टी पीने से वजन तेजी से कम होता है। जो लोग फिटनेस के प्रति जागरूक हैं, वे सुबह-शाम ग्रीन टी पीना पसंद करते हैं। वैसे तो चाय कोई भी हो, उसे पीने से मूड एकदम फ्रेश हो जाता है। कुछ लोगों को चाय पीने से काफी ऊर्जा भी मिलती है। अब कुछ लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि क्या दोनों तरह की चाय एक साथ पी सकते हैं। आज हम अपने पाठकों को इसी के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। साथ ही हम बताएंगे कि इन दोनों चायों को एक साथ पीने से सेहत को क्या नुकसान होता है।**

हाल ही में प्रकाशित हुए एक शोध के मुताबिक, अगर आप इन दोनों चायों को एक साथ पीते हैं तो इससे आपकी सेहत को कोई नुकसान नहीं होता है। यानि आप दूध वाली चाय के बाद ग्रीन टी पी सकते हैं। आप ये दोनों चाय आराम से पियें। लेकिन हर दिन ऐसा करने से आपका पाचन गड़बड़ भी हो सकता है, इसलिए ध्यान रखें कि इनका सेवन थोड़ी देरी से करें।

### दो तरह की चाय एक साथ

आपको बता दें, इन दोनों चाय में पर्याप्त मात्रा में कैफीन होता है। साथ ही दोनों में कैफीन का स्तर भी अलग–अलग होता है। इस कारण दोनों चाय का शरीर पर अलग–अलग प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा अगर आपको लैक्टोज सेवन की समस्या है तो आपको दूध वाली चाय पीने से बचना चाहिए। आप हर्बल टी यानि ग्रीन टी पसंद करते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से देखा जाए तो ग्रीन टी ज्यादा फायदेमंद होती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जिन्हें पीने से मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है। इसलिए आपको दूध वाली चाय से ज्यादा ग्रीन टी का सेवन करना चाहिए।

# कड़वे स्वाद के बावजूद स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है करेला

**करेला खाने में कड़वा लगता है, इसका जूस पीने में जहरीला सा लगता है। लेकिन यह आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। विशेष रूप से करेला डायबिटीज का काल माना जाता है। करेला वैसे काफी लोगों को पसंद नहीं होता लेकिन काफी लोग ऐसे भी हैं, जो करेला खाना बहुत पसंद करते हैं। अगर आप करेले से होने वाले स्वास्थ्य के फायदों के बारे में जानेंगे तो आपको आश्चर्य होगा कि कड़वा होने के बावजूद ये करेला आपकी सेहत को किस तरह से फायदा पहुंचाता है। आज हम अपने पाठकों को करेल का जूस या करेला खाने से होने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं–**

### मुंह के छालों में करेला

कई बार मुंह के छालों के इलाज के लिए लोग उल्टे–सीधे उपाय करते हैं। नतीजन मुंह के छाले सही होने के बजाय बिगड़ जाते हैं। कई बार ये कैंसर का भी रूप ले लेता है। लेकिन आपको घबराने की जरूरत नहीं, बल्कि करेले का इस्तेमाल करें। करेले का रस निकालें उसमें मुलतानी मिट्टी मिलाकर इसका पेस्ट बनाएं और इसे छालों पर लगाएं। अगर मुलतानी मिट्टी नहीं है तो भी करेले के रस को छालों पर रूई से लगा सकते हैं। मुंह के छालों पर लगाकर लार बाहर निकालें। अगर करेले की पत्तियां मौजूद नहीं है तो करेले के छिलके का रस निकालकर आप छालों पर लगाएं। आराम मिलेगा।

### मोटापा कम करे

डायबिटीज के साथ–साथ करेले का जूस मोटापा कम करने में हेल्प करता है। यह इंसुलिन को एक्टिव करता है जिससे बॉडी में बनने वाला शुगर फैट का रूप नहीं ले पाता है। इससे फैट कम करने और कंट्रोल करने में हेल्प

मिलती है। इसके अलावा करेले में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती हैं जिससे कैलोरी कंट्रोल में रहती है और वजन नहीं बढ़ता है। साथ ही इसे पीने से बॉडी अच्छे से डिटॉक्स होती है और इससे वेट कंट्रोल में रहता है। सिमरन सैनी का कहना है कि करेला का जूस पीने से लिवर पित्त एसिड को स्रावित करने के लिए उत्तेजित करता है जो बॉडी में फैट के चयापचय के लिए आवश्यक हैं।

### हार्ट के लिए अच्छा

करेले का जूस ब्लड में बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करके हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को काफी कम कर देता है। यह आयरन और फोलिक एसिड से भरपूर होने के कारण स्ट्रोक के खतरे को कम करने और हार्ट को हेल्दी रखने के लिए जाना जाता है। यह बॉडी के ब्लड प्रेशर को भी बनाए रखता है क्योंकि यह पोटेशियम से भरपूर होता है, जो बॉडी में एक्स्ट्रा सोडियम को अवशोषित करता है।

### पथरी रोगियों के लिए अमृत

पथरी रोगियों को दो करेले का रस पीने और करेले की सब्जी खाने से आराम मिलता है। इससे पथरी गलकर धीरे–धीरे बाहर निकल जाती है। 20 ग्राम करेले के रस में शहद मिलाकर पीने से पथरी गल कर पेशाब के रास्ते निकल जाती है। इसके पत्तों के 50 मिलीलीटर रस में हींग मिलाकर पीने से पेशाब खुलकर आता है।





# सूखे मेवों में अखरोट है ज्यादा फायदेवाला

**खानपान में उन्हीं चीजों को शामिल करें जिनका सबसे ज्यादा फायदा मिलता है। ड्राई फ्रूट अर्थात सूखे मेवे हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इसलिए अक्सर डॉक्टर द्वारा इन्हें खाने की सलाह दी जाती है। आज हम बात करने जा रहे हैं अखरोट की जो एक सुपरफूड हैं और स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है।**

अखरोट में प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फॉस्फोरस, कॉपर, सेलेनियम, ओमेगा–3 फैटी एसिड जैसे कई पोषक तत्व मौजूद रहते हैं। अपने दिन को अच्छे से शुरू करने के लिए आप रोजाना सुबह इसे अपनी डायट में शामिल कर सकते हैं। अगर आप अखरोट को रात भर के लिए भिगो कर अगले दिन खाते हैं तो भी आपको कई बेनिफिट मिलते हैं।

### ब्लड शुगर रहेगा कंट्रोल

अगर आप रोजाना इस जादुई ड्राई फ्रूट का सेवन करते हैं तो आपका ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है।डाइटरी फाइबर्स में रिच होने के कारण अखरोट ब्लड शुगर लेवल को कण्ट्रोल करने के लिए जाना जाता है।बता दें कि फाइबर को टूटने और पचने में ज्यादा समय लगता है,इसलिए ये ब्लड स्ट्रीम में शुगर की स्पीड को इंश्योर करता है।

### मिर्गी से बचाव

अखरोट खाने के फायदे मिर्गी की समस्या को दूर रखने के लिए भी हो सकते हैं। दरअसल, फ्री रेडिकल्स के अधिक उत्पादन से मिर्गी और न्यूरोलॉजिकल जैसे विकारों का जोखिम बढ़ जाता है। इस समस्या को कम करने के लिए एंटीकॉन्वल्सेंट दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। यह दवा मिर्गी के दौरे को कुछ कम कर सकती है।

### नींद की परेशानी होगी दूर

गौरतलब है कि मोबाइल फोन के ज्यादा प्रयोग की आदत और दूसरे कारणों से आजकल बहुत से लोगों को नींद न आने की समस्या का सामना करना पड़ता है और आपको ये जानकर आश्चर्य हो सकता है कि ये ड्राई फ्रूट आपको बिस्तर पर पर्याप्त नींद देने में अच्छा है।नींद की परेशानी को दूर करने के लिए आपको अपने डेली की डाइट में अखरोट को शामिल करना चाहिए। बता दें कि इससे आपकी नींद की समस्या खत्म हो जाएगी।

### बूस्ट होता है मेटाबॉलिज्म

अखरोट आयरन, पोटैशियम, जिंक और कैल्शियम से भरपूर होता है जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है और वजन कम करने में भी मदद करता है। इसी के साथ फाइबर की मात्रा शरीर को भरा रखती है जिससे आपको बार–बार स्नैकिंग से बचने में मदद मिल सकती है। ऐसे में आपना वजन भी कम होता है।

### मस्तिष्क के लिए फायदेमंद

मानव मस्तिषक के आकार का यह फल वाकई आपके मस्तिष्क के लिए बेहद फायदेमंद है। मौजूद ओमेगा 3 मस्तिष्क की समस्याओं को दूर कर तनाव कम करने में भी सहायक है। नियमित रूप से अखरोट को अपनी डाइट में शामिल कर आप मस्तिष्क को स्वास्थ बनाए रख सकते हैं।

### कैंसर का खतरा करे कम

अखरोट का सेवन करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। इससे प्रोस्टेट कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम हो सकता है। अखरोट में पाई जाने वाली पॉलिफेनॉल इलागिटैनिन्स पाया जाता है जो कैंसर से सुरक्षित रखने में आपकी मदद करता है।

### दिल के लिए फायदेमंद

हृदय रोग के खतरे को बहुत हद तक कम करता है। साथ ही याददाश्त के लिए बहुत अच्छा होता है।गौरतलब है कि दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हृदय रोग के कारण होती है। इसीलिए हृदय को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी होता है। अध्ययन में पाया गया है कि अखरोट के सेवन से हृदय रोग का खतरा कम हो सकता है क्योंकि अखरोट का तेल एंडोथेलियल फ़ंक्शन के लिए अधिक अनुकूल होता है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025





# तीसरी शादी करने को तैयार राखी सावंत, पाकिस्तानी दूल्हे संग करेंगी निकाह!

**राखी सावंत हमेशा ही अपने ड्रामा, हरकतों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हाल ही में वह पाकिस्तानी गईं। वहां एक इवेंट में अपने फैंस से मिलीं। राखी सावंत ने बताया है कि वह जल्द ही शादी करने वाली हैं। यह राखी की तीसरी शादी होगी। कौन है उनका होने वाला दूल्हा?**

### डोडी खान से करेंगी शादी

राखी सावंत ने हाल ही में बताया है कि उन्हें कई रिश्ते पाकिस्तान में मिल रहे हैं। वह इनमें से किसी के बारे में सोच सकती हैं। इन्हीं रिश्तों में से एक रिश्ता डोडी खान का भी है। वह राखी को शादी के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर प्रपोज कर चुके हैं।

### भारत में रिस्पेशन करेंगी

राखी सावंत ने यह भी कहा है कि वह शादी करेंगी तो भारत में रिस्पेशन होगा। राखी का कहना है कि पाकिस्तान में उनके काफी फैंस हैं। साथ ही वह यह भी कहती हैं कि पाकिस्तानी और भारत के लोग एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते हैं। वह शादी करेंगी तो पाकिस्तानी में लेकिन रिस्पेशन भारत में होगा।

आगे राखी कहती हैं कि वह तो हनीमून का प्लान बना चुकी हैं। वह शादी के बाद दुबई में सेटल होने की बात करती हैं। वैसे राखी इन दिनों भारत से ज्यादा दुबई में रहती हैं, वहां उनका अपना एक घर भी है। राखी के करियर की बात की जाए तो वह बॉलीवुड में अपने आइटम डांस की वजह से चर्चा में आई थीं, कुछ फिल्मों और वेब सीरीज में भी वह एक्टिंग कर चुकी हैं। वह बिग बॉस रियालिटी शो का भी कई बार हिस्सा बनी हैं।



# कास्टिंग काउच पर बोलीं फातिमा सना शेख

आमिर खान की फिल्म दंगल में अभिनेत्री फातिमा सना शेख बेहतरीन अभिनय के कारण चर्चा में रहीं। एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा ने अपने फिल्म इंडस्ट्री के एक्सपीरियंस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कैसे कास्टिंग डायरेक्टर मुंबई में अभिनेताओं का फायदा उठाते थे और अक्सर उनकी कमाई में से हिस्सा भी मांगते थे।

### कास्टिंग डायरेक्टर को लेकर बोलीं फातिमा

बॉलीवुड बबल पर बातचीत के दौरान, फातिमा ने बताया कि स्टूडियो में ऑडिशन होते थे। जब अभिनेताओं को विज्ञापन के लिए भुगतान मिलता था, तो उन्हें पता चलता था कि उनकी कमाई का एक हिस्सा उसी कास्टिंग डायरेक्टर ने रखा लिया। फातिमा ने आरोप लगाया कि सभी को अपने भुगतान का 15 प्रतिशत उन्हें देना पड़ता था, भले ही आप उन्हें जानते ही न हों।

### नए लोगों का उठाते थे फायदा

फातिमा ने कहा कि बड़े कास्टिंग डायरेक्टर इसमें शामिल नहीं थे, केवल फॉड लोग ही ऐसा करते थे। वहां कई ऐसे लोग थे जो नए अभिनेताओं का फायदा उठाते थे। संघर्ष कर रहे अभिनेता इस बारे में जानते ही नहीं थे, इसलिए वो इन सब चीजों का शिकार भी हो जाते थे।

### फातिमा भी हुई शिकार

फातिमा सना शेख भी इस दौरान कास्टिंग काउच का शिकार हुईं। उन्हें साउथ सिनेमा में कास्टिंग के लिए फोन आते थे। कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें असुरक्षित महसूस करवाते थे। वे पूछते थे, आप सब कुछ करने के लिए तैयार हैं न? मैं कहती थी कि मैं अच्छा काम करूंगी, एक किरदार के लिए जो जरूरी है वो सब मैं करूंगी लेकिन वे कहते थे कि मैं अच्छा काम नहीं कर रही। फातिमा ने बताया कि एक साउथ फिल्म में किए काम के सिलसिले में वे एक बार हैदराबाद में थीं। फातिमा सना शेख ने कहा कि साउथ के प्रड्यूस उनसे इस बारे में घुमा फिरा कर बात करते थे।



# हार्टब्रेक और पार्टनर को लेकर शाहिद कपूर ने की बात

शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने कामकाज के साथ निजी जीवन को लेकर भी बहुत सारी बातें की हैं। उन्होंने प्यार, हार्ट ब्रेक को लेकर भी बात की है। शाहिद ने कहा कि हमें देखना होगा कि प्यार हमारे अंदर की अच्छाई बाहर लाता है या बुराई।

### हार्टब्रेक पर बोले अभिनेता

राज शमानी के एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने हार्टब्रेक पर बात की है। उन्होंने कहा, कई बार जब आपका दिल टूटता है तो आपको लगता है कि आप बिल्कुल भी अच्छे इंसान नहीं हैं। शाहिद कपूर ने कहा, जब आप किसी को बहुत प्यार करते हैं और रिजेक्ट फील करते हैं तो आप उसे पाने के लिए बहुत कोशिश करते हैं।

### प्यार के बारे में ऐसा सोचते हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कहा कि दिल टूटने से मिली सीख बहुत खास होती है। प्यार अपने आप में बहुत स्ट्रांग बॉन्ड है, यह पहचानना जरूरी है कि क्या रिश्ता आपके अंदर की सबसे अच्छी चीज सामने लाता है या सबसे बुरी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आखिरकार, आपको खुद के साथ रहना है।

### प्यार सिखाता है शाहिद कपूर

शाहिद ने इस इंटरव्यू में प्यार पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्यार ने उन्हें सिखाया, केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे व्यक्ति से कुछ नहीं मांगना चाहिए। हमें अपने पार्टनर की चीजों को भी समझना चाहिए।

### देवा में नजर आने वाले हैं शाहिद

बता दें शाहिद कपूर की फिल्मदेवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। इस फिल्म की रिलीज से पहले यह कहा जा रहा है कि फिल्म से लिपलॉक सीन हटाया गया है। यह दावा अरुण दीप नाम के एक शख्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किया है।

# खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं जुनैद खान



जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। वैलेंटाइन वीक पर यह फिल्म रिलीज हो रही है। फिल्म 'लवयापा' जेनरेशन जी से जुड़ी एक लव स्टोरी है। इन दिनों खुशी और जुनैद अपनी इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जुनैद खान ने बताया कि वह खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं। जुनैद बताते हैं कि खुशी समय से पहले हर जगह पहुंच जाती है। अगर कहीं 7 बजे आना है तो वह एक घंटा पहले वहां पहुंच जाती है। जुनैद खान कहते हैं कि मैं भी समय से पांच मिनट पहले पहुंच जाता हूं, मैं भी एक अच्छा बच्चा हूं। लेकिन सब कहते हैं कि देखो खुशी तो कब की सेट पर आ चुकी है। खुशी कपूर ने भी बताया कि जुनैद खान को हर घंटे कॉफी पीने की आदत है। जुनैद बिना कॉफी के रह ही नहीं सकते हैं।



# 33 साल बड़े एक्टर के साथ रोमांस करेंगी मालविका

कई मलयालम और तमिल फिल्मों का हिस्सा रही हैं, उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में भी डेब्यू किया वह जल्द ही प्रभास की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं, जो इस साल रिलीज होने वाली है। मालविका पहली बार अपने से दोगुनी उम्र के अभिनेता के साथ स्क्रीन पर रोमांस करती नजर आएंगी। 123 तेलुगु के मुताबिक मालविका मोहनन अभिनेता मोहनलाल की 'हृदयपूर्वम' में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। मालविका और मोहनलाल की उम्र में 33 साल का फासला है। फिल्म 10 फरवरी को फ्लोर पर आएगी। अभिनेत्री के अलावा संगीता, सिद्दीकी, संगीत प्रताप, निशान, लालू एलेक्स और जनार्दन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# क्या एसएसएमबी29 की शूटिंग को लेकर एसएस राजामौली ने उठाया ये कदम?

'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' जैसी साउथ फिल्मों में देश-दुनिया में फेमस करने वाले डायरेक्टर एसएस राजामौली अब एक और बिग बजट फिल्म 'एसएसएमबी29' ला रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार डायरेक्टर राजामौली ने अपनी इस फिल्म को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

### शूटिंग को रखना चाहते हैं सीक्रेट

हाल ही में एसएस राजामौली ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में लीड रोल में साउथ स्टार महेश बाबू हैं, प्रियंका चोपड़ा भी इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही डायरेक्टर राजमौली इस फिल्म की शूटिंग को भी सीक्रेट रखना चाहते हैं। इससे जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक होने से बचाना चाहते हैं।

### क्या साइन करवाया है कॉन्ट्रैक्ट

अपनी फिल्म की शूटिंग को सीक्रेट रखने के लिए एसएस राजामौली ने एक बड़ा कदम उठाया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने अपने क्रू और एक्टर्स से नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत किसी को भी फिल्म से जुड़ी जानकारी सेट से बाहर नहीं करनी होगी। साथ ही सेट पर अपना फोन भी नहीं लाना होगा। अभी तक इस बात की पुष्टि फिल्म मेकर्स की तरफ से नहीं की गई है। ''एसएसएमबी29' को एक जंगल एडवेंचर फिल्म माना जा रहा है। इस फिल्म का बजट भी 1000 करोड़ रुपये बता जा रहा है। इस फिल्म को देश और विदेश की कई लोकेशन पर शूट किया जाएगा। अफ्रीका के जंगलों में भी इस फिल्म की शूटिंग होगी।





# मैं आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं, किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से भी नहीं देखा

तमन्ना भाटिया ने बॉलिवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज बनाने का काम किया है। वह दोनों ही इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ बड़ी सरलता और सहजता के साथ काम करती जा रही हैं। अदाकारा कहती हैं कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता है लेकिन ऑडियंस आपको कब अपनाएगी ये आपके हाथ में नहीं होता। शायद, इसीलिए वह कहती हैं कि ऐक्टर को अपने काम से ऑडियंस को पटाकर रखना चाहिए। बीते दिनों वह अपने पापा की जन्मस्थली लखनऊ आईं तो हमसे उन्होंने खूब बातें कीं। इस दौरान उन्होंने सफलता के मायने से लेकर दिल की कसक तक का हाल बयां किया।

### ओटीटी में कमाई के नंबरों का दबाव नहीं होता

मुझे लगता है कि हिरोइन सेंट्रिक फिल्में बहुत पहले से बनती आ रही हैं। 2024 की शुरुआत मैंने एक तमिल फिल्म आरनमनई-4 से की थी। उसने 100 करोड़ कमाए। वो थिएटर रिलीज थी और बस तमिल भाषा में ही आई थी। इसमें मेरे साथ राशि खन्ना थीं। मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की वजह से ज्यादा हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बन रही हैं। पहले भी श्रीदेवी, माधुरी, ऐश्वर्या को लेकर हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बनी हैं। श्रीदेवी मैम की जुदाई, इंग्लिश-विंग्लिश, मदर्स तो मुझे बहुत पसंद है। हां, यह जरूर है कि ओटीटी हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका देता है। ऐसी अलग-अलग फिल्में करने दे रहा है, जिनमें कमाई के नंबर्स का कोई दबाव नहीं है। यह प्लैटफॉर्म इस किस्म का दबाव कलाकारों के ऊपर से उतार देता है। ओटीटी में एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं। अलग-अलग कहानियां बता सकते हैं और अलग-अलग व नए लोगों को मौका दे सकते हैं। एक सिनेमा हॉल में मास अपील होनी जरूरी है, नहीं तो वह फिल्म नहीं चलेगी। कई बार फिल्में लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं लेकिन ओटीटी हर कोई अकेले या दोस्तों के साथ देखता है। आपके पास वहां पर विकल्प हैं कि आपको कौन सी फिल्म देखनी है। यह मौका बस आपको ओटीटी ही देता है।

### एक दौर के बाद ऑडियंस नहीं अपनाती है

मुझे लगता है कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता लेकिन ऑडियंस उसे कब अपनाएगी, ये उसके हाथ में नहीं होता है। एक ऐक्टर का धर्म यही है कि वो अपना काम ईमानदारी से करता जाए। यह बड़ा हास्यास्पद है कि आप शायद एक दौर में प्रासंगिक होंगे लेकिन कुछ साल बाद वही ऑडियंस आपको नहीं अपनाएगी। एक कलाकार के तौर पर आपको किसी ना किसी तरह से अपने काम से दर्शकों को पटाकर रखना होगा। लगातार उनको अपना हुनर किसी ना किसी तरह से दिखाना पड़ेगा कि आप क्या क्रांति अपने काम के साथ कर रहे हो।

### यह गलतफहमी है कि सफलता मिलेगी तो सेट हो जाऊंगा

खुशनसीब हूं कि मुझे दर्शकों का बहुत जल्दी प्यार मिल गया था। मुझे वो दिन आज भी याद है, जब मैंने अखबार खोलकर देखा और उसमें मेरे काम की बहुत तारीफ लिखी थी। मैं उसको पढ़कर परेशान हो गई कि अब क्या नया करूंगी। कैसे अपने टैलंट को बढ़ाऊंगी, ताकि जो पैरामीटर सेट किया गया है, वह बरकरार रहे। बहुत से लोगों को गलतफहमी है कि जिस दिन सफलता मिलेगी, उस दिन मैं सेट हो जाऊंगा। दरअसल, ऐक्टर की सफलता इस पर तय होगी कि अब क्या नया करोगे। सेट होने वाली सोच भ्रामक है। आप सफलता के पीछे नहीं भाग सकते। बस आप अपने ऐक्टिंग करियर पर फोकस कर सकते हैं, ताकि सफलता तक पहुंचने का रास्ता तय कर सकें। आप जो कुछ करें, उसमें आपका प्यार नजर आना चाहिए। आप पूरी तरह उसमें डूब जाएं। अब के दौर में सफलता और असफलता कोई परमानेंट रहने वाली चीज नहीं रह गई है।

### आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिली



मैं क्लासिकली ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मन में हमेशा इसकी कसक रहेगी। मैंने तय किया है कि जब-जब फ्री रहूंगी तो थोड़ी-थोड़ी ट्रेनिंग लेती रहूंगी। मुझे लगता है कि क्लासिकल डांस की कई सारी टेक्नीक्स हैं, जो बहुत उपयोगी होती हैं। ये हर तरह से बहुत काम आती हैं। मैं हमेशा ही सेट पर उन टेक्नीक्स को सीखने की कोशिश करती हूं। इसको सीख लेने से आपकी चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। रही बिग बी की बात तो मैं आजतक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं। यहां तक कि किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से नहीं देखा है। मेरी उनसे मिलने की बहुत तमन्ना है।